✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 287 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 17 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना समाहरणालय भवन का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर एनडीए ने दर्ज की जीत

# नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


नीतीश कुमार


नितिन नवीन


उपेंद्र कुशवाहा


रामनाथ ठाकुर


शिवेश राम

**पटना।** बिहार राज्यसभा चुनाव की सभी पांचों सीटों पर काउंटिंग पूरी हो गई है। सभी सीटों पर एनडीए गठबंधन ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक वोट नहीं डालने की वजह से महागठबंधन को झटका लगा है। बंगाल चुनाव से पहले एनडीए ने बिहार में राज्यसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस(एनडीए) के सभी पांच उम्मीदवारों ने बिहार से राज्यसभा की सभी पांच सीटों पर कब्जा कर लिया है। 16 मार्च सोमवार को हुए मतदान में एनडीए ने राजद की दो राज्यसभा सीटों को अपने पाले में कर लिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर और भाजपा के शिवेश राम राज्यसभा चुनाव जीत गए हैं। कांग्रेस और राजद विधायकों के खेला कर देने से महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्रधारी सिंह(एडी सिंह) के हाथ से राज्यसभा की सीट निकल गई। चुनाव में कांग्रेस और राजद के चार विधायकों ने वोट नहीं डाला, जिसने 5वीं सीट पर शिवेश राम का पलड़ा एडी सिंहके मुकाबले भारी कर दिया। तेजस्वी यादव ने अपने कैंडिडेट की जीत के लिए एआईएमआईएम से लेकर बसपा के विधायकों का समर्थन जुटा लिया था, लेकिन महागठबंधन के ही विधायक ही मैनेज नहीं हो पाए। राज्यसभा चुनाव में 239 विधायकों ने वोट डाला। कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया जिसका फायदा एनडीए के पांचवें कैंडिडेट शिवेश को मिला। कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, मनोज विश्वास और राजद के विधायक फैसल रहमान ने वोट नहीं डाला। पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने जीत के परस्पर दावे किए थे लेकिन इस वजह से राजद के एडी सिंह की जीत की संभावना खत्म हो गई थी।

## दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर से मिलेगी जाम से राहत : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मलहोत्रा ने सोमवार को निर्माणाधीन दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना का कार्य अगले वर्ष अगस्त तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने परियोजना के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया और निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी एन.एल. येवतकर सहित अन्य अधिकारियों ने मंत्री को परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य, संरचनात्मक प्रगति, ट्रैफिक प्रबंधन और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि दानापुर-बिहटा-कोइलवर खंड पर विकसित की जा रही यह परियोजना 25.081 किलोमीटर लंबी है। इसमें लगभग 14.4 किलोमीटर एलिवेटेड कॉरिडोर, 2.28 किलोमीटर अतिरिक्त एलिवेटेड सेक्शन तथा शेष हिस्से में एट-ग्रेड सड़क सुधार और चौड़ीकरण का कार्य शामिल है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत करीब 1969.39 करोड़ रुपये है। अब तक 1618 में से 1570 पाइल, 356 पाइल कैप, 353 पियर और 339 पियर कैप का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा एलिवेटेड स्ट्रक्चर के लिए आवश्यक 5745 सेगमेंट में से करीब 2021 सेगमेंट की कास्टिंग तथा 3190 मीटर से अधिक सेगमेंट लांचिंग का काम भी पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान परियोजना से जुड़े पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, प्रबंधक (तकनीकी) तथा निर्माण एजेंसी के मुख्य परियोजना प्रबंधक और परियोजना समन्वयक भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशासन और विकास की हुई जीत : सम्राट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी पांचों उम्मीदवारों की जीत पर खुशी जाहिर की और कहा कि सुशासन और विकास की जीत है। उन्होंने सोमवार को जारी बयान में कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन और न्याय के साथ विकास के नीति की जीत है। उन्होंने एनडीए के सभी विधायकों का आभार जताते हुए कहा कि सभी ने एकजुट होकर उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों ने अपनी पार्टी, एनडीए, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए वोट किया है।

### दारोगा प्रारंभिक का परीक्षा परिणाम घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) ने सोमवार को गृह विभाग (आरक्षी शाखा) में दारोगा के 1799 पदों के लिए आयोजित प्रारंभिक लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। बेवसाइट पर जाकर परिणाम देखा जा सकता है। मुख्य लिखित परीक्षा अप्रैल में आयोजित की जाएगी। 18 एवं 21 जनवरी को हुई परीक्षा में सात लाख 26 हजार 231 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें छह लाख 96 हजार 959 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। 29 हजार 272 अभ्यर्थी कदाचार तथा अन्य कारणों से आयोग्य घोषित किए गए।

### इंटर के छात्र की गोली मारकर हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत बनाही गांव में इंटर के एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान बनाही गांव निवासी राजीव पांडेय के पुत्र सुमित पांडेय (17) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार युवक को देर रात घर से बुलाकर गोली मारी गई है। मृतक के दादा रामाकांत पांडे ने बताया कि इसके पिता गुजरात मे रहते हैं। सुमित कल ही गुजरात के सूरत से लौटा था और रात में उनके बगल में ही सोया हुआ था लेकिन वह कब उठकर बाहर चला गया, इसका उन्हें आभास नहीं हुआ।

### प्रोजेक्ट मैनेजर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के बिहार थाना अंतर्गत लोहगानी मोहल्ले में रहने वाले शख्स ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचानआशीष रंजन के रूप में की गई है, जो मूल रूप से मुजफ्फरपुर के अहियापुर के कोलवा निवासी ओम प्रकाश विश्वकर्मा के पुत्र थे। आशीष रंजन पिछले दो वर्षों से बिहार शरीफ में आनंद ट्रांसफार्मर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बतौर प्रोजेक्ट मैनेजर कार्यरत था और अपने सहकर्मियों के साथ किराए के मकान में रहता था।

## बिहार में बनेंगे सात नए हाइवे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य में सात महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य के 21 जिलों को सीधे तौर पर लाभ मिलने की उम्मीद है। सड़क निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सरकार ने भूमि अधिग्रहण की तैयारी भी शुरू कर दी है। इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भू-अर्जन के लिए सक्षम प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्राधिकरण के माध्यम से पटना समेत 21 जिलों में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राज्य सरकार ने जिलों को इसके गठन और कार्यान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार जिन प्रमुख सड़क परियोजनाओं के लिए काला का गठन किया जा रहा है, उनमें एनएच-119ए पटना-आरा-सासाराम, एनएच-33 मोकामा-मुंगेर, एनएच-139ड साहेबगंज-अरेराज, पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर-सिलीगुड़ी हाईस्पीड कॉरिडोर, रक्सौल-हल्दिया हाईस्पीड कॉरिडोर और एनएच-327ई परसरमा-अररिया सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं को राज्य के परिवहन और आर्थिक विकास के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन सड़क परियोजनाओं के निर्माण से बिहार के कई हिस्सों में आवागमन पहले की तुलना में काफी आसान और तेज हो जाएगा। खासकर उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क बेहतर होगा। इसके साथ ही व्यापार, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

## निर्माण कार्यों को शीघ्र करें पूरा : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकासात्मक कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने समाहरणालय भवन के पांचवे तले पर मीटिंग हाल, उप विकास आयुक्त-जिला परिषद कार्यालय, सदर अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय एवं समाहरणालय के सभी तल का भी मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने पटना के कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनायी जानेवाली सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस सड़क के बन जाने से छठ वर्तियों को पूजा में सहुलियत होगी, मार्निंग वाक करने वाले लोगों को भी इससे सुविधा मिलेगी साथ ही कलेक्टेरियट घाट की भव्यता और बढ़ जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने समाहरणालय परिसर में बनने वाले वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने बाकी बचे हुये कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से समन्वय स्थापित कर इसको जल्द से जल्द पूरा करें। इन कार्यों के पूर्ण होने से मेट्रो से कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने की विस चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राज्यसभा के पांच सीटों के लिए हुए मतदान के दौरान मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह जेल से वोट करने के लिए पहुंचे। विधानसभा में वोट करने के बाद आनंत सिंह ने मीडिया के सामने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। अनंत सिंह ने एकबार विधानसभा में कहा था कि नीतीश कुमार जब मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। अब नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहे हैं तो ऐसे में इस बयान को एकबार फिर अनंत सिंह ने विधानसभा में मीडिया से बातचीत में दोहराया। कहा कि यह मेरा अंतिम चुनाव था। इसके बाद मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। अब बाल-बच्चा चुनाव लड़ेगा। नीतीश कुमार के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, क्या निशांत को मुख्यमंत्री बनाएंगे? इसपर अनंत सिंह ने कहा कि यह नीतीश कुमार तय करेंगे।

## औरंगाबाद में सीएम नीतीश की 'समृद्धि यात्रा' 20 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के चौथे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह यात्रा 17 से 20 मार्च तक राज्य के कई जिलों में आयोजित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर नई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे तथा जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। इस संबंध में बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने आदेश जारी किया है। जारी निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री की यह जिलावार 'समृद्धि यात्रा' चार दिनों तक चलेगी, जिसमें वे कुल आठ जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान जिले की प्रमुख विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया जाएगा और आम लोगों से सीधे संवाद भी किया जाएगा। सरकारी आदेश के अनुसार 17 मार्च मंगलवार को मुख्यमंत्री अपनी यात्रा की शुरुआत भागलपुर जिले से करेंगे। यहां वे पूर्वाह्न में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद अपराह्न में मुख्यमंत्री बांका जिले का दौरा करेंगे, जहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किए जाने की संभावना है। यात्रा के दूसरे दिन 18 मार्च बुधवार को मुख्यमंत्री जमुई और नवादा जिलों का दौरा करेंगे। सुबह के समय वे जमुई में विकास योजनाओं की स्थिति का जायजा लेंगे जबकि दोपहर बाद नवादा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यहां भी मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। 19 मार्च गुरुवार को मुख्यमंत्री मुंगेर और लखीसराय जिले का दौरा करेंगे। सुबह मुंगेर में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद वे अपराह्न में लखीसराय पहुंचेंगे। यहां वे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। समृद्धि यात्रा के चौथे चरण का अंतिम दिन 20 मार्च शुक्रवार होगा। इस दिन मुख्यमंत्री गया और औरंगाबाद जिलों में कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पूर्वाह्न में गया जिले में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा जबकि अपराह्न में औरंगाबाद जिले में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री आम लोगों से भी संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। सरकार की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि समृद्धि यात्रा के दौरान 'सात निश्चय' से जुड़ी योजनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाएगा।






## रामनवमी में 52 जगहों से निकलेगी शोभायात्रा : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर पटना में भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। 27 मार्च को रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के तत्वावधान में इस साल भी पूरे शहर में भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, अध्यक्ष जगजीवन सिंह बबलू ने प्रेस वार्ता में बताया कि हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी के दिन पूरे पटना को राममय बनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी में रामनवमी का आयोजन देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहा है। जिस तरह महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी और पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा प्रसिद्ध है, उसी तरह पटना की रामनवमी भी अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही है। रामनवमी के दिन पटना के अलग-अलग मोहल्लों और क्षेत्रों से कुल 52 भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। ये शोभायात्राएं शहर के विभिन्न इलाकों से निकलकर डाकबंगला स्थित श्रीराम चौक तक पहुंचेंगी। इन झांकियों में भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और रामायण के प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया जाएगा। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इन शोभायात्राओं में भाग लेंगी। नितिन नवीन ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर पूरे शहर को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा। प्रमुख सड़कों और चौक-चौराहों पर तोरण द्वार और रंग-बिरंगी रौशनी की व्यवस्था की जाएगी। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शरबत की व्यवस्था भी की जाएगी। नितिन नवीन की ओर से सभी श्रद्धालुओं से अपने-अपने घरों पर राम और महावीर ध्वज लगाने की अपील की गई। इसके लिए करीब दो लाख महावीर ध्वज लोगों के घर तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही भारतीय नववर्ष के अवसर पर विक्रम संवत का कैलेंडर भी घर-घर वितरित किया जाएगा। रामनवमी शोभायात्रा को और भव्य बनाने के लिए देश के कई राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर वाराणसी की प्रसिद्ध गंगा आरती टीम पटना पहुंचेगी। इसके अलावा झारखंड की नृत्य मंडली, मुंबई का बैंड और अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। रामनवमी के मुख्य आयोजन स्थल श्रीराम चौक, डाकबंगला पर भव्य मंच बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। साथ ही राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। राज्यसभा चुनाव के सवाल पर नितिन नवीन ने जय श्री राम कहकर अपनी जीत की खुशी जाहिर की।

# आपदा से मुकाबले की नई तैयारी, उत्तर बिहार का दौरा करेंगे राज्यपाल

## राज्य में आपदा प्रबंधन की योजना और उसकी बारीकियों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के नए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने बिहार आपदा प्रबंधन के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों को लेकर विभागीय पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार के लोगों से वह जल्द जाकर मुलाकात करेंगे। इन्हें आपदा से बचाने के लिए जल्द ही कारगर कार्य योजना तैयार की जाएगी। बिहार के राज्यपाल का पदभार संभालने पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में सोमवार को उनके स्वागत में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। इसे संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए तकनीक और फंडिंग पर सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए राज्य में चलाई जा रही योजनाओं और उनके सफल क्रियान्वयन पर प्राधिकरण को बधाई देते हुए कहा कि पदाधिकारियों को स्वयं के साथ आंतरिक समीक्षा पर भी जोर देना होगा। आपदा प्रबंधन में प्रोफेशनल अटेंशन जरूरी है। आपदा की घटनाओं से सबसे अधिक बच्चे, महिलाएं और बूढ़े प्रभावित होते हैं। यह खुशी की बात है कि बिहार जैसे राज्य में इन वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं। आपदा प्रबंधन के लिए राज्य भर में जन-जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। कहा कि इसे स्कूलों में विशेष रूप से लागू किया जाना चाहिए। श्री हसनैन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को आपदा प्रबंधन एक्ट 2005 की बारीकियों से अवगत होना चाहिए। इस दौरान राज्यपाल ने विभागीय वेबसाइट बीएसडीएमए डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन का भी उद्घाटन किया। विभागीय सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह ने राज्यपाल को बताया कि बिहार में सूखाड़, बाढ़ और अगलगी जैसी घटनाएं अत्यधिक होती हैं। इनसे निपटने के लिए सरकार हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्लोगन है कि राज्य के खजाने पर आपदा प्रभावितों का पहला अधिकार है। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए राज्यभर में लागू योजनाओं की सिलसिलेवार जानकारी दी। लघु फिल्म के माध्यम से आपदा प्रबंधन की योजनाओं से राज्यपाल को रूबरू कराया गया। डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि आपदा प्रबंधन में पहली भूमिका पुलिस की होती है। इसकी प्रतिक्रिया सबसे पहले सामने आती है। राज्य के सभी पुलिस थाने भूकंपरोधी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांस्टेबल स्तर पर बड़ी संख्या में आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जा रही है। आने वाले समय में सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर को भी इसकी ट्रेनिंग दिलाने की योजना है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 से 20 वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बिहार में जो काम हुए, उनकी बदौलत राज्य आज देश के अग्रणी प्रदेशों में शामिल हो चुका है। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्र ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए अधिकारियों की हौसला आफजाई की। कार्यक्रम में विशेष कार्य पदाधिकारी संदीप कुमार के साथ दूसरे पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित होने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मैथिली भाषा और साहित्य की अमर विरासत को और अधिक समृद्ध करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेंद्र झा की चर्चित कृति 'धात्री पात सन गाम' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। दशकों तक शिक्षण और साहित्य-सृजन को एक साथ साधने वाले डॉ. झा ने मिथिला के लोकजीवन, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को अपनी लेखनी से जिस सजीवता से उकेरा है, वह अतुलनीय है। यह पुरस्कार केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि संपूर्ण मिथिला, मैथिली साहित्य जगत और बिहार के लिए गर्व का अवसर है। मेरी कामना है कि उनकी साहित्य-साधना अनवरत जारी रहे और उनकी प्रेरणादायी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहे।

## नीट अभ्यर्थी छात्रा कांड : हॉस्टल मालिक की जमानत अर्जी खारिज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में आज बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) की विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त हॉस्टल मालिक की जमानत याचिका खारिज कर दी। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन रमन की अदालत ने मामले के जेल में बंद अभियुक्त एवं शंभू गर्ल्स हॉस्टल के मालिक मनीष कुमार रंजन की नियमित जमानत याचिका पर तीन दिनों तक सुनवाई करने के बाद 12 मार्च 2026 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने पटना पुलिस, एस आई टी और सीबीआई तीनों के अनुसंधानकर्ताओं को अदालत में बुलाकर उनका पक्ष सुना था। विशेष अदालत ने क्षेत्राधिकार के प्रश्न पर भी सभी पक्षों को सुना था। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त एवं पीड़िता के वकील को भी कई बार सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा था। अदालत ने आज पारित किए गए आदेश में सबसे पहले न्यायालय के क्षेत्राधिकार के प्रश्न पर अलग से निर्णय देते हुए कहा कि इस विशेष अदालत को इस मुकदमे की सुनवाई करने की अधिकारिता है क्योंकि इसकी स्थापना पॉक्सो एक्ट के तहत की गई है जो एक विशेष अधिनियम है। उसके बाद जमानत अर्जी पर विस्तार से दोनों पक्षों के दलीलों की चर्चा करते हुए एवं परिस्थितियों की समीक्षा करते हुए मामले का अनुसंधान प्रारंभिक अवस्था में होने के कारण अभियुक्त की जमानत याचिका खारिज कर दी, लेकिन अभियुक्त को छूट दी है कि वह मुकदमे में आगे की कार्रवाई में उचित परिस्थितियां आने पर जमानत की प्रार्थना कर सकता है। गौरतलब है कि 9 जनवरी 2026 को पटना के चित्रगुप्त नगर थाना की पुलिस ने मृतका के पिता के फर्दबयान पर मामला दर्ज किया था। आरोप के अनुसार मृतका अपने हास्टल में बेहोश पायी गयी थी। मृतका के पिता ने अपनी पुत्री के शरीर पर चोट का निशान पाये जाने की बात कही थी। साथ ही, उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किये जाने का भी शक जाहिर किया था। बाद में इलाज के दौरान छात्रा की मृत्यु अस्पताल में हो गई थी।

## अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत बालक वर्ग की नृत्य प्रतियोगिता का भव्य एवं गरिमामय आयोजन बी. डी. कॉलेज, पटना के सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ. विनीता तिवारी द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने निर्णायक मंडल एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में कला-संस्कृति के प्रति रुचि और आत्मविश्वास का विकास करती हैं। प्रतियोगिता में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो. कीर्ति एवं पर्यवेक्षक प्रो. रीता दास की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। निर्णायक मंडल में डॉ. अनिल कुमार तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा नामित संगीता रमन कुट्टी तथा सोमा चक्रवर्ती शामिल थीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का गहनता एवं निष्पक्षता से मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दिव्या कुमार एवं डॉ. मनीता कुमारी यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जबकि अंत में डॉ. स्वर्णा कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के परिणामों में शास्त्रीय नृत्य (एकल) में आयुर्मान यास्क (पी.जी. संगीत विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) ने प्रथम, निलेश आचार्य (बी. एस. कॉलेज, दानापुर) ने द्वितीय तथा विशाल कुमार (ए. एन. कॉलेज, पटना) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपशास्त्रीय/अर्ध-शास्त्रीय नृत्य (एकल) में निलेश आचार्य प्रथम, मोनू निगम (नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ) द्वितीय तथा लक्की कुमार (ए. एन. कॉलेज, पटना) तृतीय स्थान पर रहे।

## पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एम.एस.एम.ई. विकास कार्यालय, पटना द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना में एक दिवसीय 'विपणन एवं उद्यमिता उन्मुख प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वकर्मा कारीगरों को उद्यमिता विकास, विपणन, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता से जोड़ते हुए उन्हें सशक्त बनाना था। इस दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, उद्यम पंजीकरण/ऑनबोर्डिंग, क्यूआर कोड सृजन तथा एमएसएमई मंत्रालय एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संजीव कुमार वर्मा, सहायक निदेशक , एमएसएमई-डीएफओ, पटना, डॉ. श्वेता एम. देवतले, आईईडीएस, सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना तथा संस्थान के उप विकास पदाधिकारी सत्यानन्द शर्मा उपस्थित रहे।

## पटना में सजी भोजपुरी सिनेमा की सितारों भरी शाम

### विधानसभा अध्यक्ष ने कलाकारों से सकारात्मक संदेश देने वाली फिल्मों के निर्माण की अपील की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना का ऐतिहासिक बापू सभागार रविवार की शाम भोजपुरी सिनेमा की चमक-दमक, संगीत और सितारों की मौजूदगी से जगमगा उठा। अवसर था 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स समारोह का, जो पूरे भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। शाम छह बजे शुरू हुआ यह समारोह देर रात तक चलता रहा और भोजपुरी फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों, गायकों, निर्देशकों, तकनीशियनों तथा सिने प्रेमियों की बड़ी उपस्थिति ने इसे एक यादगार सांस्कृतिक उत्सव बना दिया। इस समारोह में लगभग 80 विभिन्न श्रेणियों में भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अवॉर्ड समारोह में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, कृषि मंत्री राम कृपाल यादव, मंत्री संजय सिंह, दिल्ली प्रेस के संपादक परेश नाथ, दिल्ली प्रेस के कार्यकारी प्रकाशक अनंत नाथ तथा इम्पा के अध्यक्ष अभय सिन्हा प्रमुख रूप से शामिल रहे। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भोजपुरी सिनेमा आज केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और लोक जीवन की झलक भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कलाकारों से समाज को सकारात्मक संदेश देने वाली फिल्मों के निर्माण की अपील की। विधायक ने कहा कि भोजपुरी भाषा और संस्कृति की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और ऐसे आयोजनों से कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सिनेमा भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवित रखता है।

## आइएचएम हाजीपुर में 'पर्यटन शिक्षा एक्सपो 2026' का भव्य आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान हाजीपुर द्वारा भारत पर्यटन (पूर्वी क्षेत्र), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को संस्थान परिसर में 'पर्यटन शिक्षा एक्सपो 2026' का सफल आयोजन किया गया। व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की इस बड़ी पहल में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के कक्षा 8 से 12 तक के 160 से अधिक छात्र, उनके अभिभावक और शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी सुमित चटर्जी के स्वागत भाषण से हुआ जिसमें उन्होंने वैश्विक आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात वरिष्ठ व्याख्याता अनुपम कुमार ने एक्सपो के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए स्कूली शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के बीच की दूरी को कम करने पर जोर दिया। संस्थान की विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं की झलक दिखाने के लिए व्याख्याता के. पी. अरुण और सहायक व्याख्याता डॉ. मोहम्मद हलीम ने ऑडियो-विजुअल माध्यम से आईएचएम हाजीपुर की शैक्षणिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

## 25वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सोमवार को पटना स्थित एक निजी होटल में फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एवं सेवानिवृत्तजन संघ की 25वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर उमेश तिवारी ने स्वागत भाषण दिया, वाईस चेयरमैन अमरेन्द्र कुमार ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल दे कर गणमान्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन आरएस त्रिवेदी ने की। मंच पर अध्यक्ष प्रकाश एस. पटकी, कार्यकारी अध्यक्ष देवाशीष सेन गुप्ता, महासचिव हरविंदर सिंह तथा कोषाध्यक्ष अमीता शर्मा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन एवं बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन अद्यतन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। यह उल्लेख किया गया कि जहां केंद्र सरकार, राज्य सरकारों तथा भारतीय रिजर्व बैंक सहित विभिन्न संस्थानों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन का समय-समय पर अद्यतन किया जाता है, वहीं देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बैंक कर्मचारियों के लिए अब तक पेंशन अद्यतन लागू नहीं किया गया है। इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से आग्रह किया गया कि बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन के पुनरीक्षण के लिए भी आवश्यक प्रावधान करने पर विचार किया जाए। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों के ग्रुप स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाले जीएसटी को हटाने के संबंध में भी चर्चा की गई। केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले बीमा प्रीमियम पर लगाए गए जीएसटी को हटाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए, ताकि पेंशनभोगियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर बिहार इकाई अध्यक्ष एचएन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष एससी मिश्रा, संयुक्त कोषाध्यक्ष ज्योति शंकर वर्मा, अभय कुमार सिन्हा, राम शंकर प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में संपन्न हुई तथा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और सदस्योन्मुख बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में एचएन अग्रवाल द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया एक्रेक्स 2026 में लाया व्यापक एचवीएसी इकोसिस्टम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने दक्षिण एशिया की एचवीएसी और इंटेलिजेंट बिजनेस सॉल्यूशंस की सबसे बड़ी प्रदर्शनी, एक्रेक्स इशराए इंडिया 2026 में हिस्सा लिया। एलजीई इंडिया ने इस प्रदर्शनी में अपना सबसे व्यापक एचवीएसी पोर्टफोलियो प्रस्तुत किया जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग के उत्पाद शामिल थे। कंपनी ने ऐसे इनोवेशन को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जो भारत के लिए इंटेलिजेंट, भरोसेमंद और ऊर्जा-कुशल जलवायु समाधान प्रदान करते हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी उन्नत वीआरएफ, चिलर्स और कैसेट रेंज के एसी प्रदर्शित किए जो भारत की विविध जलवायु और उपभोक्ताओं की जरूरतों के लिए सबसे उपयुक्त थे।

## एनडीए प्रत्याशियों की जीत हमारी एकजुटता का प्रमाण : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों की जीत पर प्रसन्नता जताते हुए विजयी सभी उम्मीदवारों को बधाई और नए दायित्वों के लिए शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि एनडीए के विधायकों ने आज तीन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को जीत दिलाई है। भाजपा अध्यक्ष ने सभी विजयी उम्मीदवारों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे गठबंधन एनडीए की बहुत प्रभावी और प्रमाणित जीत है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के लोग अपने उम्मीदवार की जीत को लेकर अफवाह फैलाते रहे, लेकिन जीत एनडीए के पक्ष में रही। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए की एकजुटता से एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला था और इस चुनाव में भी हमारी एकजुटता पूरे देश को दिखी है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए सभी प्रत्याशियों की जीत हमारी एकजुटता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सभी पांच लोगों के राज्यसभा पहुंचने से उच्च सदन में एनडीए बहुत ही प्रभावी तरीके से उभरेगा जिसका लाभ बिहार को मिलेगा। इस चुनाव परिणाम से स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष पूरी तरह से साफ हो चुका है। उन्होंने एनडीए के उम्मीदवारों को समर्थन देने वाले विधायकों का भी आभार जताते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस बिहार में नेतृत्वविहीन हो चुके हैं। दोनों दल आज अपने विधायकों को भी नहीं संभाल पा रहे हैं। उन्होंने दावे के साथ कहा कि राजद के पास आज अगर पूर्ण बहुमत होता तो वे किसी दूसरे को नहीं, बल्कि अपने परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाती।

## आपदा के समय तनाव प्रबंधन जरूरी : डॉ मोहम्मद अली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना के श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र के सभागार में आपदा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के लगभग 13 राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्व युवक केंद्र और प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा आपदा के समय मानसिक संतुलन और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए तैयार करना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर तथा विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट हेड डॉ. मोहम्मद अली ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने 'आपदा के समय युवाओं का तनाव प्रबंधन कैसे करें' विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे और युवाओं को जीवन तथा समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सोचने के लिए प्रेरित किया।

## कुशल युवा कार्यक्रम के 409 केंद्रों को नोटिस, संचालकों में चिंता, पुनर्विचार की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) के तहत राज्य के लगभग 409 प्रशिक्षण केंद्रों को बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने से केंद्र संचालकों के बीच चिंता का माहौल बन गया है। मिशन की ओर से जारी पत्र में 40 प्रतिशत से कम इंटेक यूटिलाइजेशन का हवाला देते हुए केंद्रों से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा सुधार नहीं होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही गई है। केंद्र संचालकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से नामांकन प्रक्रिया कई तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से प्रभावित रही है। आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली में तकनीकी समस्या, पोर्टल से संबंधित दिक्कतें, नए नॉलेज पार्टनर के साथ बैच बनाने में जटिलता तथा नामांकन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण कई जिलों में नामांकन अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया। संचालकों का मानना है कि जब राज्यभर के सैकड़ों केंद्रों को एक साथ नोटिस जारी किया गया है तो यह स्पष्ट है कि समस्या केवल किसी एक केंद्र की नहीं बल्कि व्यापक स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों का परिणाम है। ऐसे में केंद्र संचालकों ने बिहार कौशल विकास मिशन से अनुरोध किया है कि इस विषय पर पुनर्विचार करते हुए केंद्रों को नामांकन सुधार के लिए उचित समय और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। केंद्र संचालकों ने यह भी कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम राज्य के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल विकास योजना है जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल साक्षरता एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण मिल रहा है।

## मिसेज ग्लोबल बिहार के बारहवें सीजन की विजेता बनी डॉ. प्रियंका और मेधा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रंग-बिरंगी जगमग रौशनी के बीच जैसे हीं मॉडल्स ने अपनी प्रस्तुति देनी शुरू की वैसे ही सारा हॉल तालियों की गरगराहट से गूंज उठा। मौका था ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया द्वारा पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित होटल डेस्टिनी में आयोजित मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-12 के ग्रैंड फिनाले का। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि ब्रांड एन सी की गुडविल एम्बेसडर डॉ. तारा स्वेता आर्या, विशिष्ट अतिथि आयुष्मान भारत के सीईओ आईएएस शशांक शेखर, आईपीएस अनु व फैशन डिजाइनर सह शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की।

## अब नहीं सड़ेगी फसल, सोलर ड्रायर से किसान कमाएगा डबल मुनाफा : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य को कृषि क्षेत्र में अग्रणी बनाने के संकल्प के साथ बिहार सरकार किसानों को कटाई के बाद प्रबंधन के लिए निरंतर सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की जलवायु और यहां की विविध फसलों—जैसे टमाटर, प्याज, मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, करेला, हल्दी, मशरूम आदि—के लिए उपयोगी सोलर क्रॉप ड्रायर एक क्रांतिकारी समाधान के रूप में उभर रहा है। श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की फसलों की बर्बादी रोकना और उन्हें अपनी उपज का मूल्य निर्धारक बनाना है। उन्होंने बताया कि फसलोत्तर प्रबंधन योजनान्तर्गत बिहार सरकार सोलर ड्रायर की स्थापना पर विशेष प्रोत्साहन दे रही है। 100 किलोग्राम क्षमता वाले सोलर ड्रायर की अनुमानित लागत 3,50,000 रुपये है जिस पर 1,40,000 रुपये अनुदान का प्रावधान किया गया है।
मंत्री ने कहा कि सोलर ड्रायर के भीतर नियंत्रित तापमान पर फसल को सुखाने से उसका प्राकृतिक रंग, स्वाद और सुगंध बरकरार रहती है। इससे उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है और वह प्रीमियम मार्केट तथा निर्यात के लिए अधिक उपयुक्त बनता है। उन्होंने कहा कि खुले में सुखाने के दौरान धूल, बारिश, नमी और फफूंद से जो नुकसान होता है, सोलर ड्रायर उस जोखिम को काफी हद तक समाप्त कर देता है। इस तकनीक से 30 से 40 प्रतिशत तक फसल की बर्बादी रोकी जा सकती है। श्री यादव ने कहा कि अब किसान बाजार में कम दाम मिलने पर फसल बेचने को मजबूर नहीं होंगे। सोलर ड्रायर के माध्यम से फसल को सुखाकर सुरक्षित रखा जा सकेगा और उपयुक्त समय पर अधिक कीमत पर बेचा जा सकेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें अपनी उपज के बेहतर विपणन का अवसर मिलेगा।

## सरकारी भवनों की गुणवत्ता पर रहेगी उड़नदस्ता दल की नजर, राज्य में 10 टीमें गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यभर में चल रहे सरकारी भवनों के निर्माण कार्य की समुचित जांच करने और इनकी पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य विशेष पहल की गई है। भवन निर्माण विभाग की ओर से राज्य में चल रहे नये भवनों के निर्माण या जिन भवनों की मरम्मती चल रही है उनमें गुणवत्ता का खासतौर से ध्यान रखा गया है या नहीं, इसकी जांच यह टीम करेगी। प्रत्येक उड़नदस्ता दल में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता स्तर के अभियंताओं को शामिल किया गया है। नए भवनों में विद्युत कार्यों की जांच के लिए खासतौर से उड़नदस्ता दल को नियुक्त किया गया है। निरीक्षण के दौरान जांच टीम कार्य स्थल से सैंपल एकत्र कर उन्हें अंचल स्तरीय या केंद्रीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजकर जांच करवाएगी। उड़नदस्ता दल में शामिल अधीक्षण अभियंता अपने पदस्थापन अंचल को छोड़कर अन्य किसी भी प्रमंडल की योजनाओं की जांच करेंगे। उड़नदस्ता दल मुख्य अभियंता (गुणवत्ता अनुश्रवण) के नियंत्रण में कार्य करेंगे। विभाग के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्यों में ईंट, कंक्रीट, बालू, गिट्टी आदि सामाग्रियों की जांच केंद्रीय प्रयोगशाला में कराई जा रही है।

# प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या कर शव कुएं में फेंका, पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बाघाखोह गांव के बधार स्थित एक कुएं से मिली महिला की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग और दूसरी शादी के विवाद में महिला की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया था। रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि 14 मार्च की सुबह सूचना मिली थी कि बाघाखोह बधार स्थित कुएं में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में प्रतीत हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से महिला की हत्या की गई है। एफएसटी टीम की मौजूदगी में घटनास्थल को सुरक्षित कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले के उद्भेदन और अज्ञात महिला की पहचान के लिए एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष, एफएसटी और जिला आसूचना टीम को भी शामिल किया गया।



जांच के दौरान घटनास्थल के निरीक्षण में बाघाखोह और उसके दक्षिण स्थित एक टोला के बीच बधार में पुआल के ढेर के पास खून के धब्बे और खून लगी चूड़ियां मिलीं। इसके आधार पर पुलिस को संदेह हुआ कि घटना में स्थानीय लोगों की संलिप्तता हो सकती है। पुलिस ने सूचना के आधार पर बघैला थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने महिला की हत्या की बात स्वीकार की। मृतका की पहचान पायल यादव उर्फ पूनम देवी के रूप में हुई है जिसकी शादी अरवल जिले के एक गांव में हुई थी। एसपी के अनुसार पूछताछ में सामने आया कि मृतका का प्रेम संबंध धर्मेंद्र कुमार सिंह से था। दोनों आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मजदूरी करते थे। इस बीच धर्मेंद्र ने 20 फरवरी को बिना बताए दूसरी शादी कर ली थी जब पायल को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया। इसके बाद प्रेम प्रसंग की बात उजागर होने के डर से धर्मेंद्र ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पायल को बाघाखोह टोला में बुलाया और रात में बधार में ले जाकर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी तथा शव को कुएं में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार सिंह के अलावा बाघाखोह टोला निवासी कामेश्वर सिंह, संटू कुमार, उसके भाई उपेंद्र कुमार उर्फ अमिताभ कुमार तथा इनके पिता नकुल सिंह को गिरफ्तार किया है। दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि आरोपितों द्वारा बताए गए तथ्यों का विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। मामले के सफल खुलासे में शामिल पुलिस टीम के सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक सह अकोढ़ी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई भी मौजूद थे।

## बिजली चोरी मामले में सात के विरुद्ध प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के मिठोपुर गांव में बिना बिजली कनेक्शन लिए चोरी से बिजली का उपयोग करने के मामले में सोमवार को सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई। इस संबंध में इंद्रपुरी फीडर के जेई कमलेश कुमार ने बताया कि बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग करने वालों के विरुद्ध लगातार पूरे क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है।

## कैमूर में पदस्थापित सअनि अमरनाथ बर्खास्त, महिला से गलत आचरण का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** कैमूर जिला पुलिस बल में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अमरनाथ कुमार को महिला से गलत आचरण के कारण डीआईजी ने सोमवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया। रोहतास जिले के दिनारा थाना में पदस्थापन के दौरान एक महिला ने उन पर प्राथमिकी किया था। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा.सत्य प्रकाश के अनुसार अमरनाथ ने 2022 में दिनारा थाना में पदस्थापन के दौरान महिला जनित अपराध किया था। एक महिला को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देने के आरोप लगे थे। घटना की जांच एसपी रोहतास द्वारा किया गया था। घटना को सत्य पाते हुए उसके बर्खास्तगी की अनुशंसा की गई थी। उन्होंने बताया कि अमरनाथ के ऐसे आचरण से पुलिस की छवि धूमिल हुई है।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत सात खोए मोबाइल को लौटाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 7 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिया। मोबाइल फोन वापस मिलते ही सभी लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लंबे समय से खोए मोबाइल मिलने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी, लेकिन पुलिस की सक्रियता ने लोगों के चेहरे पर फिर से मुस्कान ला दी। मोबाइल



पाने वाले लोगों ने तिलौथू पुलिस की कार्यशैली और जनसेवा भावना की जमकर सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को तकनीकी माध्यम से ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हो। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस की कोशिश है कि जिन लोगों के मोबाइल फोन खो गए हैं या चोरी हो गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द खोजकर उनके हाथों तक पहुंचाया जाए।

## अनुमंडल पदाधिकारी के जनता दरबार में लोगों ने रखीं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित 9 मामले, राशन कार्ड से जुड़े 64 मामले तथा अन्य 15 मामलों सहित कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुईं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों और पदाधिकारियों को मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के जनता दरबार का आयोजन आगे भी लगातार किया जाएगा। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान की उम्मीद जताई। अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर निडर होकर प्रशासन के समक्ष आएं, ताकि उनका समय पर समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी मामलों का निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

## 18 को पटना में समता महाजुटान व राजभवन मार्च, सैकड़ों छात्र होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी व यूजीसी रेगुलेशन समता आंदोलन की ओर से सोमवार को सर्किट हाउस सासाराम में संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आरवाइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने कहा कि भारतीय समाज व्यवस्था में वर्ण और जाति के आधार पर विशेषाधिकार तथा भेदभाव की संस्कृति एक वास्तविक सच्चाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रेगुलेशन 2026 का विरोध करने वाले लोगों ने अपनी वर्चस्ववादी और जातिवादी मानसिकता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी मनुवादी वर्ण-जाति आधारित श्रेष्ठता और वर्चस्व कायम है जिसके कारण दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के साथ भेदभाव व उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। यूजीसी के



आंकड़ों के अनुसार इस प्रकार की घटनाओं में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रेस कांफ्रेस में वक्ताओं ने कहा कि रोहित वेमुला और पायल तर्वी जैसे कई दलित, पिछड़े और आदिवासी छात्रों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ा जिससे शैक्षणिक संस्थानों में संस्थागत अन्याय के मामले सामने आए। उन्होंने मांग की कि शैक्षणिक संस्थानों में भेदभाव और उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए यूजीसी रेगुलेशन को और सशक्त रूप से लागू किया जाए।

वक्ताओं ने रोहित एक्ट को संसद से कानून बनाकर लागू करने, जाति जनगणना कराने, बिहार में 65 प्रतिशत बहुजन आरक्षण लागू करने तथा निजी क्षेत्र और न्यायालयों में भी आरक्षण लागू करने की मांग की। साथ ही मंडल आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने के लिए बिहार भर में व्यापक आंदोलन चलाने की बात कही। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आरवाइए के राज्य सचिव सह पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन तथा भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने कहा कि 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी रेगुलेशन 2026 पर रोक लगा दी है जिसकी अगली सुनवाई 19 मार्च 2026 को होगी।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 18 मार्च को संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर पटना में समता महाजुटान और राजभवन मार्च आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले सहित पूरे बिहार से बड़ी संख्या में छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश महासचिव रितेश यादव, पूर्व चेनारी विधानसभा प्रत्याशी अमित पासवान, आइसा जिला संयोजक राजेश कुमार, अंबेडकर कल्याण छात्रावास के छात्र प्रधान ज्योति कुमार, राजद नेता शिव शंकर सिंह कुशवाहा, माले नेता रवि शंकर राम, गोल्डन पासवान, अनुमंडल अध्यक्ष रोहित कुमार, मानस पटेल, अरविंद पिंटू गुरुजी, मनोज यादव समेत कई छात्र व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा अकोढ़ी गोला मंडल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा अकोढ़ीगोला मंडल की ओर से तेतराढ़ गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के तहत सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम गाते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम में आए अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा रोहतास जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा न केवल भारत बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता विदेशों में भी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवार की नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यदि सभी कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करें तो उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन और विचारधारा के बारे में बेहतर जानकारी मिल सके। मौके पर जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बबल कश्यप, सुशील कुमार, जिला मंत्री मीना गुप्ता, अरुण पांडे, जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे, जिला प्रवक्ता रोहित सिंह, मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रिज किशोर पांडे, महेंद्र सिंह, रवि पांडे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति पर विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड के चंदनपुरा में आयोजित आठ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन सोमवार को विधिवत पूर्णाहुति और विशाल महाभंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। महायज्ञ के महंत श्री प्रेम शंकर दास जी महाराज ने बताया कि इस भव्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत 8 मार्च को विशाल जलभरी, भंडारा और कलश स्थापना के साथ हुई थी। इसके बाद लगातार आठ दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन, हवन, कथा-प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। 15 मार्च को श्रद्धालुओं द्वारा 24 घंटे तक यज्ञ मंडप की परिक्रमा की गई, वहीं 16 मार्च को महाभंडारा और पूर्णाहुति के साथ इस दिव्य आयोजन का समापन हुआ।

## लोक संस्कृति को जीवंत रखने के लिए चैता महामुकाबले का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड के इटवां पंचायत स्थित बैरिया गांव में रविवार की रात लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से चैता महा मुकाबले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पिंटू दुबे की ओर से किया गया जिसमें इटवां पंचायत के ग्रामीणों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। मां काली स्थान, बैरिया कोआथ में रात आठ बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। चैता महा मुकाबले में विभिन्न कलाकारों ने लोकगीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य व्यास सरोज यादव और मंटू हिटलर थे। निवेदक पिंटू दुबे ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होकर लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर प्रमोद दुबे, पवन दुबे, बबलू दुबे, मोहन दुबे, दिनेश दुबे, शिवशंकर दुबे, विजय दुबे, विनय दुबे, शशिकांत दुबे, गौतम दुबे, जितेंद्र दुबे, ऋषु दुबे, भोला प्रसाद, रमेश दुबे, ज्योति दुबे, मोहित दुबे, गौरीशंकर दुबे, निकू दुबे, संग दुबे और अमित ओझा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है तथा लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। पिंटू दुबे ने कहा कि वे इटवां पंचायत के विकास और ग्रामीणों की सेवा के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे तथा सभी ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## रामनवमी व ईद पर नगर निगम सेवा समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** आगामी रामनवमी एवं ईद जैसे महान पर्वों के आगमन के अवसर पर सर्वप्रथम सासाराम नगर के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। रविवार को सर्वधर्म समभाव में विश्वास रखने वाली सासाराम की सामाजिक संस्था नगर निगम सेवा समिति की कोर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था के अध्यक्ष रौशन कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व के जुलूस में शामिल रामभक्तों के स्वागत एवं सेवा व्यवस्था को लेकर तैयारी समिति की रूपरेखा तय की गई। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू सोनी एवं महामंत्री रवि देवा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर के प्रमुख चौराहों पर होडिंग लगाई जाएंगी, धर्मशाला रोड पर स्टॉल लगाकर शर्बत एवं पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जुलूस मार्ग तथा नगर के सभी मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों तक जाने वाले मार्गों पर साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी



प्रस्ताव रखा गया कि रामनवमी पर्व के पूर्व नगर में मांस-मछली की दुकानों एवं मुख्य मार्गों तथा गलियों में संचालित मांसाहारी होटलों को अस्थायी रूप से बंद रखने के संबंध में जिला प्रशासन को लिखित आवेदन दिया जाएगा। इस संबंध में संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग करेगा। बैठक के दौरान कार्यकारी महामंत्री संजय वैश्य ने संस्था के विधिवत पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) का प्रस्ताव रखा। इस पर अध्यक्ष रौशन कुमार गुप्ता ने महामंत्री रवि देवा, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता लोकेश तिवारी, अधिवक्ता हीरा पासवान, अधिवक्ता पिंटू दुबे तथा संगठन मंत्री रोबिन केसरी को एक सप्ताह के अंदर संस्था का बायलॉज (नियमावली) तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, सरोज कुमार गुप्ता (वार्ड प्रतिनिधि वार्ड 44), जगन्नाथ महतो, ओमजीत यादव (वार्ड प्रतिनिधि), सुनील वर्मा, दीपु कुशवाहा, राज सोनी, राकेश कुमार 'गुरुजी', दिनेश चौधरी, धर्मवीर गुप्ता, देवेंद्र जी, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, कामता सिंह, तरंग केसरी, बैजू पासवान, मंटू कुमार, मनोज केसरी, चितरंजन कुमार, कौशलेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि रामनवमी एवं ईद के पावन अवसर पर सासाराम शहर में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने में नगर निगम सेवा समिति सक्रिय भूमिका निभाएगी।


झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q2/2026/860

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, माँस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०-निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2026 से 30.06.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि- 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि- 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि- 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/- से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि- 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 30.03.2026 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :-
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 375216 District(25-26).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर (औरंगाबाद)
EmailID-irrigationdivision.daudnagar@gmail.com

भाड़े पर वाहन रखने हेतु अति-अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०-06/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक को सूचित किया जाता हैं कि कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल दाउदनगर अंतर्गत विभिन्न कार्यो के सम्पादन, योजनाओं एवं नहरों का निरीक्षण एवं उच्चधिकारियों के बैठक में भाग लेने इत्यादि कार्यो हेतु 03 अदद् ए०सी०/नन ए०सी० वाहन यथा स्कॉपिया/बोलेरो (चालक सहित)वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित अवधि के लिए के लिए निम्नांकित शर्तो के अधीन इच्छुक वाहन मालिक/फार्म से मुहरबंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

विवरणी :-

| क्र०सं० | कार्यालय का नाम | अदद् | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमण्डल दाउदनगर। | 01 | 1 अप्रैल 2026 से 31मार्च 2027 |
| 2. | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, सिंचाई अवर प्रमण्डल दाउदनगर / खराँटी। | 01 | 1 अप्रैल 2026 से 31मार्च 2027 |
| 3. | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, सिंचाई अवर प्रमण्डल अगनूर। | 01 | 01 जून 2026 से 31 अक्टूबर 2026 एवं 20 दिसम्बर 2026 से 31 मार्च 2027 |

1. कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि :- दिनांक 12.03.2026
2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 20.03.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमण्डल दाउदनगर।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 20.03.2026 को अपराह्न 3:30 बजे ।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल दाउदनगर। मो0- 07463889729

ह०/-
कार्यपालक अभियन्ता
सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर

PR- 026465 (WRD) 2025-26

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद
(डी0सी0आर0बी0,शाखा)



नाम – संजन पाण्डेय
पिता – स्व0 सुविन्द पाण्डेय
पता – सा0-शहजानन्द सरस्वती कालॉनी वार्ड नं0-08, थाना-नगर, जिला-औरंगाबाद
उम्र – 14 वर्ष
लम्बाई – 05 फीट 04 इंच
रंग – सांवला
पहचान चिन्ह – बायें भौं पर कटे का निशान।
पहनावा – काला शर्ट, काला जिन्स तथा सफेद चप्पल।
योग्यता – आठवीं वर्ग का छात्र।

उक्त अपहृत/गुमशुदा व्यक्ति के बारे में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर औरंगाबाद नगर थाना के मोबाइल नं0-9031826335 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

पुलिस अधीक्षक,
औरंगाबाद

PR. No. 026268 (Police) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

# संसद की गरिमा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : अनिल मेहता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 12 मार्च 2026 को संसद भवन के मकर द्वार के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के लगभग 20 सांसदों द्वारा चाय-बिस्कुट के साथ तथाकथित "चाय पार्टी" आयोजित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं आपत्तिजनक है।



उन्होंने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है और उसकी गरिमा एवं मर्यादा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है। किंतु विपक्षी सांसदों द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से संसद परिसर को एक प्रकार से "पार्लियामेंट पिकनिक स्पॉट" बनाने का प्रयास किया गया, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह विशेष रूप से गंभीर विषय है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मकर द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या गतिविधि पर स्पष्ट रोक के बावजूद विपक्षी सांसद वहां बैठकर विरोध का नाटक करते रहे। यह संसदीय नियमों और अध्यक्ष के निर्देशों की खुली अवहेलना है। अनिल मेहता ने कहा कि इस दौरान देश में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर भी भ्रामक प्रचार किया गया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के प्रत्येक नागरिक तक ऊर्जा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना सहित कई योजनाओं के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को संसद की गरिमा का सम्मान करना चाहिए और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा बनाए रखते हुए रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार चून्नू,जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, विनोद भोली, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, जिला मंत्री उपेंद्र चन्द्रवंशी, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, तरुण राजवंशी एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करंट लगने से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के गोराईपुर गांव में सोमवार के दिन करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गया।मृतक की पहचान गांव निवासी राजा बिंद के 45 वर्षीय पुत्र रूदल बिंद के रूप में किया गया। घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गांव के मछार गांव खंधा में अपने खेत देखने गए थे। इसी दौरान रास्ता पर गिरा बिजली के तार के चपेट में आ गए जिससे घटनास्थल पर अधेड़ की मौत हो गया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया।

## टॉप टेन वांछित अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के शाहपुर बलबा गांव में छापेमारी कर थाना के टॉप टेन वांछित अपराधी स्वर्गीय रामजी प्रसाद के पुत्र अरुण गोप को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि हथियार बरामदगी मामले की फ़रार चल रहे अभियुक्त अरुण गोप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# कृषि यांत्रीकरण सह किसान मेला का डीएम ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्थानीय श्रम कल्याण मैदान में दो दिवसीय जिला कृषि यंत्रीकरण सह किसान मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों और नई कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों और यंत्रीकरण को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रों के उपयोग से खेती की लागत कम होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे अपनी खेती में प्रति यूनिट लागत और आय का आकलन करें तथा जिले में मक्को की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही हाई वैल्यू क्रॉप को बढ़ावा देने और कुल भूमि के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से में पारंपरिक फसल तथा 20 प्रतिशत हिस्से में हाई वैल्यू क्रॉप की खेती करने पर बल दिया।




जिलाधिकारी ने किसानों को अपनी भूमि की मिट्टी की जांच कराने, फूड प्रोसेसिंग पर ध्यान देने तथा किसानों की सफलता की कहानियों पर आधारित वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करने का भी सुझाव दिया। इसके अलावा कृषि विभाग की योजनाओं से संबंधित एक बुकलेट तैयार करने और नूरसराय को कृषि अभियंत्रण का हब बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही।

उप विकास आयुक्त ने भी उपस्थित किसानों और कृषि विभाग के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए ज्वार, बाजरा, मड़ुआ और रागी जैसे मोटे अनाज के उत्पादन और प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं को सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाया जाए और प्रसार कर्मी ग्राम स्तर तक योजनाओं की जानकारी समय पर किसानों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने मंच पर उपस्थित जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, कृषि वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेला केवल एक आयोजन नहीं बल्कि किसानों को आधुनिक तकनीक, नई कृषि पद्धतियों और उन्नत कृषि यंत्रों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न कंपनियों और विभागों द्वारा ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज मशीन, ड्रोन तकनीक सहित कई आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

# नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में वेंडिंग जोन और शहर की सुविधाओं पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगर निगम कार्यालय में सोमवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति के सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की। प्रस्तुत बजट के अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष में नगर निगम की कुल अनुमानित आय 4,24,68,72,568 रुपए रहने का अनुमान है। इसमें 2,45,81,65,568 रुपए का प्रारंभिक शेष शामिल है, जबकि वर्ष 2026-27 के दौरान 1,78,87,07,000 रुपए की अतिरिक्त आय होने की संभावना जताई गई है। नगर



निगम की ओर से शहर के विकास कार्यों और प्रशासनिक खर्चों पर कुल 2,06,87,45,000 रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इसके बाद निगम के पास 2,17,81,27,568 रुपए का अंतिम शेष बचने की उम्मीद है। बैठक के दौरान शहर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई अहम सुझाव सामने आए। निर्णय लिया गया कि वेंडिंग जोन के निर्माण में शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्लेटफॉर्म और शेड जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को बेहतर सुविधा मिल सके।

इसके अलावा शहर की प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, उपकरणों की मरम्मत तथा सड़क और नालों के रखरखाव के लिए 'अभिरुचि की अभिव्यक्ति' के माध्यम से एक सक्षम एजेंसी के चयन का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उप महापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित सशक्त स्थायी समिति के अन्य सदस्य और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। समिति ने बजट को अंतिम स्वीकृति के लिए आगामी बोर्ड की बैठक में रखने का निर्णय लिया।

# बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की हुई मरम्मत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला द्विव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा की ओर से छत्र योजना (सम्बल) के अंतर्गत वितरित बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी मरम्मत एवं खराब बैट्री/चार्जर बदलने के लिए सोमवार को विशेष निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला द्विव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा कार्यालय में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन वरीय उप समाहर्त्ता सह सहायक निदेशक प्राची रिया के नेतृत्व में किया गया। इसमें बिहारशरीफ, हरनौत, रहुई, नूरसराय प्रखंड तथा नगर निगम बिहारशरीफ



क्षेत्र के दिव्यांगजन लाभुकों ने भाग लिया। शिविर में कुल 17 लाभुक पहुंचे, जिनमें से 11 लाभुकों की बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी खराबी को मौके पर ही ठीक कर दिया गया। वहीं छह लाभुकों की साइकिल की गारंटी अवधि समाप्त हो जाने के कारण उन्हें विभागीय निर्देशानुसार निर्धारित दर पर मरम्मत कराने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों को दी गई सुविधाओं का रखरखाव सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### शराब मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांधी टोला में छापेमारी कर शराब के एक पूर्व के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि 18 फरवरी को शराब मामले में छापेमारी कर 12 लीटर शराब जब्त की गई थी। बताया गया कि धंधेबाज भागने में सफल रहा था। पुलिस ने फरार आरोपित रुदल मांझी उर्फ उदय मांझी को गिरफ्तार किया है। इसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। पकरीबरावां के वारिसलीगंज चौक पर मछली बेचने को लेकर हुए विवाद में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। बताया जाता है कि मारपीट में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस मामले में एक गुट ने सात नामजद एवं अन्य पांच पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया कि दूसरे गुट का फर्द बयान आने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में सोमवार से कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के निर्देश पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त परीक्षा की शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में एक बेंच पर मात्र दो विद्यार्थी के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रखण्ड के अन्य विद्यालयों में भी नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। जो 24 मार्च तक चलेगी।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता का संदेश

**नवादा**। ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड फिल्म अभिनेता सागर इंडिया नाटक के जरिए दे रहे हैं, स्वच्छता का संदेश। जिले में पिछले कई दिनों से नवादा नगर परिषद ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए जागरूकता अभियान चला रहा हैं। कचरा से कंचन की ओर कैसे कचरा प्रबंधन किया जाए गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग किया जाए घर से लेकर डंपिंग जोन तक, जहां कचरे से खाद बनाया जा रहा है वहां गीला कचरा कैसे पहुंचे। घर की महिलाएं और बच्चे अगर घर में ही कचरे को अलग-अलग कर लेंगे, गीला कचरा अलग और सूखा कचरा अलग तो इसका प्रबंधन आसान हो जाएगा गीले कचरे से नवादा नगर परिषद खाद बना रही है। स्वच्छता कर्मियों को भी गीला कचरा और सूखा कचरा पृथक करके घर से मिलने पर इसका प्रबंध करना आसान हो जाता है। नुक्कड़ नाटक के जरिए पिछले 1 महीने से नुक्कड़ नाटक की टीम ब्रांड एम्बेसडर सागर इंडिया के निर्देशन में नाटक साफ सफाई का प्रस्तुति हर एक वार्ड में हो रही है। इस नाटक के लेखक और निर्देशक सागर इंडिया है कलाकार में, अनुराधा पंडित, सुहानी कुमारी, अमित कुमार, अनुप्रिया, विकास कुमार और प्रवीण कुमार ने अपने अभिनय के माध्यम से नवादा नगर परिषद के क्षेत्र में दे रहे हैं स्वच्छता का संदेश।

### सरकारी कार्यालयों में आयोजित हुई जनसुनवाई

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज वरीय उप समाहर्ता, नवादा मनोज चौधरी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 11 शिकायतें दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान कुछ शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

# बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तक चल रहे "बकरी पालन" विषय पर आयोजित पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ सोमवार को हुआ। यह कार्यक्रम पशुपालकों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने ग्रामीण विकास में पशुपालन की भूमिका पर जोर दिया। नाबार्ड के एजीएम और डीडीएम ने पशुपालन के लिए वित्तीय सहायता और बैंक ऋण योजनाओं की जानकारी साझा की।




कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए किसानों को वैज्ञानिक पद्धति अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक रविकांत चौबे,डॉ. शशांक शेखर सिंह,राजेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। कोर्स को-आर्डिनेटर रजत रंजन (विषय वस्तु विशेषज्ञ-पशु विज्ञान) के मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं को बकरियों की उन्नत नस्लों का चयन,वैज्ञानिक आवास प्रबंधन और आहार,प्रमुख बीमारियों से बचाव और टीकाकरण,बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# नवादा के 50 किसान सबौर के राष्ट्रीय किसान मेले में होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। ग्राम निर्माण मंडल, नवादा द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र की एक विशेष पहल के तहत जिले के 50 प्रगतिशील किसानों के एक दल को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) भेजा गया है। यह दल वहां आयोजित तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय किसान मेला' में शिरकत करेगा। सोमवार की शाम सोखोदेवरा जेपी आश्रम से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार एवं तकनीकी सहायक भोला कुमार के नेतृत्व में किसानों का दल किसान मेला में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भ्रमण




का मुख्य उद्देश्य नवादा के किसानों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है। किसानों का यह दल नवादा जिले के पांच प्रमुख प्रखंडों—नरहट, वारिसलीगंज, नवादा, रोह और कौआकोल से चयनित किया गया है। वैज्ञानिक अंगद कुमार ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में जिले के किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती के विभिन्न आयामों को बारीकी से समझेंगे। भ्रमण पर जा रहे किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सबौर जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में जाने से उन्हें नई तकनीक सीखने का मौका मिलेगा,जिससे वे अपने गांव लौटकर अन्य किसानों को भी जागरूक करेंगे। वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह के एक्स्पोज़र विजिट से जिले की कृषि उत्पादकता में सुधार होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# ट्रेनों की संख्या बढ़े, पत्रकारों व बुजुर्गों को फिर मिले किराया में रियायत : सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संसद में वर्ष 2026-27 के रेल बजट पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अब तक के सबसे बड़े रेल बजटीय प्रावधान की सराहना करते हुए रेल मंत्री और वित्त मंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आम बजट के साथ रेलवे के व्यय के लिए करीब 3 लाख 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.4 प्रतिशत अधिक है।

सांसद ने कहा कि रेलवे देश की लाइफलाइन रही है, लेकिन कोरोनाकाल के दौरान ट्रेनों के संचालन में कमी और किराए में बढ़ोतरी से आम यात्रियों को परेशानी हुई। उन्होंने मांग की कि ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए और सीनियर सिटीजन, पत्रकारों, दिव्यांगजनों तथा 55 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मिलने वाली किराया रियायत को फिर से बहाल किया जाए।

उन्होंने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना लंबे समय से लंबित है, जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही फतुहा–इसलामपुर–नटेसर रेलखंड के दोहरीकरण की मांग करते हुए कहा कि इस मार्ग पर भारी माल ढुलाई होने के कारण यात्री ट्रेनों के संचालन में बाधा आती है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के रेल बजट में बिहार के लिए करीब



10,379 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव है। इसके अलावा 14 वंदे भारत और 21 अमृत भारत ट्रेनों के संचालन, वाराणसी–पटना–सिलीगुड़ी बुलेट ट्रेन कॉरिडोर तथा गया जंक्शन सहित पूर्व मध्य रेलवे के 15 स्टेशनों के पुनर्विकास की योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि बिहार में 98 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा और राज्य में लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

उन्होंने बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेललाइन के दोहरीकरण, क्षेत्र के स्टेशनों पर स्ट्रीट लाइट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और साफ-सफाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की। साथ ही नालंदा रेलवे स्टेशन को उच्च स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने, लो-लेवल प्लेटफार्म को ऊंचा करने और इसलामपुर में वाशिंग पिट बढ़ाने का भी आग्रह किया। सांसद ने कई ट्रेनों के विस्तार और पुनः संचालन की भी मांग की।

# बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति बल्कि दंडनीय अपराध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत रजौली प्रखंड सभागार में बाल विवाह उन्मूलन एवं बाल विवाह मुक्त प्रखंड निर्माण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सह प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के लिए रजौली प्रखंड में जागरूकता गतिविधियों को तेज किया गया है, जिसमें बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु एवं अन्य हितधारक समूहों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा, जिला परियोजना सहयोगी (ए.वी.ए.) दीपक राणा, कार्यक्रम पदाधिकारी विजय परमार, रजौली पश्चिमी के मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह तथा प्रखंड पंचायती




राज पदाधिकारी हरिमोहन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन और दंडनीय अपराध भी है। कम उम्र में विवाह से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है तथा उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने संभावित बाल विवाह की सूचना समय पर प्रशासन तक पहुंचाने और ग्राम स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। रजौली पश्चिमी के मुखिया ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समुदाय के संयुक्त प्रयासों से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। इस अवसर पर जिला परियोजना सहयोगी दीपक राणा ने बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों,इसके दुष्परिणामों तथा रोकथाम में विभिन्न हितधारकों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम पदाधिकारी ने भी बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी वर्गों से इसके खिलाफ जागरूक होकर आगे आने की अपील की। कार्यशाला के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह उन्मूलन के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस कार्यशाला में बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सेविकाएं, धर्मगुरु एवं अन्य हितधारक समूहों की सक्रिय सहभागिता रही।

# हत्या के मामले में आरोपित को आजीवन कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा व्यवहार न्यायालय के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पाण्डेय की अदालत ने सोमवार को हत्या के एक पुराने मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के महुआतल छोटकी मस्जिद के पास वर्ष 2020 में हुई घटना से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में गांव में अपने घर के पास विनोद कुमार बैठे हुए थे। इसी दौरान अरविन्द प्रसाद वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने धारदार चाकू निकालकर विनोद कुमार के पेट में वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान 29 नवंबर 2020 को चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस घटना को लेकर मृतक के भाई प्रमोद प्रसाद के बयान पर नगरनौसा थाना में कांड संख्या 176/20 दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने नामजद अभियुक्त अरविन्द प्रसाद को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 एवं 307 के तहत दोषी पाए जाने के बाद अदालत ने सोमवार को हत्या के मामले में आजीवन सश्रम कारावास की सजा के साथ 50 हजार रुपया आर्थिक दंड लगाया है अर्थ दंड नही देने पर दस माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी वही धारा 307 में दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा एवं 25 हजार रुपया जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नही जमा करने पर 5 माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतना होगा। दोनो सजाए एक साथ चलेगी।

# कुलपति एसपी शाही ने छात्राओं को किया सम्मानित

## उच्च शिक्षा से रोजगार तक विषय पर व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में गणित विभाग के सभागार में सोमवार को सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम सह अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह में अंकित झा को सर्वाधिक अंक, प्रिया रंजन को सर्वाधिक उपस्थिति, शालिनी कुमारी को अनुशासित छात्रा, अर्चना आनंद को जेआरएफ उत्तीर्ण करने, पिंकी कुमारी को यूजीसी नेट उत्तीर्ण करने, सुकृति कुमारी को ग्रामीण बैंक में कैशियर पद पर नियुक्ति, श्वेता कुमारी को पुरातन छात्रा तथा ज्योति कुमारी और छोटी कुमारी को पुस्तकालय का सर्वाधिक उपयोग करने पर सम्मानित किया गया। वहीं शोध छात्रा श्वेता कुमारी, अर्चना आनंद, अंकिता झा और विचित्रा कुमारी को डॉ रीता सिंह मेमोरियल छात्रवृत्ति के तहत 5001 रुपये प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशीष शंकर, सौरव कुमार, ईशान, हर्ष प्रखर, प्रिया सिंह, शिवकुमार, पायल कुमारी, काजल कुमारी, वैष्णवी कुमारी, अर्चना कुमारी और सुमित कुमार को सम्मानित किया गया। शिक्षकेतर कर्मचारियों में रीता कुमारी, माया कुमारी, मिला देवी, सुरेश प्रसाद यादव, पूजा कुमारी, आयुषी कुमारी, विनीता कुमारी, रूपा कुमारी, कैली देवी और पप्पू कुमार को भी अंगवस्त्र प्रदान किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने कहा कि गृह विज्ञान विभाग अब शोध, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी आकृति कुमारी, कुलसचिव प्रो विनोद कुमार मंगलम, वित्त अधिकारी इंद्रजीत कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ दीपशिखा पांडेय, प्रो सुनील सुमन, प्रो विकास मोहन सहाय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

# बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति ने किया 'आयुष्मान मंथन बिहार' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति ने एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से 16 मार्च 2026 को पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में 'आयुष्मान मंथन' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राज्य के सभी प्रमंडलों में आयोजित पांच कार्यशालाओं की श्रृंखला का समापन सत्र था जिसका उद्देश्य अस्पतालों के साथ सहभागिता को मजबूत करना तथा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम में लगभग 1,000 हितधारकों ने भाग लिया जिनमें निजी एवं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक व संचालक, मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि, सिविल सर्जन तथा अन्य जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे। विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजनाओं में से एक है जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 4.16 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जिससे बिहार देश में तीसरे स्थान पर है। वहीं लगभग 1,230 अस्पताल योजना से जुड़े हुए हैं। अब तक 32 लाख से अधिक मरीजों का उपचार इस योजना के तहत हो चुका है और कुल व्यय 4,784 करोड़ से अधिक है। कार्यक्रम की शुरुआत में बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य स्वास्थ्य एजेंसी और अस्पतालों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग से ही योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं।

इस अवसर पर एडीआरआइ की सदस्य सचिव डॉ. अश्मिता गुप्ता ने कहा कि 'आयुष्मान मंथन' कार्यशाला श्रृंखला राज्य स्वास्थ्य एजेंसी और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में योजना के अंतर्गत सेवाओं की गुणवत्ता, मानक उपचार दिशा-निर्देशों के अनुपालन और जवाबदेही को और मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यशाला में मानक उपचार दिशा-निर्देश, गुणवत्ता दस्तावेजीकरण तथा धोखाधड़ी निरोधक तंत्र से संबंधित तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए।

# गांव में ही रोजगार का मॉडल बनेंगे पैक्स, सहकारिता से आत्मनिर्भरता की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के चयनित पैक्सों और एफपीओ को सशक्त करने के लिए सोमवार को डीएनएस क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान में एंटरप्राइज डेवलपमेंट विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार पैक्सों को गोदाम, कॉमन सर्विस सेंटर, प्रशिक्षण जैसी कई सुविधाएं दे रही है। इसलिए पैक्सों का दायित्व बनता है कि वे समाज के अन्य लोगों तक इसका लाभ पहुंचाए। पैक्सों का जितना अधिक विस्तार होगा उतना ही अधिक लाभ पैक्सों और समाज को मिलेगा। पैक्सों में शहद उत्पादन, बकरी पालन, वेजफेड आदि से संबंधित या कोई नया काम शुरू कर समाज को सुदृढ़ कर सकते हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझें और उसके समाधान का रास्ता ढूंढ़ें। सहकारिता में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, बस सभी को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इस दौरान सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी पैक्सों और एफपीओ को उद्यमी के तौर पर विकसित करना है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। पैक्स किसी एक व्यक्ति का नहीं है, यह एक लोकतांत्रिक संस्था है इसमें सभी का बराबर अधिकार है। यहां सामाजिक भागीदारी कैसे बढ़े इसके लिए प्रयास करना होगा। इससे यहां के लोगों को काम के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। विभाग पैक्सों की सभी समस्याओं का समाधान करेगा। इस अवसर पर विभाग के निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने कार्ययोजना तैयार की है जिसमें गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार दिया जाए और आत्मनिर्भर गांव बनाया जाए, ताकि जो लोग गांव से बाहर काम के लिए जा रहे हैं वे गांव में रहकर रोजगार से जुड़ें।

# तिब्बत से आई पांडुलिपियां, कुंवर सिंह के पत्र और राजवंश की वंशावली, प्रदर्शनी में दिखी बिहार की बौद्धिक धरोहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण (ज्ञानभारतम के अंतर्गत), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा देशभर में पांडुलिपियों के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 16 मार्च 2026 को बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी एवं बिहार संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में 'बिहार की बौद्धिक परंपरा : पांडुलिपियां, चित्र एवं अभिलेख' विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कृष्ण कुमार, निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ने कहा कि बिहार की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। ऐसी प्रदर्शनियां न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने में सहायक होती हैं, बल्कि आमजन, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अपने इतिहास और ज्ञान परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती हैं। उन्होंने पांडुलिपियों के संरक्षण एवं अध्ययन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस अवसर पर अभिलेख निदेशक डॉ. मोहम्मद फैसल अब्दुल्लाह ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित पांडुलिपियां, चित्र एवं अभिलेख बिहार की समृद्ध बौद्धिक परंपरा की झलक प्रस्तुत करते हैं। इससे आमजन, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को समझने का अवसर प्राप्त होगा। पटना संग्रहालय के अंतर्गत बिहार रिसर्च सोसायटी में प्राचीन पांडुलिपियों का एक अद्वितीय संग्रह सुरक्षित है जिसमें विभिन्न भाषाओं और लिपियों में लिखी लगभग 10,000 से अधिक पांडुलिपियां संरक्षित हैं।

# अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी /गयाजी।** उत्पाद थाना शेरघाटी की टीम ने डोभी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई डोभी-गया मुख्य मार्ग पर पथरा मोड़ के समीप एचपी पेट्रोल पंप के पास की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान गौरव कुमार (19 वर्ष), पिता रंजीत सिंह, निवासी बुटी मोड़, थाना-खरेगांव, जिला-डुमरडगा (झारखंड) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने वाहन से 1632 बोतल विदेशी शराब बरामद की जिसकी कुल मात्रा 293.760 लीटर बताई गई है। साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त सफेद रंग की टोयोटा इटियोस कार को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

# जनता दरबार में पेंशन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

## बीडीओ ने सर्वे कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को बीडीओ विपुल भारद्वाज की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित हुआ। इसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। असलेमपुर पंचायत के सिंघड़ा गांव की राधिका देवी और खजुरी पंचायत की फूल कुमारी देवी ने पेंशन लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। बीडीओ ने दोनों मामलों की जांच कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार के बाद बीडीओ ने प्रखंड समन्वयक अमरेश कुमार के साथ सभी पंचायत पर्यवेक्षकों की बैठक कर ऐप के माध्यम से चल रहे सर्वे कार्यों की समीक्षा की। कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित समय सीमा में सर्वे



पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। ताकि योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुंच सके।

# पारिवारिक कलह से तंग विवाहिता ने दी जान, जांच में पुलिस जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना अंतर्गत मूरारचक गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां पारिवारिक कलह से तंग आकर 26 वर्षीय पूजा कुमारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका जगत किशोर की पत्नी बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। इसी मानसिक तनाव के चलते पूजा कुमारी ने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की प्रारंभिक जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस को परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही मामले की गहनता से जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मूरारचक गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों में विवाहिता की मौत को लेकर गहरा दुख है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान का इंतजार कर रही है ताकि मौत के असली कारणों और परिस्थितियों का स्पष्ट खुलासा हो सके।

# विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा तथा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्य चुनाव आयोग, भारत सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल, असम सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव आयोग की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भूमिका लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चुनाव आयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराएगा जिससे जनता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का पूरा अवसर मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने मजबूत संगठन, समर्पित कार्यकर्ताओं और व्यापक जनसमर्थन के बल पर इन राज्यों में मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और गरीबों के उत्थान के प्रयासों का प्रभाव पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डॉ. मिश्रा और अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की जनता परिवर्तन के लिए उत्सुक है और राज्य में सत्ता परिवर्तन की लहर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री की जनसभाओं और रैलियों में उमड़ रही भीड़ यह दर्शाती है कि जनता भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास जता रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी तथा जनता के आशीर्वाद से प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का संकल्प पूरा करेगी। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरे उत्साह और समर्पण के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# कांशीराम की जयंती मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** आंबेडकर नगर, कोंच में रविवार की रात बहुजन समाज के प्रेरणास्रोत एवं प्रख्यात नेता कांशीराम की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन समाज सेविका पूजा भारती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मिशन गायक हरी ओम अकेला ने मिशन गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों में जोश और जागरूकता का संचार किया। वक्ताओं ने कांशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रवि रंजन रविदास, आशा नंद भारती, राजा, बिपिन, बबन, पप्पू, राहुल, रंजू, सूरज समेत कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। समारोह का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# प्रत्येक 10 वर्षों पर की जाती है जनगणना : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिले में जनगणना 2027 के सुचारू रूप और त्रुटि रहित संचालित करने के लिए जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत आज समाहरणालय के सभा कक्ष में की गई। इसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में जनगणना का इतिहास 1872 से है। उन्होंने कहा कि 1881 से प्रत्येक 10 वर्ष पर भारत में जनगणना आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद यह आठवीं जनगणना है। इसे निष्पक्ष और त्रुटि रहित संचालित करने के लिए प्रशिक्षण को लगन और जागरूक रहकर सभी को सीखना है। उन्होंने कहा कि 2 मई से 31 मई तक मकान की गणना होगी और 1 फरवरी से 1 मार्च 2027 तक जनगणना की जायेगी। इसके अन्य कर्मियों का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय :– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
**Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com**

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**



नाम : शिवांस (काल्पनिक)
लिंग : पु0
माता का नाम : अज्ञात
पिता का नाम : अज्ञात
उम्र : 09 माह 09 दिन (लगभग)
वजन : 8.500 कि0ग्रा0
बालिका का रंग : सावला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक गढ़वा जिला के नगर निगम अंतर्गत श्री साई हॉस्पिटल, टंण्डवा के झाड़ी से प्राप्त हुई है। उक्त बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, देवघर में संरक्षित है।

बालक के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालिका से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालिका से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका–2022 के नियम–6 के उपनियम–13 के अंतर्गत उक्त शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा।

**कार्यालय पता:–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

**PR 375253 Women, Child Development & Social Security(25-26)#D**

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | 23/2025 | खैर लकड़ी बोटा (314 पीस– 6.4573 घन मी0) तथा ट्रक मॉडल **TATA LPT3118TC,** चेचीस नं0 **MAT466441F5J12751,** इंजन नं0 **51J84251822, Reg.No.- HR 46D - 7092** | दिनांक 07.04.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 02 | 24/2025 | साल चौखट (25 पीस– 19.44 CFT) तथा **Mahindra Bolero (White Colour) Reg.No.- JH01AK5752,** जिस पर "62C24479" एवं "0A64B23847" अंकित है | दिनांक 07.04.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 375258 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहन एवं वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है, जिसमें संबंधित पक्ष को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए सुनवाई की तिथि 28.03.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है। अतः उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहन एवं वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन एवं वन पदार्थ | अभियुक्तों का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11/2026 | (1) महिन्द्रा पिकअप, निबंधन संख्या–CG12E0684, रंग–सफेद एवं (2) सेमल बोटा कुल–8 पीस (5 फीट 5 इंच x 5 फीट–1 पीस; 5 फीट 6 इंच x 5 फीट 2 इंच–1 पीस; 5 फीट 5 इंच x 2 फीट 2 इंच–2 पीस; 5 फीट x 2 फीट 3 इंच–2 पीस; 5 फीट 4 इंच x 3 फीट–1 पीस एवं 2 फीट 5 इंच x 2 फीट 3 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |

**PR 375254 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)#D**

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

CMYK

संपादकीय

# लड़ी जा रही है एक बेमतलब की जंग

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रम्प और इसराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को लगा था कि ईरान को 4 दिनों में घुटनों पर ला दिया जाएगा। अयातुल्ला खामेनेई, उनके दामाद, बेटी, नाती, रक्षा मंत्री, सेना के सर्वोच्च कमांडर आदि को मार कर ऐसी संभावनाएं जग भी गई थीं लेकिन अब ट्रम्प खुद कह रहे हैं कि 4 दिन की जगह 4 हफ्ते लग सकते हैं। चार हफ्ते भी कम से कम। उधर ईरान चाहता है कि लड़ाई 4 महीने चले। दुनिया, खासतौर से खाड़ी देशों, यूरोपियन यूनियन और भारत के दिन इसी इंतजार में कट रहे हैं कि अब होगा युद्ध विराम, अब जंग खत्म होगी और बातचीत शुरू होगी। ट्रम्प कह चुके हैं और कह कर मुकर चुके हैं कि ईरान बात करना चाहता है लेकिन अमरीका ने कह दिया है कि बहुत देर कर दी। उधर ईरान ने पहले कहा कि वह अपनी तरफ से बातचीत की पहल नहीं करेगा। उसके बाद कहा कि पहले जंग खत्म हो फिर बात होगी। यानी साफ है कि दोनों देश कोई बीच का रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन नाक की लड़ाई का भी ख्याल रख रहे हैं। जब तक सूरत नजर नहीं आती तब तक कच्चे तेल और गैस के दाम बढ़ते रहेंगे, शेयर बाजार हिचकोले खाता रहेगा, महंगाई बढने की आशंका परेशान करती रहेगी, बहुत से देशों का बजट गड़बड़ाता रहेगा और आर्थिक मंदी का साया मंडराता रहेगा। ईरान शायद चाहता भी यही है। लेकिन ट्रम्प क्या चाहते हैं, नेतन्याहू के दिल में क्या है साफ नहीं है। खामेनेई की मौत ने पूरे ईरान को एक कर दिया है। उनकी जगह लेने वाले, उनके बेटे को और भी ज्यादा कट्टर होना ही पड़ेगा। वह बातचीत के लिए तैयार हुआ तो विरोध का सामना करना पड़ेगा। ट्रम्प का कहना कि 4 मकसद थे। एक, ईरान की नेवी का खात्मा करना। दो, ईरान के परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना, तीन, ईरान की मिसाइल क्षमता को काफी हद तक सीमित करना और चार, सत्ता परिवर्तन करना। जानकारों का कहना है कि सत्ता परिवर्तन को छोड़ कर बाकी में वह काफी हद तक कामयाब हो चुका है। आई.ए.ई.ए. (अंतर्राष्ट्रीय एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) कह ही चुका है कि ईरान परमाणु बम नहीं बना रहा। ईरान साफ कर चुका है कि अयातुल्ला खामेनेई का दिया ऐसे बम नहीं बनाने का फतवा उनकी मौत के बाद भी अमल में रहेगा। ऐसे में ट्रम्प कभी भी ऐलान कर सकते हैं कि ईरान का मिसाइल सिस्टम, नेवी और परमाणु ठिकाने बर्बाद किए जा चुके हैं और विश्व शांति के लिए युद्ध में जाने का उसका मकसद पूरा हो गया है (पूरी दुनिया इस पर राहत की सांस लेगी, शायद ही कोई उनके दावों को चुनौती देगा)। इसराईल चाहता है कि ईरान को कमजोर कर दिया जाए। इतना कमजोर कि खाड़ी देशों में उसकी कोई पूछ नहीं रहे और नेतन्याहू खाड़ी देशों के थानेदार बन जाएं। दोनों देशों की लगातार बमबारी ने पहले से कमजोर ईरान को और ज्यादा कमजोर किया है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। नेतन्याहू अपनी इस जीत के बल पर अक्तूबर के चुनावों में उतर सकते हैं या फिर जल्द चुनाव करवा कर फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रम्प को चूंकि अगला चुनाव लडना नहीं है, लिहाजा वह भी चाहेंगे कि सैनिकों के ताबूतों की संख्या बढने से पहले वह पतली गली पकड़ लें। उधर ईरान 5 तरह की मिसाइलों और सस्ते ड्रोन से अमरीका और इसराईल को हैरान-परेशान किए हुए है। ईरान का सस्ता ड्रोन सिर्फ 20,000 डालर (करीब 17 लाख रुपए) का पड़ता है, जबकि इस ड्रोन को हवा में ही मारने के लिए जो मिसाइल इंटरसैप्टर अमरीका दागता है, उसकी कीमत 4 मिलियन डालर (करीब 8 करोड़ रुपए) बैठती है। अब ईरान के पास तो हजारों की संख्या में ऐसी मिसाइल और ड्रोन हैं, उसके दोस्त हमास के पास 30 से 40 हजार पुरानी मिसाइलें हैं लेकिन अमरीका के पास इंटरसैप्टर का टोटा है। अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने खुद स्वीकारा है कि ईरान हर महीने 100 मिसाइल बनाने की क्षमता रखता है, जबकि अमरीका में एक महीने में सिर्फ 6 इंटरसैप्टर बनाने की क्षमता है। ईरान ने पिछले साल जुलाई के 12 दिन के युद्ध से सबक सीखा और पूरे देश में 33 से ज्यादा ठिकानों पर मिसाइल लांचर तैनात कर दिए। इनमें से कुछ तो जमीन के अंदर भी हैं

# सेवा क्षेत्र में नौकरी को लेकर उठे सवाल

**अर्थव्यवस्था के मुख्य रूप से तीन क्षेत्र होते हैं। पहला प्राथमिक क्षेत्र, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण और उत्पादन से संबंधित क्रियाएं होती हैं। जैसे कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, वनस्पति और वन उत्पाद और खनन। दूसरा क्षेत्र है जिसमें प्राथमिक क्षेत्र से प्राप्त कच्चे माल से विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जाता है। इसमें विनिर्माण उद्योग, निर्माण कार्य और बिजली उत्पादन जैसी गतिविधियों को सम्मिलित किया जाता है। अर्थव्यवस्था का तीसरा क्षेत्र सेवाओं से संबंधित है। इसमें व्यापार और वाणिज्य, साजो-समान परिवहन, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य, वित्त, बीमा, पर्यटन तथा आतिथ्य से जुड़ी सेवाओं को शामिल किया जाता है। इन तीनों क्षेत्रों का एक दूसरे से गहरा संबंध है और ये मिल कर देश की अर्थव्यवस्था को आकार देते हैं। रोजगार की दृष्टि से भी ये तीनों क्षेत्र महत्त्वपूर्ण हैं।**

**अजय जोशी**

भारत का सेवा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। इसमें पर्याप्त रोजगार भी उपलब्ध हुए हैं, लेकिन इनमें गुणवत्ता वाले रोजगार की कमी बनी हुई है। सेवा क्षेत्र लगभग 18.8 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है, जो कुल कार्यबल का लगभग 30 फीसद है। नीति आयोग की एक नई रपट के अनुसार, वर्ष 2023-2024 में सेवा क्षेत्र में रोजगार बढ़ कर 29.7 फीसद हो गया, जो वर्ष 2011-12 में 26.9 फीसद था। इस दौरान लगभग चार करोड़ नौकरियां जुड़ीं जो वैश्विक औसत 50 फीसद से काफी कम है।

इससे संकेत मिलता है कि भारतीय कृषि और सेवा क्षेत्र की बढ़त अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में धीमी रही है। जाहिर है कि सामाजिक सुरक्षा, असंगठित क्षेत्र के पंजीकरण और औपचारिक सेवाओं के विस्तार पर जोर देना होगा। भारत सरकार ने सेवा क्षेत्र को अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा क्षेत्र मानते हुए इसे बढ़ावा देने वास्ते कई महत्त्वपूर्ण प्रयास किए हैं। 'डिजिटल इंडिया अभियान' के अंतर्गत कई सरकारी सेवाओं को आनलाइन किया गया है।

डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा का विस्तार करने के लिए कदम उठाए गए। 'स्टार्टअप इंडिया योजना' के अंतर्गत नए उद्यमों को करों में छूट और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान किया गया है। जो कंपनियां नवाचार और सेवा आधारित कार्यों को प्रोत्साहन देती हैं, उनको कई राहत और प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की है। 'मेक इन इंडिया अभियान' के अंतर्गत विनिर्माण के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और आतिथ्य जैसे सेवा क्षेत्रों को बढ़ावा देने के उपाय किए गए हैं। इसके अलावा, 'स्किल इंडिया मिशन' के माध्यम से युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर सेवा क्षेत्र के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने की योजनाएं बनाई गई हैं। साथ ही पर्यटन स्थलों का विकास और विदेशी पर्यटकों को



आकर्षित करने के प्रयास किए गए हैं। होटल और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोशिश जारी हैं। आइटी और बीपीओ क्षेत्र को प्रोत्साहन, साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को कर रियायतें और सेवा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई गई हैं।

सरकार ने वित्तीय समावेशन योजनाओं के अंतर्गत बैंकिंग सेवाओं का विस्तार और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के भी उपाय किए हैं। हकीकत यह है कि सरकारी प्रोत्साहनों और प्रयासों के बावजूद सेवा क्षेत्र की अधिकांश नौकरियां और सेवाएं अभी भी कम उत्पादकता वाले क्षेत्रों जैसे व्यापार और परिवहन में केंद्रित है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएं अधिक मूल्य सृजन तो करती हैं, लेकिन इनमें रोजगार के अवसर सीमित हैं। नीति आयोग के अनुसार, सेवा क्षेत्र अब भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ बन गया है। हालांकि, ग्रामीण और शहरी असमानताएं अभी भी बनी हुई हैं। गुणवत्ता वाला रोजगार वह होता है, जिसमें काम के बदले पर्याप्त आय मिले, जो जीवनयापन की जरूरतों को पूरा करे। यह समय पर भी मिले। शारीरिक और मानसिक रूप से सुरक्षित कार्यस्थल हो जो स्वास्थ्य जोखिम एवं भेदभाव जैसे उत्पीड़न तथा असुरक्षित कार्य से मुक्त हो। चिकित्सा बीमा, पेंशन, भविष्य निधि, मातृत्व लाभ और वेतन सहित छुट्टियां जैसी सुविधाएं मिलें। व्यक्ति के कौशल विकास, प्रशिक्षण, पदोन्नति और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध हों। यदि हम इन मापदंडों के आधार पर सेवा क्षेत्र का मूल्यांकन करें, तो पाते हैं कि अधिकांश सेवा क्षेत्र उपक्रमों में इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया जाता। सेवा क्षेत्र में रोजगार की गुणवत्ता की दृष्टि से अधिकांश सेवा क्षेत्र उपक्रमों में असमानता है और गुणवत्ता की शर्तें लागू नहीं होतीं। इसमें अधिकांश रोजगार अनौपचारिक और कम वेतन वाले हैं। सेवा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी कम है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसके लिए व्यावहारिक कार्यक्रमों और नीतियों को लागू करना जरूरी है। इस क्षेत्र की जो गतिविधियां अनौपचारिक क्षेत्र में हैं, उनको औपचारिक क्षेत्र में लाने और कार्यरत व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करना जरूरी हैं।

महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए कौशल विकास और डिजिटल माध्यमों की पहुंच बढ़ाना भी आवश्यक है। इसमें निवेश और नवाचार भी बढ़ाने की जरूरत है। इसमें कार्यरत श्रम बल के रोजगार की गुणवत्ता की दृष्टि से कई उपाय किए जा सकते हैं, जिनमें स्व-नियोजित व्यक्ति और सूक्ष्म लघु तथा मध्यम क्षेत्र के उपक्रमों के श्रमिकों के लिए औपचारिक रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू करने, ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल तथा डिजिटल पहुंच पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। शहरों में सेवा केंद्रों के माध्यम से संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा दिया जाना भी जरूरी है। इससे रोजगार में गुणवत्ता बनी रह सकती है।

रोजगार गुणवत्ता की दृष्टि से डिजिटल अवसंरचना, नवाचार, वित्त और कौशल को प्राथमिकता, स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर राज्य स्तरीय सेवा रणनीति विकसित करना, संस्थागत क्षमता में सुधार और सेवाओं को औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ संतुलित करना एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए शहरी और क्षेत्रीय सेवा समूहों का विस्तार जैसे उपाय भी किए जा सकते हैं। सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के रोजगार में गुणवत्ता बढ़ाने की दृष्टि से जहां एक तरफ सरकारी उपाय जरूरी है, वहीं इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों का कौशल बढ़ाने एवं प्रशिक्षण संस्थानों को कुशल कार्यबल उपलब्ध कराने के लिए गुणवत्ता में सुधार करना जरूरी है।

गुणवत्तापूर्ण रोजगार के लिए जो युवा सेवा क्षेत्र में आना चाहते हैं, उन्हें भी कुछ प्रयास करने होंगे। वे जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसमें उन्हें प्रशिक्षण लेना चाहिए। व्यावसायिक अनुभव के लिए अपने क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। सामूहिक भावना और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और डिजिटल विपणन क्षमता को भी विकसित करने की जरूरत है। कौशल विकास के लिए सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में कई आनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इनमें से जिस क्षेत्र में युवा अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उस क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक अनुभव लेने का प्रयास करना चाहिए। दो मत नहीं कि सामूहिक प्रयासों से ही सेवा क्षेत्र में रोजगार की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है।

अध्यात्म

## संत की दुखी शिष्य को सीख

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था, एक दिन वह बहुत निराश हो गया। निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु बहुत ही ज्ञानी व्यक्ति थे। उन्होंने अपने शिष्य को समझाया कि मैं तुम्हें उपाय तो बताऊंगा, लेकिन पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ।

शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। पहले उसे एक आदमी मिला जो अपने घर के बाहर शांत बैठा था। शिष्य ने सोचा कि शायद यही सबसे सुखी है। उसने विनम्रता से कहा कि आप मुझे मुट्ठीभर अनाज दें, क्योंकि आप सबसे सुखी लगते हैं।

वह आदमी गुस्से में बोला कि आज सुबह ही मेरी पत्नी से झगड़ा हुआ। रोज नई-नई समस्याएं आती हैं। मैं समझ नहीं पा रहा कि उसे कैसे ठीक करूं। मैं खुश नहीं हूं। शिष्य वहां से आगे बढ़ा और दूसरे व्यक्ति के पास गया। उसने वही प्रश्न किया। वह व्यक्ति बोला कि मेरा पड़ोसी बहुत अमीर है। उसके पास सब कुछ है, मेरे पास कुछ नहीं। मैं तो गरीब और दुखी हूं।

शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई।

गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। अपनी योग्यता पर भरोसा रखो। दूसरों के कार्यों से तुलना मत करो। यही सुखी जीवन का रहस्य है। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया। उसने देखा कि जब वह अपने ऊपर ध्यान देता है और धैर्य रखता है, तो उसकी परेशानियां हल होने लगती हैं और जीवन में शांति आती है।

**सीख:** कठिन समय में निराशा से बचना चाहिए। ध्यान रखें हर समस्या का समाधान समय के साथ जरूर मिलता है। अपनी ताकत और कमजोरियों को समझें। सुधार की दिशा में काम करें।

# 'कुछ मीठा हो जाए' या 'कुछ बीमार हो जाए'?

**अक्सर देखने में आया है कि चीनी और नमक से खबरदार करने वाले भी इस संदर्भ में कड़वे बोल नहीं कहते। जबकि इस तरह की पार्टी के बहाने शुरू हुई आदत का सिरा आगे चल कर सेहत के खिलाफ किस तरह खड़ा हो जाता है, यह छिपा नहीं रहा है। खुशी तो हम शरीर, दिल और दिमाग से भी महसूस कर सकते हैं। उसमें कुछ मीठा खाना तो बाहरी कर्म है।कोई ताजा फल खा लिया जाए, तो भी जिंदगी में खुशी और उत्साह उभर सकता है। बदलते जमाने के साथ 'आज कुछ खट्टा-मीठा हो जाए' कहा जाए और खाया भी जाए तो क्या हर्ज है? यह बिल्कुल नया और सेहतमंद अनुभव होगा। किसी को मीठा ज्यादा परेशान कर रहा है, तो 'अब सिर्फ खट्टा हो जाए' बोल कर सिर्फ खट्टा ही खाया और खिलाया जा सकता है। बाजार में सामान बहुत है, इसलिए खुशी मनाने और सेहत बचाने के लिए मीठे की जगह कुछ नया और अलग खाना शुरू करना चाहिए।**

### स्वाद के चक्कर में बढ़ती चीनी और नमक की खपत भारतीय सेहत के लिए खतरा है

**प्रभात कुमार**

आहार का स्वाद बनाए रखने के लिए चीनी और नमक बहुत जरूरी है। दुनिया के मशहूर बावर्ची खास और महंगे व्यंजन पकाते हुए नमक की बारी आने पर कहते हैं- स्वादानुसार। नमक तो ज्यादा खाना वैसे भी संभव नहीं होता। मीठा कम खाने के बारे कोई नहीं कहता, इसलिए मीठा रुकने का नाम नहीं लेता।

यह खूब खाया जाता है। इसके असर के बारे में जानते हुए भी लोग इससे बचना जरूरी नहीं समझते। हालांकि मोटापा, मधुमेह और दूसरे कारणों से जब शरीर परेशान होने लगता है, तब मीठा कम करना पड़ता है। हमारी जीवन शैली ही ऐसी है कि चीनी दुखी करने लगे, तब भी किसी न किसी बहाने मीठा खाना छूटता नहीं है।

कितने ही लोग सुबह उठकर गोली खा लेते हैं और दिन में गुलाब जामुन पेश किए जाएं, तो उन्हें मुस्कुराकर स्वीकार कर लेते हैं। कोई खुशखबरी जिंदगी में इठलाती हुई प्रवेश कर जाए और जल्दी से कोई मिठाई न मिल सके, तो चीनी को ही मिठाई मान कर मुंह मीठा करा दिया जाता है। वैसे हर मिठाई में चीनी की ही महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। लगभग हर प्रसाद में मिष्ठान खिलाया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ज्यादा मीठा खाते रहना सेहत के लिए दिन पर दिन खतरनाक हुआ जा रहा है। खुशी मनाने और मनवाने के लिए मुंह मीठा करवाना हमारी ऐतिहासिक परंपरा है और परंपराओं से मुंह मोड़ना हमारे यहां सांस्कृतिक गुस्ताखी मानी जाती है। मीठा खाकर आराम से बैठने के कारण राष्ट्रीय सेहत बिगड़ रही है।

यह पढ़कर और जानकर कसैला अनुभव होता है कि हमारा देश दुनिया की मीठी राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। आशंका है कि वास्तविकता में यह हो भी चुका हो, क्योंकि सच अब बेचारा हो चुका है। पता नहीं वक्त के किस कोने में सिर झुकाए बैठा होगा। 'कुछ मीठा हो जाए' जैसे विज्ञापनों ने प्यार तो बहुत पाया, तभी सामान भी खूब बिकवाया, लेकिन जितना नुकसान मीठा खाते रहने वालों का हुआ, उतना मीठा खाने वाले नहीं समझते।

मिठास के पीछे दुनिया इतनी दीवानी है कि उत्सव और खुशियों की पारंपरिक मिठाई, यानी गुड़ को भी नहीं बख्शा गया। उसे ज्यादा मीठा, कुरकुरा और स्वाद बनाने के लिए उसमें चीनी मिलाना कब से हो रहा है। दर्जनों प्रसिद्ध ब्रांडों की गजक चीनी के सहारे बिक रही है। कितनी ही चीजों में असली चीनी की जगह जो नकली चीनी खिलाई जा रही है, वह असली चीनी से ज्यादा खतरनाक बताई जाती है।

अच्छी सेहत के बारे में समझाने वाले उचित ही कहते हैं कि जब बीमारियां दस्तक देना शुरू कर रही हों तो भोजन में चीनी और नमक कम कर




देना चाहिए। इस बारे में वाकई संजीदा विचार करना चाहिए और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए कोई विज्ञापन प्रेरित करे या न करे, खुद ही अपने आप से कहा जाए कि मीठा ज्यादा नहीं, अब नमकीन भी कम हो जाए। यह दोनों शरीर में कम प्रवेश करेंगे, तो जिंदगी की असली सेहत सलामत रहेगी और तबीयत भी बार-बार खराब होने से बचा करेगी।

यह बिल्कुल सही कहा गया है कि डाक्टर के पास जाकर दवाई खाकर स्वस्थ रहना, स्वस्थ रहना नहीं है, बल्कि डाक्टर के पास न जाकर, स्वानुशासन अपनाकर स्वस्थ रहना ही वास्तव में स्वस्थ रहना है। यह बात दीगर है कि विषाणु, दुर्घटना, प्रदूषण और गरीबी के पड़ोस में तो कोई भी बीमार हो सकता है। खुशी मनाने के लिए 'कड़वा हो जाए' कहने का प्रचलन भी हमेशा रहा है और बढ़ता ही जा रहा है। मिठाई खाने से ज्यादा स्वाद तो लोग सोमरस पीने और पिलाने में लेते हैं।

यह पेय मिठाई खिलाने से कम रसीला नहीं माना जाता। यही माना जाता है कि खुशी की पार्टी तो तभी पूरी होती है, जब मदिरापान हो। एक बार मिली जिंदगी का पूरा लुत्फ लेने के लिए पीना पिलाना बढ़ रहा है। हमारे देश को इस तरह के स्वाद रस की खपत में दुनिया भर में काफी बढ़त मिली है। खुशी के अवसरों पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं से बच बचाकर, 'आज शाम को पार्टी हो जाए' भी खुलकर कहा जा रहा है।

अक्सर देखने में आया है कि चीनी और नमक से खबरदार करने वाले भी इस संदर्भ में कड़वे बोल नहीं कहते। जबकि इस तरह की पार्टी के बहाने शुरू हुई आदत का सिरा आगे चल कर सेहत के खिलाफ किस तरह खड़ा हो जाता है, यह छिपा नहीं रहा है। खुशी तो हम शरीर, दिल और दिमाग से भी महसूस कर सकते हैं। उसमें कुछ मीठा खाना तो बाहरी कर्म है।

कोई ताजा फल खा लिया जाए, तो भी जिंदगी में खुशी और उत्साह उभर सकता है। बदलते जमाने के साथ 'आज कुछ खट्टा-मीठा हो जाए' कहा जाए और खाया भी जाए तो क्या हर्ज है? यह बिल्कुल नया और सेहतमंद अनुभव होगा। किसी को मीठा ज्यादा परेशान कर रहा है, तो 'अब सिर्फ खट्टा हो जाए' बोल कर सिर्फ खट्टा ही खाया और खिलाया जा सकता है।

बाजार में सामान बहुत है, इसलिए खुशी मनाने और सेहत बचाने के लिए मीठे की जगह कुछ नया और अलग खाना शुरू करना चाहिए। सबसे पहले तो 'कुछ मीठा हो जाए' की जगह अब 'कुछ नमकीन हो जाए' जैसी सेहतमंद बात क्यों न की जाए!

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके काम अपेक्षाकृत तीव्र गति से पूर्ण होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। कर्ज लौटाने में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम सा हो सकता है। शीघ्र सफलता प्राप्त करने के लिये शॉर्टकट अपना सकते हैं। लेकिन इससे नुकसान की आशंका भी है।

**मिथुन**
आज आप काफी नये विचारों के प्रभाव में रहेंगे। विवाह सम्बन्धी चर्चायें कर सकते हैं। घर की आवश्यक वस्तुओं की ऑनलाइन खरीदी कर सकते हैं।

**कर्क**
नयी विधाओं को सीखने का प्रयास करें। आप मित्रों की सहायता करेंगे। करियर सम्बन्धी समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा।

**सिंह**
कारोबार में कोई बड़ा लक्ष्य अर्जित कर सकते हैं। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कन्या**
आपको अपने सिद्धान्तों से समझौता नहीं करना चाहिये। बच्चों से कुछ गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा।

**तुला**
शुगर के रोगी अपने खानपान पर ध्यान दें। आलस्य के कारण काम बिगड़ सकते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं।

**वृश्चिक**
अपनी मेहनत और क्षमताओं पर विश्वास रखें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को समझने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रगति होने से उत्साहित रहेंगे।

**धनु**
नया काम शुरू करने से पूर्व उसकी पूरी तैयारी कर लें। समाजसेवा से जुड़े लोगों को मान-सम्मान प्राप्त होगा। आपकी आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। सन्तान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे।

**मकर**
उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिये। किसी से अधिक बहस न करें, अन्यथा मानहानि हो सकती है। अटका हुआ धन आपको मिल सकता है। सेहत के प्रति सावधान रहें।

**कुंभ**
अपनी व्यक्तिगत बातों को लोगों के समक्ष सार्वजनिक न करें। कार्यक्षेत्र में आपके लिये परिस्थितियाँ अनुकूल रहने वाली हैं। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**मीन**
अपने कर्म पर विश्वास रखें। आय और व्यय में सन्तुलन रहेगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। नये व्यवसाय पर धन निवेश कर सकते हैं। लोगों के सामने छवि काफी अच्छी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ लॉ गर्दनीबाग में निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ लॉ के फी लीगन एड क्लीनीक की ओर से भारतीय मजदूर संघ कार्यालय गर्दनीबाग में एक




निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री (भारतीय मजदूर संघ बिहार/झारखण्ड) का विशेष सहयोग रहा। शिविर में बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ लॉ के निदेशक, डा. अरुण श्रीवास्तव, प्राचार्या, डा. अमृता एवं विभागध्यक्ष, डा. फरहत जबीन एवं विधिक कानूनी सहायता केन्द्र के सदस्यगण, छात्र-छात्राओं के साथ सक्रीय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को विधिक जागरूकता प्रदान करना तथा निःशुल्क कानूनी सलाह सहायता के रूप में उपलब्ध कराना था।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार बिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को धनरूआ थाना क्षेत्र के सिताचक गांव से उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक नाम सिंटू कुमार पिता साधू सिंह सीताचक के निवासी हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि यह मामला 5. 6 .2025 की है जहां पर इस कांड के वादी मुकेश कुमार पिता अवधेश प्रसाद बहरामपुर गांव के निवासी हैं जो थाना के बगल में एमके इंजीनियरिंग वर्कशॉप चलाते हैं इनके दुकान में लोहे का पल्ला की चोरी हुई थी ,इस मामले में केस दर्ज की गई थी, जांच पड़ताल के दौरान सिंटू कुमार की गिरफ्तारी की गई है।

### रंगे हाथों गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने एक भैंस चोर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के उपरान्त सोमवार को जेल भेज दिया है। जबकि एक नाबालिग को विधि निरुद्ध किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मकदुमपुर से एक भैंस चोरी कर महुली गांव निवासी कैलाश कुमार एक नाबालिग के साथ जा रहा था। इसकी सूचना तत्काल ग्रामीणों ने अथमलगोला पुलिस को दी। जिसके आधार पर मौके पर पहुंची अथमलगोला थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को हिरासत में ले लिया।इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि भैंस चोरी कर ले जाते हुए एक बालिग और एक नाबालिग को हिरासत में लेकर विभिन्न सुसंगत धारा के अधीन मामला दर्ज कर कैलाश कुमार को न्यायिक अभिरक्षा में बाढ़ उपकारा भेज दिया गया है। जबकि बाल कैदी को पटना जुवेनाइल कोर्ट के द्वारा बाल सुधार गृह पटना भेज दिया गया है।

### अपहरण मामले में आरोपित युवक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के रासिलचक गांव से शादी की नीयत से एक लड़की के अपहरण मामले में पुनपुन पुलिस ने आरोपी युवक प्रिंस कुमार पिता करमु विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल बताया जाता है कि रसिलचक गांव के ही रहने वाली एक लड़की को शादी की नीयत से लेकर फरार हो गया था, इस मामले में इस घटना के वादी सुनीता देवी के बयान पर रासिलचक गांव के प्रिंस कुमार पिता करमू विश्वकर्मा पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी,जहाँ पुनपुन थाना 93/26 कांड के तहत आरोपी युवक को परसा बाजार से गिरफ्तार किया है वहीं लडकी को भी बरामद कर ली गई है इसके बाद गिरफ्तार युवक को उसे जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### शराबी पति के खिलाफ थाने में कराया मामला दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने अपने पति जो जुआ और शराब की लत से तंग आकर मसौढ़ी थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफ मारपीट तंग तबाह और फेसबुक पर गंदी गालियां देकर वायरल करने के मामले में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है ।दरअसल पीड़ित विवाहिता ने थाने में लिखकर बताया है कि हमारी शादी 10 वर्ष पहले मनेर थाना क्षेत्र के रेवां गांव में पिंटू कुमार पिता सत्यनारायण सिंह के साथ हुई थी, दो बच्चे भी हैं, और यह शराब की लत से अपने जमीन जायदाद को बेचकर खा रहा है जिससे मना करने पर लगातार मारपीट करता है और हमसे पैसा की मांग करता है और इस बीच बचाव में कोई रिश्तेदार आते हैं तो उन्हें भी मारपीट करता है, जिससे तंग आकर हम थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं,, इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी अश्लील गालियां देकर वायरल करने की ढी बात बताया है।फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### टी पी एस. कॉलेज, पटना में अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के दिनकर सभागार में अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो रूपम के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण (विषय : लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका), वाद-विवाद (विषय वरदान या अभिशाप) तथा काव्य-पाठ की विधाएं आयोजित की




गईं। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से कार्यक्रम को अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक बना दिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में डॉ. मीता (एसोसिएट प्रोफेसर, नव नालंदा महाविहार), डॉ. चंद्रलेखा (एसोसिएट प्रोफेसर, बी.एस. कॉलेज, दानापुर) तथा डॉ. शशि भूषण चौधरी (टी.ओ.एस. कॉलेज, पटना) शामिल थे। प्रोफेसर सलोनी कुमार (हेड, पीजी डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं सृजनात्मक सोच को विकसित करते हैं।

### हिंदू सम्मेलन सह भजन कीर्तन एवं हनुमत उपासना कार्यक्रम का आयोजन

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत करजान दुर्गा स्थान परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन सह भजन कीर्तन एवं हनुमत उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ के जाने माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंजेश कुमार, संजीव कुमार मुन्ना,सिकंदर पासवान उर्फ बब्लु पासवान, जगन्नाथ कुमार, वकील सिंह, संजीव कुमार, आनंदी सिंह, बच्चू सिंह राजो सिंह, रामायण सिंह, विनय सिंह, नवीन सिंह, सुधीर सिंह सहित सैकड़ों प्रबुद्धजन मौजूद रहे। डॉ अंजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे विश्व में शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। पूरे बाढ़ में चालीस स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन होना है।इसी क्रम में आज करजान में हिंदू सम्मेलन सह भजन कीर्तन एवं हनुमत उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्रियाकलाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# आठवीं की छात्रा सीमा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

**महिला सशक्तीकरण की मिसाल, उत्क्रमित मध्य विध्यालय भदौरा मे आठवीं कक्षा की छात्रा बनी प्रधानाध्यापिका**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ पखवाड़ा के तहत मसौढी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विध्यालय भदौरा में महिला सशक्तिकरण की मिसाल देखी गई, जहां कक्षा आठ की छात्रा को विध्यालय का प्रधनाध्यापिका बनाया गया, जहां दो घंटे के लिए वर्ग संचालन की जिम्मेदारी निभाई, जहां स्कूल के सभी बच्चों और शिक्षकों ने स्वागत किया, प्रधनाध्यापक मो. मंजर शादाब ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नारी सशक्तिकरण की भावना को और मजबूत करते हैं।गौरतलब है की उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा में कक्षा आठ की छात्रा सीमा कुमारी पिता मुन्ना रविदास, माता दौलती देवी रौल नं 4, की छात्रा को नारी सशक्तीकरण अन्तर्गत एक सोमवार को प्रधानाध्यापिका बनाया गया। सीमा कुमारी के पिता राज मिस्त्री का काम करते हैं और इस विद्यालय में सबसे तेज तर्रार और नियमित छात्रा है जो पूरे स्कूल की टॉपर बनी रहती है। प्रधनाध्यापिका बनने के उपरांत सीमा ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था से लेकर साफ-सफाई व शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने पर विशेष जोर दिया। शासन की ओर से महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर मिशन शक्ति-5 अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत सोमवार को विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा सीमा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। उन्होंने सभी शिक्षकों में सामंजस्य स्थापित की, इसके अलावा उन्होंने विद्यालय परिसर, शौचालय, एमडीएम शेड की साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। उनके दिशा निर्देशों पर सोमवार को काम करने वाले शिक्षकों में अंजू कुमारी, चंदन कुमार,अंजू कुमारी-2,शहनाज बानो,अनिता कुमारी, रीना कुमारी,रिजवाना खातुन आदी उपस्थित रहे।

## दरधा नदी से मिट्टी काटने को लेकर ग्रामीणों का हंगामा, दर्जन भर राउंड की गयी फायरिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के अलीपुर व भखरी समेत अन्य जगहों पर दरधा नदी से रात के अंधेरे मे मिट्टी माफिया जेसीबी लगाकर हाइवा व ट्रैक्टर से मिट्टी ढुलाई का कार्य कर रहे है. जिसका ग्रामीणों द्वारा बिरोध किया जा रहा है. शनिवार की देर रात ग्रामीणों ने इसका बिरोध किया और मिट्टी काटने से मना किया. इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने देर रात मौके पर हंगामा शुरू कर दिया.आरोप है कि ग्रामीणो को हंगामा करते देख मिट्टी काट रहे माफियाओं के द्वारा दहशत फैलाने की नीयत से दर्जन भर राउंड फायरिंग की गयी.आरोप है कि अलीपुर व भखरी मे मिट्टी माफिया ग्रामीणों को डराने की नीयत से फायरिंग की है, ताकि कोई ग्रामीण मिट्टी काटने का बिरोध न करे. इधर सूचना पाकर मौके पर धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे. जहां उन्हे ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा. इसबीच पुलिस को देख मिट्टी माफिया जेसीबी व हाइवा को लेकर फरार हो गये. हालांकि पुलिस एक हाइवा जिसपर मिट्टी लदी थी उसे जप्त करने के बाद एक व्यक्ति को हिरासत मे लेकर मौके पर जांच पड़ताल दरअसल बताया जा रहा है की,एनएचआई के द्वारा भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण कार्य मे लगी ऐजेंसी दरधा नदी से मिट्टी काट रही है. बताया जाता है कि ऐजेंसी इसके लिये खनन बिभाग से अनुमति ले चुकी है. इधर ग्रामीणों का आरोप है कि इसी के आड़ मे सक्रिय मिट्टी माफिया नदी से धडल्ले से मिट्टी काटकर उंचे दाम पर बेंच रहे है. थानाध्यक्ष अमित कुमार ने फायरिंग की घटना से इंकार किया है. उन्होने बताया कि फायरिंग की सूचना पर पुलिस गयी थी लेकिन मौके पर कोई भी खोखा नही मिला है. न ही इस संबंध मे कोई लिखित शिकायत की है.

## 18 मार्च को लोक भवन मार्च को लेकर भाकपा माले की बैठक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले पटना ग्रामीण जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक सोमवार को धनरूआ प्रखंड के बरबिगहा में सम्पन्न हुई,अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर जारी युद्ध बंद करो, रसोई गैस डीजल पेट्रोल का प्रबंध करो सशक्त यूजीसी लागु करो, बिहार में एससी एसटी ईबीसी बीसी के लिए 65% आरक्षण लागू करो आदी मांगों को लेकर आगामी 18 मार्च को पटना में समता महा जुटान और मार्च होने जा रहा है जिसमें सैकड़ो छात्र युवा शामिल होंगे बिहार को भाजपाई बुलडोजर राज की प्रयोगशाला बनाने के खिलाफ व्यापक जन प्रतिरोध खड़ा करने एकजुट रहने, न्याय और अधिकार की लड़ाई तेज करने वर्तमान राजनीतिक स्थिति और पार्टी सदस्यता नवीकरण सदस्यता भर्ती ढाचा पुनर्गठन पार्टी पत्रिकाएं अन्य पत्रिकाओं व 22 मार्च से 31 मार्च तक विभिन्न पंचायत का बौरही गोविंदपुर वीर मोरियावा निंमडा धनरूआ, वारी बिगहा, सांडा बहरामपुरस विजयपुर का लोकल सम्मेलन होगा, इसके अलावा यूजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुशंसा को लागू करने के बारे मे चल रहे आंदोलन 18 मार्च को पटना में राज्य स्तरीय राज भवन मार्च पटना गांधी कि तैयारी व 16- 17- 18 मई को राज्य सम्मेलन आरा की तैयारी राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि चुनाव की अधिसूचना जारी करने सहित अन्य विषयों पर बैठक में चर्चा हुई।

## धनरूआ पुलिस ने चार बड़े शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने ऑपरेशन देसी शराब के तहत चलाया जा रहे अभियान के दौरान न केवल शराब पीने वाले बल्कि शराब बनाने वाले बड़े कारोबारियों की गिरफ्तारी को लेकर एक विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न गांव में सघन छापेमारी की, जहां कुशवन गांव से सुमन साव पिता सकलदीप साव, कृष्णा साव पिता रामप्रवेश के अलावा नदवां नई हवेली से दीपक कुमार पिता दीनानाथ प्रसाद और जोगिंदर प्रसाद पिता विट्ठल राम को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि यह सभी गिरफ्तार शराब कारोबारी हैं और बड़े पैमाने पर देसी शराब का धंधा करते हैं जो कई जगह पर बड़े-बड़े ड्रम में जमीन के अंदर गाडकर बड़े पैमाने पर शराब बनाकर सभी जगह पर सप्लाय करते हैं।कल कुशवन मे छापेमारी के दौरान यह सभी भाग गए थे जिन्हें चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है।

## मसौढ़ी के तीन पंचायत के पैक्स चुनाव की तैयारियां जोरों पर

**मतदाता सूची का हुआ फाइनल प्रकाशन**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के तीन पंचायत के पैक्सों में चुनाव होना है, जिसकी तैयारियां जोरों पर की जा रही है, ऐसे में तीनों पंचायत के फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है, वही दावा आपत्ति का निराकरण लभगभ कर दिया गया है। बिते 24 फरवरी को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया था, उसके बाद तीनों पंचायत से दावा आपति ली गई थी।

दरअसल, मसौढी प्रखंड के बारा पंचायत, चरमा पंचायत और नदौल पंचायत में पैक्स का चुनाव होना है, जहां बारा पंचायत में मतदाता सूची के प्रशासन में 4086 मतदाता, वही चरमा पैक्स में 1695 मतदाता और नदौल पैक्स में 1681 मतदाताओं का मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है, निर्वाचि पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि मसौढ़ी के तीन पंचायत में पैक्स का चुनाव होना है, इसके लिए चुनाव की तैयारियां की जा रही है। मतदान को लेकर नदौल पंचायत में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बारा पंचायत में 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं चरमा पंचायत में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

गौरतलब है की मसौढी के तिन पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव के लिये मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया. इसी मतदाता सूची के आधार पर पैक्स चुनाव को संपन्न कराया जायेगा. चुनाव को लेकर सरगर्मी में बढ़ गई है. प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी चल रहा है. चुनाव को लेकर कोषांग का भी गठन कर लिया है.

मतदाता सूची में नाम, उम्र, जाति, दूसरे गांव के मतदाता होने आदि की त्रुटि की शिकायत मिली थी, जिसका सुधार किया गया है। मतगणना मतदान के पश्चात उसी दिन की जायेगी। चुनाव के लिए अधिकांश मतदान केंद्र पैक्स के गोदाम में ही बनाये गये हैं. पैक्स चुनाव के लिये 700 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र बनाया गया है. पैक्स गोदाम नहीं रहने पर नजदीक के सरकारी भवन में मतदान केंद्र बनाये जायेंगे।

## पुनपुन में 'नारी सम्मान सभा' का आयोजन

**मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा- महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**






**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के तहत पुनपुन में नारी सम्मान सभा का आयोजन किया गया ,जहां इसका शुभारंभ महिला बैंड द्वारा किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत शामिल हुए,जहाँ एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अतिथियों का औपचारिक रूप से गुलदस्ते भेंट करके स्वागत किया गया। छात्रों द्वारा गाए गए स्वागत गीत गाये, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संबोधन में कहा कि महिलाओं के प्रति भेदभाव, हिंसा, असमानता और शिक्षा का अभाव आज भी सामाजिक परिदृश्य की कठोर वास्तविकताएं बनी हुई हैं। जिसे खत्म करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, आज हर घर से महिला घर की चौखट लांघकर बाहर निकाल कर वह आत्मनिर्भर बन रही है, पुरुषों को कंधे से कंधे मिलाकर अपना जीवन जी रही है।

बहरहाल महिलाओं के अधिकारों, गरिमा, समानता और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्रमुखता देने के उद्देश्य से, नारी गुंजन संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर "नारी अधिकार यात्रा" का आयोजन किया। पुनपुन स्थित एस.एम.डी. कॉलेज परिसर में एक व्यापक महिला दिवस समारोह और "नारी सम्मान सभा" का आयोजन किया गया।पदमश्री सुधा वर्गीस के नेतृत्व में इस 'अधिकार यात्रा' का उद्देश्य हिंसा, गरीबी, असमानता और निरक्षरता का उन्मूलन करके समानता पर आधारित समाज की स्थापना करना है।

## चार लाख के आभूषण ले भागे दो जालसाज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं का भरोसा जीतकर सोने-चांदी के गहने लेकर चंपत हो रहे हैं। ये शातिर अपराधी पहले विशेष केमिकल या पाउडर से जेवर चमकाने का झांसा देते हैं और सफाई के नाम पर गहने गलाकर वजन कम कर देते हैं या लेकर भाग जाते हैं।ऐसा ही मामला मसौढी थाना के बेगमचक गांव की है।जहाँ दो महिलाओं के गहने साफ सफाई करने के झांसे में लेकर बाइक से आए बाइक सवार दो जालसाजों ने करीब चार लाख रुपये के सोने के जेवर साफ करने के बहाने लेकर भाग गए। दरअसल बेगमचक गांव के पीड़ित उत्तम कुमार पिता नागेश्वर ठाकुर ने बताया कि गांव में बाइक पर सवार होकर दो जलसाज आये और अपने आप को आरसीएम का कर्मचारी बताएं और बताया की आयुर्वेदिक दवाई बेचते हैं इसके अलावा आभूषण की सफाई करते हैं। उत्तम कुमार की पत्नी ने पहले चांदी का पायल साफ करने को दिया ज उसके बाद एक भर का मंगलसूत्र आधा भर का कानवाली लाकर साफ करने को दिया, उसके बाद दोनों जलसाजो ने कहा कि और आसपास के महिलाओं का आभूषण ले लिए साफ कर देते हैं उसके बाद महिला दो मंगलसूत्र दो भर का पायल कान वाली टॉप आदि लाकर दिए और फिर उसे पानी मांगा गया, वह महिला पानी लाने गई इस उपरांत या दोनों जालसाज सभी आभूषण लेकर रफू चक्कर हो गए, इस मामले में थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई हैं पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## प्रो. महेश्वर प्रसाद त्रिवेदी के निधन पर टीपीएस कॉलेज में शोक सभा आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग (बॉटनी) के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. महेश्वर प्रसाद त्रिवेदी का रविवार को अचानक हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन से पटना विश्वविद्यालय के सभी शिक्षाविदों एवम छात्रों के बीच शोक की लहर दौड़ गयी। प्रो. त्रिवेदी छात्रों के बीच अत्यंत लोकप्रिय, सरल और प्रेरणादायी शिक्षक के रूप में जाने जाते थे। वे जेनेटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण विज्ञान के प्रख्यात विशेषज्ञ थे। 1987 में सहायक प्राध्यापक से लेकर लगभग 34 वर्षों तक अध्यापन, शोध एवं शैक्षणिक प्रशासन से जुड़े रहे। वर्ष 2021 में वे सेवानिवृत्त हुए। अपने दीर्घ शैक्षणिक जीवन में उन्होंने पटना साइंस कॉलेज तथा पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा और शोध कार्यों को समर्पित कर दिया था। उनके निधन पर टी. पी. एस. कॉलेज, पटना के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. ओंकार पासवान सहित वनस्पति विज्ञान के शोधार्थियों और छात्र-छात्राओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## रेल पटरियों की सुरक्षा को लेकर तारेगना जीआरपी पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**रात्री मे पैनी नजर**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल पटरियों की सुरक्षा और रेल परिचालन को सुचारू ढंग से नियमित करने को लेकर तारेगना जीआरपी पुलिस इन दिनों काफी एक्टिव मोड में नजर आ रही है, खासकर रात के समय में रेल पटरियों की जांच को लेकर चेकिंग अभियान चला रही हैं। दरअसल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तारेगना पुलिस के द्वारा एक विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि रेलवे अधिनियम की धारा 147 के तहत, रेलवे ट्रैक पार करना या उस पर बिना वजह बैठना एक दंडनीय अपराध है। इसके तहत दोषी को 6 महीने तक की जेल या 1000 रुपये तक का जुर्माना (या दोनों) हो सकता है। बहरहाल पटना गया रेलखंड तारेगना स्टेशन सहित कई अन्य जगहों पर एक विशेष अभियान के तहत रात के वक्त रेल पटरीयों की जांच की जा रही है, इसके अलावा रेलवे ट्रैक पर रील बनाने वाले लोगों पर विशेष कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और आरपीएफ की टीमें लोगों को पटरियों के पास न बैठने और रेल लाइन पार करने के खतरों के बारे में जागरूक कर रही हैं।इसके अलावा तारेगना जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर रील बनाने वाले लोगों पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर प्लेटफार्म और रेल ट्रैक के पास फोटो,रील बनाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध रेल अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।रील बनाने वाले लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्हें यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन प्रतिबंधित एरिया है। इसमें बनाए जाने वाले फोटो व वीडियो रेल अधिनियम की धाराओं के तहत दंडनीय अपराध है।बावजूद इसके लोगों में अभी भी जानकारी का अभाव है।

## पंडारक के दियारा में पुलिस मुठभेड़ में अपराधी जख्मी, हथियार बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के गंगा नदी के दियारा में सोमवार की दोपहर को हथियारबंद अपराधियों के साथ पुलिस की जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस दौरान 30 से ज्यादा गोलियां चली। अपराधियों की मौजूदगी की सूचना पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची थी। पुलिस पर भी गोली चलाई गई। ।जवाबी कार्रवाई में एक कथित अपराधी धीरज कुमार 30 वर्ष पिता अनिल सिंह निवासी पंडारक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने मौके पर हथियार बरामद किया है। घटनास्थल से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।पुलिस को सूचना मिली कि पंडारक दियारा क्षेत्र में हथियार बंद अपराधी सरसों की फसल जबरन काटकर उसकी दमाही कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दियारा की घेराबंदी की। पुलिस की भनक मिलते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी गोलियां चलाई। इस मुठभेड़ में धीरज कुमार के बाएं पैर में गोली लग गई और वह खेत में गिर पड़ा। पुलिस कार्रवाई के दौरान चार अन्य लोग पकड़े गए हैं। मिली सूचना के अनुसार मौके पर अपराधियों के पास से दो देशी राइफल, एक बंदूक, एक रिवाल्वर, कारतूस और खोखा बरामद किया गया है। जांच पड़ताल के लिए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है ।दूसरी तरफ संदिग्ध



अपराधियों से पुलिस सघन पूछताछ की रही है। जख्मी धीरज कुमार को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। उसके बाएं पैर के निचले हिस्से में गोली लगी है ।अस्पताल कर्मी के अनुसार पुलिस की गोली आरपार निकल गई है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जख्मी धीरज को रेफर कर दिया है। हालांकि मौके पर काफी देर तक पुलिस ने जांच के नाम पर एंबुलेंस को अनुमंडल अस्पताल परिसर में रोक कर रखा था।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी के उपलक्ष्य पर शोभायात्रा को लेकर बैठक

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में हर बर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा और अखाड़े के शानदार प्रदर्शन के लिए चैती दुगार्मंदिर के परिसर आज रविवार को एक बैठक ओमप्रकाश वर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।जिसमें बड़ी संख्या में सनातन जागृति मंच व बजरंग दल के सदस्य भी सामिल हुए। बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक बार फिर ओमप्रकाश वर्णवाल को अध्यक्ष और गौरव कुमार को सचिव बनाया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 22 मार्च को प्रातः काल सात बजे से दुगार्मंदिर चांदन के परिसर से शोभा यात्रा सरकारी निर्देश का पालन करते हुए निर्धारित रास्ते से निकालने की निर्णय लिया गया। साथ ही उसी दिन से गांधी चौक पर शाम को अखाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसका समापन आगामी 27 मार्च को किया जाएगा। इस बैठक में प्रियचंद आजाद, चंद्रमोहन पांडेय,रामचंद्र मिस्त्री,प्रेमचंद आजाद, पंकज पांडेय,गौरव राउत,विवेका,अवधेश, धर्मेंद्र,,बैजनाथ यादव ,अशोक शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे

### अपहृत शिक्षक को जमुई पुलिस ने सकुशल बरामद किया

**चांदन(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहड़िया के अपहृत प्रभारी प्रधानाध्यापक कालेश्वर दास की सकुशल बरामद को लेकर पुलिस अधीक्षक जमुई के निर्देश पर दो दो एसआईटी का गठन किया गया था।एक टीम का नेतृत्व झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार कर रहे थे। जबकि दूसरे टीम का नेतृत्व झाझा थानाध्यक्ष संजय सिंह कर रहे थे। विदित हो कि बीते 12 मार्च को हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक कालेश्वर दास व रसोइया को उस समय अपहरण कर लिया था।जब वे विद्यालय बंद कर मानिकथान -बखोरी मार्ग से नरगंजो रेलवे स्टेशन की और जा रहे थे। हालांकि थोडी दूर ले जाकर रसोइया को छोड़ दिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपहृत शिक्षक को मुक्त करने को लेकर अपहर्ता की और से एक बार फिरौती के लिए फोन आया था। को गठित पुलिस टीम दीपक कुमार,अनिरुद्ध कुमार आदि पुलिस कर्मी ने अपहृत शिक्षक को नकदी डेम से शनिवार रात्रि सकुशल बरामद कर लिया। घटना में शामिल अपराधियों को धर-पकड़ के लिए अपहृत शिक्षक के निशान देही पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### डीटीओ पर जानलेवा हमला मामले में एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ओवरलोड ट्रैक्टर जांच के दौरान डीटीओ रितु रानी पर जानलेवा हमला मामले में नामजद 11 आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित डुमरा निवासी प्रभु यादव है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में 13 मार्च को वाहन जांच के दौरान ओवरलोड ट्रैक्टर पकड़ने पहुंची डीटीओ की टीम पर आरोपियों ने दुर्व्यवहार, जानलेवा हमला और सरकारी कार्य में बाधा डाला। इस संबंध में डीटीओ के अभ्यावेदन के आलोक में गोपालपुर थाना कांड संख्या 70/26 दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल 11 आरोपियों की पहचान की है, जिनमें मुख्य अभियुक्त प्रभु यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है।इसके अलावे उनके पुत्र सोनेलाल यादव, पन्नालाल यादव, बुन्नीलाल यादव उर्फ मुन्नीलाल यादव, फूलमती देवी, रिंकू देवी, पूनम देवी, किसनावती देवी तथा रामदेव यादव और उनके पुत्र संतोष व अशोक यादव को नामजद किया गया है। प्रभु यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अन्य संभावित शामिल लोगों की भी जांच जारी है।

### अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र जसौली पट्टी गांव के वार्ड नं 4 में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को छापामारी करते हुए दो लोगों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया । छापामारी दल का नेतृत्व थानाध्यक्ष करण सिंह ने किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जसौली पट्टी गांव के अनिल कुमार के पुत्र पवन कुमार, वही कृष्णा पासवान के पुत्र मनिक पासवान के रूप में की गई है। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद हथियार को जब्त कर लिया गया है और दोनों के विरुद्ध कोटवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

### एसएसबी और झरौखर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने 1860 कार्टन केला जप्त

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुनिया एसएसबी और झरौखर पुलिस की संयुक्त करवाई मे सोमवार को गुप्त सुचना मिली थी कई तस्करी के समान भारत से नेपाल जाने वाली हैं. तुरंत झारौखार पुलिस को सुचना दिया गया और पीठवा गांव के बसवारी के पास से नाका लगाकर तलासी लिया गया तो तस्करो ने मोटरसाइकल छोड़ कर काच के कार्टन फेक कर भाग गए तलासी के दौरान भारत से नेपाल की ओर जाने वाले मार्ग पर बिभिन्न स्थानों पर काच केले के भरे कई कार्टून पाए गए नाका कई टीम ने कार्टून कई गिनती किया गया तो 707 कार्टून पाए गए कुल 1860 कार्टून जप्त किया गयाऔर केले मालिक कई तलाश किया जा रहा हैं.जप्त केले के कार्टून को झाड़ोखर पुलिस को सौंप दिया गया जानकारी एसएसबी के अधिकारियो ने दी।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चांदन थाना क्षेत्र के नावाडीह व रगदाडीह गांव से छापेमारी कर चांदन पुलिस ने दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नावाडीह गांव के राजेश तुरी उम्र 42 वर्ष पिता किस्टू तुरी व रगदाडीह गांव निवासी नंदलाल बेसरा उम्र 45 वर्ष पिता स्व० छोटेलाल बेसरा के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। और दोनों लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे चांदन थाना पुलिस ने बीती रात छापेमारी कर घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को बांका जेल भेज दिया गया।

### दावत ए इफ्तार पार्टी में आमजन सहित मीडियाकर्मी शामिल

**बाराहाट,बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाराहाट प्रखंड वार्ड संघ के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी के बड़ी विषहर स्थित आवास पर दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे स्थानीय आमजन सहित मीडियाकर्मी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्तार अंसारी ने कहा- मुस्लिम भाईयों का एक महीने तक चलने वाला रमजान महापर्व को आपस में मिलजुल कर आपसी सहयोग एवं सामाजिक सद्भावना के साथ मनाने की परंपरा है। उन्होंने कहा दावत ए इफ्तार का उद्देश्य है कि समाज के हर तबके लोग आपस में हम सभी भाई- भाई हैं। उन्होंने कहा जो भी मुस्लिम भाई अल्लाह को दिल से याद करते हैं, अल्लाह उनकी इबादत को जरूर सुनते हैं।



### बच्चे की लड़ाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**चांदन(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमसिया गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट। मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ आनंदपुर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।एक पक्ष की ओर से बरमसिया गांव निवासी रूपा देवी,पति अदेन दास ने पिंटू दास,किशन दास सहित सात लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने को लेकर थाना में आवेदन दिया है।वहीं दुसरे पक्ष से रूपा देवी ने अपने आवेदन में बताया है कि गांव में एक शादी समारोह में दोनों के बच्चा कुर्सी पर बैठने की खेल -खेल रहा था।इसी दौरान दोनों बच्चे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घटना को लेकर पिड़ित पिंटू दास से बात करने जाने पर आरोपित सभी लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर चोटिल कर दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### जानलेवा हमले का फरार आरोपित गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर महीनों से फरार चल रहे मारपीट एवं जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के माधोपुर वार्ड संख्या 2 निवासी उमेश शर्मा के पुत्र शिवम शर्मा को जानलेवा हमला मामले में गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया।पुलिस ने आरोपी को थाना लाकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की तथा मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार युवक को रौंदा, मौके पर मौत

**इकलौता बेटा था परिवार का सहारा, ट्रक जब्त**





**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एकमा-पचरुखिया-लालपुर-नचाप ग्रामीण सड़क पर गौसपुर गांव के समीप भोला मोड़ और देकुली गांव के बीच बालू लदे ट्रक की टक्कर से एक साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची रसूलपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। मृतक की पहचान मांझी थाना क्षेत्र के नचाप गांव निवासी शमसुद्दीन मियां के 25 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन अंसारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सद्दाम हुसैन नचाप गांव में गुमटी में किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 8:15 बजे वह साइकिल से एकमा बाजार अपनी दुकान के लिए सामान खरीदने जा रहा था। इसी दौरान एकमा-पचरुखिया-गौसपुर-लालपुर-नचाप ग्रामीण सड़क पर गौसपुर गांव के समीप भोला मोड़ और देकुली गांव के बीच देकुली की ओर जा रहे बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार को सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रक का पहिया युवक के सिर पर चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची रसूलपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और परिजनों व चौकीदार के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर मृतक की मां हुस्न तारा दहाड़ मारकर रोती रहीं और बार-बार बेहोश होकर जमीन पर गिर जाती थीं। पिता शमसुद्दीन मियां भी देकुली मंदिर परिसर में विलाप करते नजर आए। मौके पर रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव, भजौना-नचाप पंचायत के मुखिया परमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष कुमार सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि लुकमान अंसारी, आमडाढ़ी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह, रवि शेखर सिंह, धनंजय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार सिंह, राजू सिंह समेत आसपास के गांवों के अन्य लोग पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। सभी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## नरकटियागंज में पंचायत के दौरान किशोर की चाकू गोदकर हत्या

**आर्केस्ट्रा विवाद ने लिया तूल; पंचायत में बुलाकर सरेआम दिया घटना को अंजाम**



**नरकटियागंज/ मैनाटांड़/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर थाना क्षेत्र के डमरापुर गांव में सोमवार की सुबह आपसी विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। रामलखनपुर चौक के समीप भरी पंचायत के बीच पहले से घात लगाए हमलावरों ने एक किशोर की चाकू गोदकर निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान डमरापुर निवासी झोटील कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ रविवार की रात गांव में आई एक बारात और उसमें आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम से जुड़ी है। कार्यक्रम के दौरान झोटील कुमार का गांव के ही कुछ युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रात में मामला शांत होने के बजाय और बिगड़ गया, जिसके समाधान के लिए सोमवार सुबह पंचायत बुलाई गई थी।सोमवार सुबह रामलखनपुर चौक पर मुखिया अमरेंद्र यादव और सरपंच की मौजूदगी में पंचायती चल रही थी। झोटील कुमार को भी अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया था। चश्मदीदों के अनुसार, जैसे ही झोटील बाइक से पंचायत स्थल पर उतरा, वहां पहले से घात लगाकर बैठे युवकों ने उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल किशोर को आनन-फानन में नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## डीएम के जनसुनवाई कार्यक्रम में कई मामलों का हुआ निपटारा

**50 मामलों की हुई सुनवाई**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आज बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान कुल 50 शिकायतों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं मरम्मत तथा राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में जिलाधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली।इस दौरान रूदल तुरहा, विश्वजीत कुमार, हरिहर साह, संजय तिवारी, प्रज्ञा चौधरी, रौशन कुमार, रितेश कुमार, बेदामी देवी, सुषमा कुमारी और अनिरुद्ध साह सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।यह जनसुनवाई कार्यक्रम सात निश्चय तीन के अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान अभियान के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

### पारिवारिक कलह से तंग आकर वृद्ध महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के गोढ़ीया गांव में एक विधवा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पारिवारिक कलह व बेटा पतोहु की प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या करना बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका घुनिया देवी(67) स्व. कुईश सहनी की दूसरी पत्नी थी। करीब बीस वर्ष पहले उसके पति की मौत हो गई थी। तब से वह अपने पुत्र अनिल सहनी के साथ रह रही थी। अनिल सहनी की शादी के बाद से परिवार में कलह का माहौल बन गया था। रोज रोज के झगड़े से पड़ोसी भी तंग आ गए थे। दबी जुबान ग्रामीणों का कहना है कि बेटा और पतोहु ने मारपीट कर उसकी हत्याकर शव को घर में छुपा दिया था। किसी की सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई व चिरैया थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी दिनेश सहनी ने पुलिस को घटना की जानकारी दिया।

## रामगढ़वा पुलिस ने किया 78 किलो मादक पदार्थ बरामद, एक गिरफ्तार



**रक्सौल/रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक एसयूवी वाहन से करीब 78 किलो मादक पदार्थ बरामद किया है तथा एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) मनीष आनंद को गुप्त सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप वाहन के जरिए इलाके से गुजरने वाली है। सूचना के आधार पर रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सेमर चौक के पास पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध काले रंग की एसयूवी को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बेहद शातिराना तरीके से छिपाकर रखा गया करीब 78 किलो मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से वाहन को जब्त कर लिया तथा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पहाड़पुर निवासी राजेश मांझी के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि मादक पदार्थ की यह खेप पहाड़पुर क्षेत्र में ही किसी बड़े सिंडिकेट को पहुंचाई जानी थी। इस कार्रवाई में रामगढ़वा पुलिस निरीक्षक अनुज कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह, एसआई सुमित कुमार, एसआई शैलेश्वर सिंह, एसआई अजीत सिंह सहित चौकीदार देवेंद्र कुमार, प्रमोद यादव और मनील कुमार की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ और वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएसपी मनीष आनंद ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भोजपुरी सिनेमा में पीआर का परचम-रंजन सिन्हा को लगातार पांचवीं बार 'बेस्ट पीआरओ अवॉर्ड'



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जनसंपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पीआरओ राजीव रंजन कुमार उर्फ रंजन सिन्हा को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स में लगातार पाँचवीं बार 'बेस्ट पीआरओ अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना के बापू सभागार में आयोजित भव्य समारोह के दौरान दिया गया। इस उपलब्धि के साथ रंजन सिन्हा किसी भी अवॉर्ड शो में लगातार पांच बार यह सम्मान पाने वाले पहले पीआरओ बन गए हैं। अवार्ड मिलने पर रंजन सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, लगातार पांचवीं बार यह सम्मान मिलना मेरे लिए बेहद गर्व और प्रेरणा की बात है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की है। मैं अपने सभी कलाकारों, निर्माताओं, निर्देशकों, अपनी टीम और परिवार का आभारी हूँ, जिनके सहयोग और विश्वास ने मुझे हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। आगे भी मैं भोजपुरी सिनेमा के प्रचार-प्रसार और उसकी सकारात्मक छवि को देश-दुनिया तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा। वैशाली जिले के राजा पाकर प्रखंड के बिरना लखन सेन गांव के मूल निवासी रंजन सिन्हा पिछले 21 वर्षों से भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जनसंपर्क की भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों -मनोज तिवारी, रवि किशन, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', चिंटू पांडेय, रितेश पांडेय, अरविंद अकेला कल्लू, अक्षरा सिंह और आम्रपाली दुबे सहित अनेक कलाकारों की फिल्मों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कई लोकप्रिय म्यूजिक एल्बम्स के प्रचार का भी सफलतापूर्वक संचालन किया है। रंजन सिन्हा की सबसे बड़ी खासियत यह मानी जाती है कि वे हर फिल्म और कलाकार की ब्रांड वैल्यू को समझते हुए एक सटीक और प्रभावी पीआर रणनीति तैयार करते हैं। इसी वजह से उनकी बनाई प्रचार योजनाएँ फिल्मों को दर्शकों तक सही तरीके से पहुँचाने में मदद करती हैं और कई फिल्में व्यावसायिक रूप से सफल भी होती हैं। भोजपुरी सिनेमा के अलावा रंजन सिन्हा ने बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के कई प्रमुख आयोजनों में भी अपनी पीआर सेवाएं दी हैं। इनमें प्रकाश पर्व, पटना फिल्म फेस्टिवल, गांधी पैनोरमा, बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव और नेशनल बॉक्सकॉन कॉन्फ्रेंस जैसे बड़े आयोजन शामिल हैं। इसके अलावा वे देश के कई प्रमुख म्यूजिक चैनलों के लिए भी जनसंपर्क का काम कर चुके हैं। रंजन सिन्हा की इस उपलब्धि ने न केवल भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को गौरवान्वित किया है, बल्कि बिहार की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिलाई है। लगातार पाँचवीं बार मिला यह सम्मान उनके अनुभव, मेहनत और इंडस्ट्री के प्रति समर्पण का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

### रफ्तार का कहर 12 वर्षीय बच्ची की मौत, चालक फरार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के पुरानी बाजार गैस एजेंसी के समीप बालू सीमेंट लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान विशुनपुरवा गांव निवासी इम्तियाज शेख की पुत्री सकीना खातून के रूप में हुई है। वह अपने माता पिता की इकलौती पुत्री थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बच्ची अपने नाना के घर भतौड़ा गांव में रहती थी वह अपने नाना के साथ बाइक से विशुनपुरवा गांव अपने मां से मिलने जा रही थी। इसी बीच पूरानी बाजार गैस एजेंसी के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बच्ची ट्रैक्टर के पहियों के बीच जा गिरी और ट्रैक्टर ने बच्ची को कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही नाना बाल बाल बच गए। लोगो के कुछ समझने के पहले ही ट्रैक्टर चालक भीड़ का लाभ उठा भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची शिकारपुर पुलिस ने बच्ची और उसके नाना को अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सको ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है।ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया गया है।

## इंटरमीडिएट परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन से पास कराने के नाम पर ठगी

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम घोषित होने के पहले ठगी का एक गिरोह सक्रिय हो गया है। यह गिरोह परीक्षार्थियों के अभिभावकों को फोन कर उनके बच्चे को फेल होने का डर दिखा कर पैसे ऐंठने का कोशिश कर रहा है। ठग खुद को पटना बोर्ड ऑफिस का कर्मचारी होने की बात कहकर परीक्षार्थी के अभिभावकों को कॉल करते हैं। साथी ही वे दावा करते हैं कि छात्र-छात्रा एक या दो विषयों में फेल होने की बात कहकर पैसे देने पर फर्स्ट डिविजन से पास करने का झांसा देता है।इसके अलावा परिक्षार्थी की सटीक जानकारी देकर भरोसा जीतने की कोशिश करता है। हाल ही में वासुदेव यादव को एक ऐसा कॉल आया और कॉल करने वाले ने उनके बेटे को इतिहास एवं राजनीति शास्त्र में फेल होने की बात कहकर इंटरमीडिएट परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन से पास करने का भरोसा दिया। इसी तरह प्रखंड क्षेत्र के कई छात्रों व अभिभावकों को निशाने बनाने की कोशिश किया।पिड़ित वासुदेव यादव को फोन कर जानकारी देते हुए कहा कि आपके बेटे दो विषय में फेल हो रहे हैं। पास करने के नाम पर ₹4000 की डिमांड किया गया। इसके झांसे में आकर उन्होंने दिये हुए क्यूआर कोड पर ₹4000 पर भेज दिया। पैसे भेज दिए जाने बाद ठग ने अन्य नंबर से फोन कर और ₹2500 भेजनें की मांग किया। साथ ही उन्होंने बताया कि पैसे अभिलंब नहीं भेजने पर रिजल्ट को रोक दिया जाएगा।पिड़ित वासुदेव यादव के पास मौजूद ऑडियो क्लिप में ठग को खुद को बोर्ड ऑफिस का कर्मचारी बताता है। साथ ही वह छात्रों का नाम, माता-पिता का नाम व अन्य व्यक्तिगत जानकारी बेहद आत्मविश्वास के साथ बताता है। इसके बाद वह कहता है कि छात्र राजनीति शास्त्र एवं इतिहास में फेल हो रहे हैं यदि वे चाहते हैं कि वह फर्स्ट डिवीजन से पास हो जाए तो ऑनलाइन पैसे की भुगतान करना ही होगा। इस तरह की बातचीत से आम लोग ठग के झांसी में आ सकते हैं। डाटा लीक होने को लेकर सबसे बड़ा सवाल छात्रों के अभिभावकों द्वारा उठाया जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि छात्रों के मोबाइल नंबर और पारिवारिक जानकारी कैसे ठग तक पहुंच रही है। ठग इसी जानकारी का इस्तेमाल कर अभिभावकों को फोन कहते हैं कि परीक्षा की कॉपियां जल्द ही जमा होने वाली है।और रिजल्ट जारी होने का दबाव बनाकर तुरंत पैसे ट्रांसफर करने को कहते हैं इससे पूर्व में कई लोग ठग गिरोह का शिकार हो चुके हैं।

## नरकटियागंज में व्यवहार न्यायालय का शिलान्यास अप्रैल में



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड परिसर में बन रहे अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय भवन का शिलान्यास अप्रैल महीने में होगा। इससे पूर्व निर्माण स्थल का पूरी तरह समतलीकरण सुनिश्चित करें। उक्त बातें शुक्रवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अनामिका टी ने कही। न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण स्थल व न्यायिक अधिकारियों के आवास हेतु भूमि आदि का निरीक्षण करने पहुचीं थी। इस दौरान न्यायाधीश ने पुराने भवनो में एक भवन नही हटाने को लेकर संवेदक को फटकार लगाते हुए जल्द तोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की निर्माण स्थल पर किसी तरह के व्यवधान उत्पन्न करने पर न्यायालय स्वतः कठोर करवाई करेगा। न्यायालय भवन का शिलान्यास अप्रैल महीने में होना है। इसको लेकर जल्द ही तिथि सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने ने संवेदक को 20 मार्च से पहले निर्माण स्थल को पूरी तरह से समतल करने के साथ भवन निर्माण विभाग को हैंडओवर करने का निर्देश दिया है। वही न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियो के आवास निर्माण को लेकर अनुमंडल परिसर में भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम समेत अन्य संबंधित अधिकारियो को आवास निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश दिया।

## गांव में आधुनिक शिक्षा की मिसाल बना अथर्व पब्लिक स्कूल, छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



**रजौन बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौन प्रखंड के सिंहनान पंचायत अंतर्गत खुशहालपुर गांव स्थित अथर्व पब्लिक स्कूल का छहवां वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अवकाश प्राप्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.के. अग्रवाल तथा मुख्य अतिथियों में अवकाश प्राप्त प्राचार्या श्रीमती माला कुमारी अवकाश प्राप्त मेडिकल ऑफिसर डॉ. ए.के. सिंह अवकाश प्राप्त इंजीनियर विजय कुमार सिंह एनटीपीसी के डीजीएम दिलीप कुमार सिंह विपिन कुमार सिंह प्रो. यू.एन. सिंह (अवकाश प्राप्त वाइस प्रिंसिपल, मारवाड़ी कॉलेज) भूदेव चौधरी(पूर्व सांसद व विधायक)ए. हसन (आरडीडी भागलपुर)सुमन सोनी (प्राचार्य सह समाजसेवी एवं कवित्री) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं ने गीत नृत्य नाटक एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शक दीर्घा में मौजूद अभिभावकों व आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**सीबीएसई पैटर्न पर आधुनिक शिक्षा ग्रामीण प्रतिभाओं को मिल रहा मंच**

अथर्व पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। विद्यालय में सीबीएसई पैटर्न के अनुरूप पढ़ाई के साथ सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया जाता है। यहां आधुनिक शिक्षा के साथ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस किया जाता है ताकि बच्चे बदलते समय के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकें। इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों को कला संस्कृति और क्षेत्रीय परंपराओं से भी जोड़ा जाता है। खेलकूद गतिविधियों को भी विद्यालय में विशेष महत्व दिया जाता है जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रूप से हो सके। विद्यालय की उपलब्धियों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भागलपुर रंग महोत्सव में अथर्व पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन से पहले प्रयास में ही प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर तक रोशन किया था।

CMYK

# दो समुदायों में प्रशासन की पहल पर हुआ समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के सिंहूडी गांव में कब्रिस्तान के पास यात्री शेड के निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि प्रशासन की तत्परता और पहल से दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया, जिसके बाद निर्माण कार्य पुनः शुरू कराया गया।



जानकारी के अनुसार विवादित स्थल पर जिला पार्षद निधि से दो दिन पहले यात्री शेड का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। निर्माण कार्य शुरू होते ही एक समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करते हुए काम रुकवाने की कोशिश की, जबकि दूसरे समुदाय के लोग निर्माण कार्य जारी रखने की बात पर अड़े रहे। इससे दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी अंचलाधिकारी मीरा कुमारी, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार तथा अवर निरीक्षक कुणाल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों पक्षों के लोगों को बैठाकर समझाया और आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया। समझौते के बाद यात्री शेड का निर्माण कार्य फिर से शुरू करा दिया गया। मौके पर आगामी ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी अंचलाधिकारी मीरा कुमारी और थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारे और सामंजस्य के साथ दोनों पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला परिषद प्रतिनिधि शिवप्रकाश कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रफीगंज में 102 एंबुलेंस कर्मियों की प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के द्वारा 16 से 18 मार्च तक प्रस्तावित तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि पिछले दो माह से अधिक समय से एंबुलेंस कर्मियों को मानदेय प्राप्त नहीं हुआ था, जिसके कारण हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, संघ के उच्च पदाधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद फिलहाल हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मियों की मांगों को लेकर आगे भी विभाग से बातचीत की जाएगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही मानदेय भुगतान की समस्या का समाधान हो जाएगा, जिससे एंबुलेंस कर्मियों को राहत मिलेगी

## दावत-ए- इफ्तार का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के टेलर गली स्थित रहबर कोचिंग सेंटर में शाम को इफ्तार दावत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारे के साथ रोजा खोला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागुफ्ता यासीमीन, चेंव मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी, राजद नेता रणविजय यादव, समाजसेवी डॉ. तुलसी यादव, मो. न्यूटन, लड्डू खान, मो. मिनाहज, वसीम नैयर अंसारी, मो. जाहिद अंसारी, डॉ. आदिल, रशीद, मास्टर सैफ तथा मो. कैसर हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मो. कैसर हुसैन एवं चेंव मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी ने कहा कि नमाज के दौरान देश में अमन-चैन और शांति के लिए विशेष दुआ की गई।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक रामनारायण सैनिक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पूर्वज महापुरुष स्मृति समारोह के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व विधायक स्व. सैनिक रामनारायण सिंह यादव का जिला मुख्यालय के समीप चतरा में पुण्यतिथि मनाया गया। सर्व प्रथम आगंतुकों ने स्व. सैनिक रामनारायण सिंह यादव के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके जीवन कृत्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी महापुरुषों के योगदान पर आधारित जयंती व पुण्यतिथि मनाया जायेगा। इसके अलावा महापुरुषों का स्मृति भवन भी बनवाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि रामनारायण बाबू बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह के नेतृत्व में औरंगाबाद से आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में किसानों मजदूरों और छात्रों को संगठित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। भारत छोड़ो आंदोलन में रामनारायण बाबू ने महात्मा गांधी के आह्वान पर 1942 ई. की क्रांतिकारी अगुवाई की है जिसके कारण उनका नाम सैनिक सम्मान से शुभ शोभित किया गया। आज रामनारायण बाबू के किए गए कार्यों पर बुद्धिजीवी चेतना मंच की ओर से उनके स्मारक पर मंच के संयोजक डॉ संतोष यादव, पूर्व शिक्षक रामजन्म सिंह, संतोष कुमार सिंह, श्यामता प्रसाद यादव, संजीत कुमार यादव, डॉ तुलसी यादव, रिसिअप मुखिया पुटूस यादव, मुखिया रविंद्र यादव आदि ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस दौरान बिहार सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान, राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद शंकर यादव, सुरेंद्र सिंह, मुखिया संजय यादव, संजय रघुवर, अधिवक्ता लव कुमार पांडे, विजय कुमार सिंह, जिला विधिक संघ के महासचिव जगनारायण यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# रक्तसेवा में उल्लेखनीय योगदान पर 'पथ प्रदर्शक' को गया और दुद्धिनगर में मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक को बीते रविवार को बिहार के गया और उत्तर प्रदेश के दुद्धिनगर में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धिनगर में प्रगति फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय रक्तदाता सम्मान समारोह में 'बीर बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता सम्मान' से नवाजा गया। वहीं, गया में शहीद भगत सिंह ब्रिगेड द्वारा आयोजित एक दिवसीय रक्तदाता कार्यशाला सह सम्मान समारोह में पथ प्रदर्शक के जिला समन्वयक एवं संस्थापक सदस्य




धनंजय कुमार को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था को यह सम्मान देश में स्वैच्छिक रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दिया गया। इन दोनों समारोहों में पथ प्रदर्शक के साथ-साथ नेपाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद बमेंद्र कुमार सिंह ने यूथ भगत सिंह ब्रिगेड, गया के संस्थापक सोनी कुमार वर्मा तथा प्रगति फाउंडेशन, दुद्धिनगर के संस्थापक विकास कुमार अग्रहरि के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान संस्था के सभी सहयोगियों, शुभचिंतकों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को समर्पित है, जिनके निःस्वार्थ सहयोग से पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश में रक्तक्रांति लाने के उद्देश्य से पथ प्रदर्शक द्वारा 'मिशन रक्तदान हिंदुस्तान' अभियान के तहत विभिन्न राज्यों और शहरों में नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था अब तक दो सौ से अधिक रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन कर चुकी है और आगे भी इस अभियान को और व्यापक बनाने की दिशा में कार्य जारी रहेगा।

# होटल में संचालक को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के चातर पेट्रोल पंप के पास एक निजी होटल में सोमवार को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज की टीम ने लोगों के बीच आग से बचाव और आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले आवश्यक उपायों की जानकारी होटल संचालक को दी।



इस जागरूकता कार्यक्रम में अग्निक नीरज कुमार, सुषमा कुमारी, बंटी कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने संचालक को बताया कि होटल में रसोई गैस, बिजली के उपकरण और ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बैठक के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत आसपास के लोगों को सूचित करने, गैस सिलेंडर और बिजली के मुख्य स्विच को बंद करने तथा बालू, पानी या अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। इस अवसर पर प्रभारी मुन्ना कुमार ने कहा कि आग की घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोग सही कदम उठा सकें।

# रफीगंज-बघोई रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम शुरू, रेल कर्मियों ने बांटी मिठाइयां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज से बघोई स्टेशन के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लागू कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के शुरू होने पर रेलवे कर्मियों के बीच खुशी का माहौल देखा गया और मौके पर मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई।

रफीगंज स्टेशन अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लागू होने से अब दो स्टेशनों के बीच एक साथ तीन से चार ट्रेनें एक के पीछे एक सुरक्षित रूप से चल सकेंगी। इससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुचारू होगी और रेल परिचालन में भी सुधार आएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि अगले 2 से 3 महीनों के भीतर रफीगंज से गया तक भी ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लागू होने की संभावना है, जिससे



इस पूरे रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही और तेज व सुरक्षित हो जाएगी।

इस मौके पर रेलवे के डेप्युटी सी एस टी स्वाति सिंह, टीआई प्रमोद कुमार, स्टेशन अधीक्षक सुनील शर्मा, स्टेशन मास्टर शंभू कुमार, राजीव रंजन, महेंद्र कुमार, सतीश कुमार तथा पोर्टर प्रमोद कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## पांच किमी क्षेत्र में नो फ्लाई ज़ोन घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नवादा जिला अंतर्गत कुन्ती नगर, बुधौल, आईटीआई परिसर में समृद्धि यात्रा कार्यक्रम निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु कार्यक्रम स्थल से 5 किलोमीटर की त्रिज्या के क्षेत्र को 18 मार्च 2026 के लिए "नो फ्लाई ज़ोन" घोषित किया गया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**
**-शुद्धि पत्र-**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 04/ 2025-26 GR. No. 01, Gr No. 02 and GR No. 03 निविदा प्रकाशन किया गया है, जिसका PR No. 374823 है। वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि दिनांक 18.03.2026 था, जिसे अपरिहार्य कारण वश उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
PR 375262 Rural Development (25-26)_D पलामू

## एक नजर

### पत्नी की हत्या कर शव गंगा में बहाया

**बिहारशरीफ।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को गंगा नदी में बहा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपित पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मृतका की पहचान 30 वर्षीया कांति देवी के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति 35 वर्षीय अंतेश कुमार है। घटना का खुलासा तब हुआ जब महिला के पिता जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के देवचंद बिगहा निवासी योगेंद्र प्रसाद ने अपनी बेटी की गुमशुदगी को लेकर इस्लामपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के क्रम में पुलिस को एक महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसके आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। हिलसा डीएसपी-2 कुमार ऋतुराज ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वैज्ञानिक और पारंपरिक तरीके से जांच की गई। जांच के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि पत्नी से लगातार विवाद और शक के कारण उसने अपने बहनोई के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस्लामपुर थाना कांड संख्या 95/26 दर्ज कर आरोपी पति को जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस शव की बरामदगी और सह-आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### प्रो. दिनेश प्रसाद के निधन पर शोक

**औरंगाबाद।** अनुग्रह नारायण सिन्हा मेमोरियल कॉलेज औरंगाबाद के कर्मियों ने रसायनशास्त्र विभाग के सेवा निवृत्त प्राध्यापक प्रो. दिनेश प्रसाद के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया। सर्व प्रथम प्रो. दिनेश प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि प्रो. दिनेश प्रसाद के असामयिक निधन से अनुग्रह नारायण सिन्हा मेमोरियल कॉलेज सहित क्षेत्र को भी अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन से एक शिक्षाविद् का अंत हो गया। इस शोक सभा में डॉ सतीश कुमार ओझा, प्रो. प्रभुदयाल सिंह, प्रो. उरेन कुमार सिंह, प्रो. सुधा कुमारी, प्रो. ममता सिंह, प्रो. बिनोद सिंह, प्रो. विजय कुमार पाण्डेय, प्रो. राधा कृष्ण, शिवपूजन सिंह, धनंजय शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, अरविन्द शर्मा, सुनील कुमार सिंह, अंजय कुमार, विकाश प्रताप सिंह, राज कुमार, बनारसी सिंह एवं रवि कुमार श्रद्धांजली अर्पित की।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक जख्मी

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा-नबीनगर पथ पर सुल्तानपुर गांव के समीप कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह घटना रविवार की रात्रि नौ बजे की है। जख्मी युवक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के जुड़ाही गांव निवास नंदू पासवान के 19 वर्षीय पुत्र सनिस कुमार तथा तुलसी पासवान के 22 वर्षीय पुत्र अमेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक रिश्तेदार के घर से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में यह दुर्घटना हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवकों का इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले जाया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल औरंगाबाद।**
श्री कृष्ण मुरारी सिंह के मकान, वार्ड नं०–03, रोड नं०–01,
सरस्वती पथ, सत्येन्द्र नगर,औरंगाबाद–824101
Mobile No.-9470001322, E-mail.eenhaurangabad@gmail.com
बिहार सरकार

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 03 वर्ष–2026**

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय में अनुश्रवण कार्य हेतु भाड़े पर कम्प्यूटर, यू0पी0एस0, लेजर प्रिन्टर, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए प्रतिमाह रखने हेतु निम्नांकित शर्तों के साथ इच्छुक कोटेशनदाता से मुहरबंद कोटशन आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक–23.03.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन दिनांक–23.03.2026 को 3.30 बजे अपराह्न में सक्षम पदाधिकारी द्वारा कोटेशनदाता अथवा उसके प्राधिकृत प्रतिनिधी के समक्ष खोली जाएगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद।
PR. No. 26318 (RCD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार
**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**
(डी0सी0आर0बी0,शाखा)

नाम– रीता देवी,
पति– सुमेन्द्र कुमार
सा0–कमात थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद
उम्र– 27 वर्ष, लम्बाई–05 फीट 02 इंच,
रंग– सांवला,
शारीरिक बनावट– दुबली पतली, भाषा–हिन्दी मगही,
पहनावा–कथई (कथ्था) रंग के साड़ी एवं पैर में जुती



नाम– काव्या कुमारी,
माता/पिता– रीता देवी (अपहृता)/ पे0–सुमेन्द्र कुमार
उम्र– 05 वर्ष, लम्बाई– 02 फीट,
रंग– गोरा,
शारीरिक बनावट–सामान्य
पहनावा– फाक पैन्ट काला जैकेट



नाम–आर्यन कुमार,
माता/पिता–रीता देवी (अपहृता)/ पे0–सुमेन्द्र कुमार
उम्र– 02 वर्ष,
लम्बाई– 1) फीट,
रंग– गोरा, शारीरिक बनावट–सामान्य
पहनावा–शर्ट पैन्ट काला जैकेट



उक्त अपहृता/गुमशुदा रीता देवी एवं उनके दोनों बच्चें के बारे में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर औरंगाबाद मदनपुर थाना के मोबाइल नं0–9031826327 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद
PR- 026337 (Police) 2025-26
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु० जनजाति, अनु० जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

**आवश्यक सूचना**

पलामू जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में घंटी आधारित PGT/TGT/PRT प्रशिक्षित शिक्षिकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन ज्ञापांक 1830 दिनांक 30.12.2025 द्वारा प्रकाशन करते हुए पलामू जिला के इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन दिनांक 09.01.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक आमंत्रित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में इच्छुक अभ्यार्थियों का चयन मेधाक्रम के अनुसार किया जाना है नियुक्ति हेतु प्रारंभिक सूची पलामू जिला के बेवसाईट palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है।

निदेशानुसार उक्त प्रकाशित सूची में यदि किसी अभ्यार्थी का किसी प्रकार का दवा/आपत्ति है तो दिनांक 16.03.2026 से 18.03.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक त्रुटि के निराकरण हेतु अपना दावा/आपत्ति जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् समर्पित दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, पलामू
PR 375174 District (25-26)_D

**कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा**
(zilaparisad.garhwa@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर द्वारा नावघाटों के बंदोबस्ती हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सुरक्षित जमा राशि की अनुमोदन के प्रत्याशा में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2026–27 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–27.03.2026 दिन–शुक्रवार को समय–12:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी प्रकोष्ठ, समाहरणालय, गढ़वा (कल्याणपुर) में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। वैसे नाविक, जिन्हें नावघाट डाक के माध्यम से आवंटित किया जायेगा, उन्हें डाक की तिथि से एक माह के अंदर एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि (15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 1035404.00 | 155310.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 231438.00 | 34715.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 169050.00 | 25357.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 53032.00 | 7954.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 171994.00 | 25799.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 95942.00 | 14391.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 80842.00 | 12126.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 134158.00 | 20123.00 |

नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्ते

1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगा, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव का परिचालन रात्रि में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक–01 से 08 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गढ़वा
PR 375241 Rural Development (25-26)_D

**कार्यालय, नगर पचांयत, छ्त्तरपुर (पलामू)**
**पताः–अनुमंडल कार्यालय,छतरपुर के पिछे, झारखण्ड–822113,**
**[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]**

**आम सूचना**

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 102, दिनांक– 22.01.2026 के माध्यम से प्राप्त आदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) चतुर्थ घटक अन्तर्गत स्वीकृत लंबित पड़े आवास को दिनांक– 31.12.2025 के अंदर पूर्ण किया जाना था, जिसकी अवधि अंतिम रूप से बढ़ाकर 31.03.2026 तक किया गया है। इसके बाद विभाग/कार्यालय के द्वारा भुगतान नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी लाभुक की होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर
PR 375202 District(25-26).D

# चैती छठ पर नावों का परिचालन रहेगा प्रतिबंधित : डीएम

## 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ छठ व्रत होगा शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** चैती छठ महापर्व के अवसर पर सुरक्षा, आपदा न्यूनीकरण तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिले की सभी नदियों में नावों के परिचालन पर अस्थायी रूप से पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि चैती छठ महापर्व का आयोजन 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। 23 मार्च को खरना, 24 मार्च को संध्या अर्घ्य तथा 25 मार्च को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा। जिला पदाधिकारी ने बताया है कि गंगा नदी के सिमरिया घाट सहित विभिन्न नदी घाटों एवं तालाबों के किनारे छठ पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए एकत्रित होते हैं। ऐसे अवसरों पर कई बार लोग नावों से भ्रमण करते हैं। तथा आतिशबाजी भी करते हैं। जिससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसके अतिरिक्त अधिक कमाई के उद्देश्य से नावों पर क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने तथा तेज गति से नाव चलाने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। इन संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना अथवा नाव दुर्घटना की आशंका को रोकने के लिए दिनांक 24 के पूर्वाह्न से 25 मार्च के अपराह्न तक बेगूसराय जिले की सभी नदियों में नावों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में चैती छठ महापर्व का आयोजन सुनिश्चित करें।

## बालिकाओं को सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण कराएं उपलब्ध : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में संचालित बालिका गृह का सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। संबंधित पदाधिकारियों से इसके संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बालिकाओं से बातचीत कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई-लिखाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए नियमित रूप से अध्ययन करने और अपने भविष्य के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बालिका गृह के अधीक्षक को निर्देश दिया कि बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। ताकि उनके समग्र विकास में किसी प्रकार की बाधा न आए। बालिकाओं के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा) को निर्देश दिया कि बालिकाओं के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए नियमित कक्षाओं का संचालन, अध्ययन सामग्री की उपलब्धता तथा आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि बालिकाओं की शिक्षा निरंतर जारी रह सके। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और आवश्यकतानुसार टीकाकरण एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बालिका गृह में स्वच्छता और पोषण संबंधी मानकों का विशेष रूप से पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ परामर्श, कौशल विकास एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाए। जिससे उनका मानसिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास बेहतर ढंग से हो सके।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा), सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, सदस्य बाल कल्याण समिति, परामर्शी बुनियाद केंद्र तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गर्भवतियों के लिए विशेष जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सोमवार को पीएचसी नावकोठी में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 36 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मूत्र सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। जांच के क्रम में एक गर्भवती महिला एनीमिया से ग्रसित पाई गई, जिसे चिकित्सकों ने आवश्यक दवा उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। इससे मां और गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य की स्थिति का सही आकलन किया जा सकता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकों द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करने तथा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, दूध, फल, अंडा तथा आयरन व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जिससे शरीर में खून की कमी न हो और मां तथा शिशु दोनों स्वस्थ रह सकें। साथ ही समय-समय पर टीकाकरण कराने और स्वास्थ्यकर्मियों के संपर्क में रहने की भी सलाह दी। इस मौके पर डॉ नीतीन कुमार, एलटी पंकज जोशी, सीएच ओ राजा, प्रियदर्शनी तथा एएनएम शालिनी, रीणा, बेबी, विभा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### वार्षिक परीक्षा संचालित

**भगवानपुर।** प्रखंड के हाई व प्लस टू विद्यालयों में बीएसईबी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 11 के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई।

# कारखाना का पीडब्ल्यूआई प्रकरण पहुंचा पूर्व रेलवे मुख्यालय

## संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने उप महा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर रेल कारखाना एवं रेल क्षेत्र के विकास के लिए वर्षों से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव सोमवार को पूर्व रेलवे मुख्यालय कोलकाता पहुंचे। जहां पीडब्लूआई कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रकरण पर जीएम के पहल पर उप महाप्रबंधक शिबराम मांझी से मिल वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। वार्ता के दौरान मोर्चा के संयोजक सह सपाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा की बेवजह पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों को एईएन ओपन लाइन में स्थानांतरित किया जा रहा है जो कारखाना हित में उचित नहीं है। श्री यादव ने 25 मिनट के वार्ता के दौरान कहा कि पीडब्ल्यूआई विभाग जमालपुर कारखाना का एक अभिन्न अंग है और वर्तमान में कारखाना के भीतर ट्रैक से जुड़े कार्यों की कोई कमी नहीं है इसके बावजूद रेलवे प्रशासन विभाग के अनुभवी कर्मचारियों को कारखाना परिसर से बाहर निकाल मालदा डिवीजन के एईएन ओपन लाइन में स्थानांतरित कर दिया हैं जबकि इसके कई कर्मचारी जो अपनी वरीयता छोड़ दूसरे जगह से निचली वरीयता में कारखाना में कार्यरत है, कई कर्मचारी कुछ महीनो में



अवकाश प्राप्त करने वाले हैं बावजूद अधिकारी अपने प्रशासनिक विफलता को छुपाने के लिए पीडब्ल्यूआई ई के छोटे कैडर को बलि का बकरा बना रहे हैं जो कर्मचारी के हितों के खिलाफ ही नहीं कारखाना से एक पूरे विभाग के वजूद मिटाने की सोची समझी साजिश है। तानाशाही मनमानी का यह आलम है कि विभाग के भीतर कार्यरत कर्मचारियों को उपस्थिति दर्ज करने से भी वंचित किया जा रहा है जो की पूर्णता अलोकतांत्रिक व अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है। संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपाध्यक्ष ने कारखाना व कर्मचारियों के हितों के लिए गुहार लगाते हुए कहा की पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों को कारखाना के अधीन ही कार्यरत रखा जाए या फिर कारखाना में ही इन कर्मचारियों का समायोजन किया जाए अन्यथा संघर्ष मोर्चा रेल हित, कर्मचारी हित एवं शहर हित में एक बड़े आन्दोलन का शंखनाद करेगी।

# पटना मैराथन दौड़ में रामकृष्ण को मिला तीसरा स्थान

## नशा मुक्त बिहार बनाने को लेकर पटना मैराथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** नशा मुक्त बिहार बनाने के संदेश के तहत पटना के गांधी मैदान से पटना मैराथन का आयोजन किया गया। आयोजित मैराथन में जहां देश-विदेश से धावकों ने भाग लिया। वहीं जमालपुर कारखाना के सीएमडी लैब में कार्यरत रेल कर्मी रामकृष्ण ने इस मैराथन में तृतीय स्थान लेकर अपने जिला के साथ कारखाना का नाम रोशन किया है। पटना मैराथन जीतने के बाद रेल कर्मी रामकृष्ण ने बताया कि मैराथन दौड़ में लगभग 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने 42.2 किलोमीटर के फुल मैराथन हिस्सा लिया था। जिसमें प्रथम स्थान केन्या तथा ि्द्वतीय स्थान भारत के ही एथलीट रहे। जबकि तृतीय स्थान पर जमालपुर कारखाना में कार्यरत रेलकर्मी रहे। नशा मुक्त बिहार बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया पटना मैराथन का शुभारंभ ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने किया था। पटना मैराथन में तीसरे स्थान पर रहे रेल कर्मी ने बताया कि मैराथन में आज दौड़कर हम सफल हुए हैं तो इसके पीछे सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल का हाथ है जिन्होंने हमेशा युवा रेल कर्मियों को उनके ऊर्जा के अनुसार कार्य करने की आजादी दी है। इसलिए मैराथन में तीसरा स्थान आना यह मेरे लिए गौरव की बात है। इधर रेल कर्मी के मैराथन में तृतीय स्थान मिलने पर मेंस यूनियन के नेता देव शंकर सिंह ने यूनियन की ओर से रामकृष्ण को विशेष तौर पर बधाई दिए हैं।

# इरिमी के महानिदेशक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ दैनिक जीवन ध्यान सत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** इरिमी संस्थान में सोमवार को दैनिक जीवन में ध्यान के महत्व विषय पर एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया जिसे आनंद मार्ग के आचार्य अभी रामानंद अवधूत ने संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि ध्यान किसी धर्म विशेष से जुड़ी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक अभ्यास है, जो मन को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा मानसिक स्पष्टता और आंतरिक शांति विकसित होती है। महानिदेशक इरिमी अनिमेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित



इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन प्रेम प्रकाश ने की। इस अवसर पर जेके प्रसाद, सिद्धार्थ शंकर, शिशिर चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आचार्य कल्याण मित्र आनंद अवधूत, आचार्य प्रिटोसानंद अवधूत आचार्य प्रसन्न चित्रानंद अवधूत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपस्थित संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में स्वस्थ रहने की पहली आवश्यकता स्वस्थ मन है। उन्होंने बताया कि अधिकांश रोग और विकार पहले मन में उत्पन्न होते हैं और बाद में शरीर को प्रभावित करते हैं। इसलिए मन को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए योग एवं ध्यान महत्वपूर्ण साधन हैं। सत्र के अंत में आचार्य अभिरामानंद अवधूत द्वारा लगभग पांच मिनट का संक्षिप्त ध्यान अभ्यास भी कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों को मन को शांत करने और आंतरिक स्थिरता का अनुभव करने की विधि बताई गई। इस संक्षिप्त अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को ध्यान के व्यावहारिक लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

# गैस की किल्लत की अफवाह को लेकर चला जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** पश्चिम एशिया के देशों में जारी युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों एवं एल.पी.जी. गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की फैल रही अफवाहों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए आज जिले में व्यापक जांच अभियान चलाया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के संयुक्त आदेश के आलोक में जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों में संभावित जमाखोरी और कालाबाजारी की रोकथाम हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया था। जिला पदाधिकारी द्वारा कुल 68 गैस एजेंसियों की सघन जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था, जिसमें प्रत्येक टीम में एक वरीय दंडाधिकारी/ पदाधिकारी तथा एक पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया था। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 16.03.2026 को संबंधित गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। इस जांच अभियान में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर, तेघड़ा, बलिया, बखरी एवं मंझौल), विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकृत पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित निरीक्षण प्रपत्र के आधार पर गैस एजेंसियों की जांच की गई। इसमें यह सुनिश्चित किया गया कि शोरूम पर मूल्य सूची, कार्य के घंटे एवं स्टॉक की स्थिति प्रदर्शित हो, डिलीवरी कर्मियों के पास वजन करने वाला वेईंग स्केल उपलब्ध हो, उपभोक्ता के सामने सिलेंडर का वजन एवं लीकेज की जांच की जाए, प्रतिष्ठान पर फर्स्ट एड बॉक्स, शिकायत पुस्तिका एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हों तथा डिलीवरी कर्मी वर्दी और परिचय पत्र के साथ कार्य कर रहे हों। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से सीधे फीडबैक भी प्राप्त किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनसे निर्धारित दर से अधिक राशि नहीं ली जा रही है तथा होम डिलीवरी उपलब्ध न होने की स्थिति में उन्हें निर्धारित रिबेट दिया जा रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बेगूसराय के नेतृत्व में साईं मंदिर के पीछे स्थित एक संदिग्ध ठिकाने पर औचक छापेमारी की गई, जहाँ से 11 गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं।

प्राप्त विवरण के अनुसार, यह छापेमारी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं मंदिर के पीछे श्रवण कुमार के आवास पर की गई। प्रशासन को सूचना मिली थी कि उक्त स्थल पर अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का जमावड़ा किया गया है। मौके पर पहुँची आपूर्ति विभाग की टीम ने सघन तलाशी के दौरान घर के परिसर से अवैध रूप से रखे गए सिलेंडरों की बड़ी खेप को जब्त किया। इस अवैध भंडारण और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

# भागलपुर-जमालपुर क्यूल रेलखंड पर 20 मिनट से 5 घंटा विलंब चल रहीं ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** भागलपुर जमालपुर कियूल रेलखंड पर इन दोनों ट्रेन का परिचालन 20 मिनट से 5 घंटा विलंब से हो रहा है। जिससे कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। वही ट्रेन का इंतजार करना भी यात्रियों को उनके स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने के बराबर है क्योंकि जमालपुर स्टेशन पर यात्रियों के साथ जानवर भी ट्रेन का इंतजार करते-करते देखे जा रहे हैं। प्लेटफॉर्म संख्या एक पर ट्रेन का इंतजार कर रहे गुलशन कुमार, सौरभ कुमार, अरुण पासवान, अमन कुमार, कला देवी, मनोज कुमार ने बताया कि एक्सप्रेस हो या पैसेंजर ट्रेन सभी का परिचालन विलंब से हो रहा है। परिवार एवं बच्चों के साथ सफर करना जान जोखिम में डालने के समान है। क्योंकि ट्रेन के विलंब से परिचालक होने से हम लोगों को प्लेटफार्म पर रुक कर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में पास आसपास आवारा कुत्ते का झुंड देख कर हम लोग थोड़ी देर के लिए सहम जाते हैं कि आवारा कुत्ते का शिकार हम लोग कहीं हो न जाए। यात्री सुरक्षा को लेकर रेल प्रशासन से इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग की है।

# मारपीट मामले की प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर पंचायत के चक्का वार्ड नंबर तीन में सोमवार को हुई मारपीट में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। जख्मी दिनेश महतो का पुत्र विकास कुमार बताया गया। उसका इलाज पीएचसी नावकोठी में करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया गया है। विकास कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उसने कहा है कि वह अपनी पत्नी सोनी देवी के लिए दवा लेकर घर लौट रहा था। चक्का स्थित गोढ़िया इनार के समीप पहले से घात लगाए लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। उसने अजब लाल महतो के पुत्र रोहित कुमार, अमरजीत महतो, स्व वासुदेव महतो के पुत्र गुल चरण महतो, अमरजीत महतो की पत्नी संगीता देवी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 8वीं तक के बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों पर मिलेगा अंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त सभी प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ रहे प्रथम से आठवीं कक्षा के परीक्षा में शामिल सभी बच्चों का उपस्थिति, वर्ग में सक्रियता, अभिव्यक्ति, नेतृत्व क्षमता, सृजनात्मकता आदि का मूल्यांकन होगा। सह शैक्षणिक पक्ष के मूल्यांकन हेतु 100 अंक निर्धारित किया गया है। सह शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यालय में उपस्थिति के प्रतिशत पर बच्चों के लिए पांच अंक रखे गये हैं। इसमें बच्चों की नियमितता के साथ समयबद्धता का भी ख्याल रखा जाना है। सहयोग की प्रवृति के तहत अन्य बच्चों सहपाठियों के साथ सद्भाव, व्यवहार व मदद की भावना तथा शिक्षकों एवं वरीय कक्षा के छात्रों के प्रति व्यवहार आदि पर चार अंक तक मिलेंगे। वर्ग में सक्रियता के तहत गणितीय खेल संबंधी गतिविधियां एवं कविता करने पर आठ अंक रखे गये हैं। प्रश्न पूछना के तहत 10 अंक निर्धारित किए गए हैं। अभिव्यक्ति के तहत पूर्व निर्धारित विषय यथा स्वच्छता, बाढ़, भूकम्प, अग्निकांड, यातायात आदि पर भाषण, लॉटरी से चयनित विषय पर तीन से पांच मिनट का धाराप्रवाह भाषण तथा निर्धारित विषय पर वाद-विवाद पर 15 अंक निर्धारित किया गया है।

# दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के निबंधन की प्रक्रिया को गति देने का दिया गया निर्देश

## श्रम अधीक्षक ने ग्रहण किया पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के श्रम अधीक्षक के पद पर रतीश कुमार श्रम अधीक्षक जमुई के द्वारा सोमवार को अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया गया। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 28 फरवरी को दुर्गा शंकर प्रसाद के सेवानिवृत्त होने के पश्चात यह पद रिक्त हो गया था। जिसके बाद विभागीय आदेश के आलोक में रतीश कुमार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के दौरान जिला श्रम कार्यालय में कार्यरत श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। योगदान के उपरांत उन्होंने कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की तथा विभागीय गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में बाल श्रम किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशों के आलोक में बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाल श्रमिकों की पहचान, विमुक्ति तथा उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज गति से संचालित करने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने श्रम विभाग से संबंधित राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए लेबर सेस की वसूली में तेजी लाने तथा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के निबंधन की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया। ताकि अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों को विधिवत निबंधित कर श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने ठेका मजदूर (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के तहत सभी संवेदकों से लाइसेंस प्राप्त कर ही कार्य करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस कार्य करने वाले संवेदकों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जरूरतमंद श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता होगी। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। श्रम अधीक्षक ने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके कल्याण तथा श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में ईद व छठ पूजा मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** आगामी ईद-उल-फितर एवं चैती छठ पर्व के मद्देनजर जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, बेगूसराय, नगर आयुक्त, नगर निगम, अपर समाहर्ता, बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी, बेगूसराय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेगूसराय सहित जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों द्वारा ईद-उल-फितर एवं चैती छठ के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष जांच अभियान चलाने की अपील की गई। जिला पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की बातों को विस्तारपूर्वक सुना तथा उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों को ईद-उल-फितर एवं चैती छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मस्जिदों एवं गांधी स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए एकत्रित होते हैं, जिससे भीड़-भाड़ की स्थिति बनती है। ऐसे सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ईद पर्व के मद्देनजर शहर में विशेष रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा गांधी स्टेडियम में होने वाली नमाज के लिए साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश नगर आयुक्त, नगर निगम को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि ईद-उल-फितर एवं चैती छठ जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पवित्र अवसरों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले भर में किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटनाओं पर संवेदनशीलता के साथ सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय जिला ऐतिहासिक रूप से आपसी सौहार्द, सद्भावना एवं समरसता के लिए जाना जाता रहा है। इसके बावजूद किसी भी संभावित असामाजिक तत्वों के नकारात्मक मंसूबों से सख्ती से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए फीडबैक को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट को चिन्हित कर उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उत्पादन में उत्कृष्ट, सुरक्षा में अव्वल और समाज के विकास में अग्रणी है एनटीपीसी कांटी

## शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास में नई पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कांटी (मुजफ्फरपुर)।** एनटीपीसी कांटी बिजली उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। यह बातें सोमवार को एनटीपीसी कांटी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान परियोजना प्रमुख श्री संजीब कुमार सुआर ने कही। उन्होंने बताया कि सुरक्षा मानकों के मामले में भी कांटी स्टेशन अग्रणी है। सभी कर्मचारियों की कार्यकुशलता और समर्पण के कारण स्टेशन ने निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस वर्ष ऐश यूटिलाइजेशन का स्तर 126 प्रतिशत तक पहुँचना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि



एनटीपीसी कांटी स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करता है तथा पिछले चार वर्षों में किसी भी दुर्घटना में मृत्यु की घटना नहीं हुई है। साथ ही बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना प्रमुख ने कहा कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी एनटीपीसी कांटी हमेशा अग्रणी रहा है। आसपास के गांवों में प्रत्येक सप्ताह मेडिकल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे अब तक हजारों ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं। गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एक विशेष एम्बुलेंस सेवा भी शुरू की गई है, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयाँ और आवश्यक परीक्षण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए 'बालिका सशक्तिकरण अभियान' के तहत हर वर्ष कांटी क्षेत्र की 40 बालिकाओं को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। महिलाओं की आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण, बेकरी प्रशिक्षण एवं अचार निर्माण जैसे कौशल विकास कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सड़क और नाला निर्माण जैसे कार्य किए जा रहे हैं तथा आसपास के स्कूलों में अब तक लगभग 900 डेस्क वितरित किए जा चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एनटीपीसी कांटी द्वारा अब तक 70,000 से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है। युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 18 विद्यार्थियों को सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, हाजीपुर में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था, जिनमें से सभी 18 विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कांटी द्वारा इस वर्ष कई नई पहलों की शुरुआत की गई है, जो समाज के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर देबेश पाढ़ी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), महेश सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सभी विभागाध्यक्ष, तथा मानव संसाधन, सीएसआर एवं प्रचालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्नातक छठे सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, ने स्नातक (यू.जी.) छठे सेमेस्टर सत्र 2023-27 के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार छात्र-छात्राएं 15 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्टूडेंट पोर्टल के माध्यम से अपना परीक्षा फॉर्म भरना होगा। निर्धारित समयावधि के भीतर ही फॉर्म भरना अनिवार्य होगा, अन्यथा बाद में किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते अपने सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें और निर्धारित अवधि के भीतर ही फॉर्म जमा करें।सूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति का प्रमाण-पत्र महाविद्यालय के प्रधानाचार्य या अधिकृत अधिकारी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा है कि जिन विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म को संबंधित महाविद्यालय द्वारा सत्यापित नहीं किया जाएगा, उनका प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड नहीं हो सकेगा। इसलिए सभी विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय पर अपने कॉलेज से फॉर्म का सत्यापन अवश्य करवा लें। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगी। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा तिथि की घोषणा की जाएगी।

## एलएलबी छात्रों के पंजीयन के लिए जारी की अधिसूचना

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने एलएलबी सत्र 2025-2028 के छात्रों के पंजीयन को लेकर अधिसूचना जारी की है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इसके अंतर्गत वे सभी छात्र-छात्राएं शामिल होंगे जिन्होंने एलएलबी पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों में बाहर के विश्वविद्यालयों से आकर नामांकन कराया है। ऐसे विद्यार्थियों के पंजीयन आवेदन 16 मार्च से 24 मार्च 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के भीतर ही आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा, ताकि छात्रों का पंजीयन समय पर किया जा सके। पंजीयन प्रपत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। इसमें प्रव्रजन प्रमाण पत्र की मूल प्रति, अंक पत्र तथा नामांकन की रसीद शामिल है। इन दस्तावेजों के बिना पंजीयन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। एलएलबी पाठ्यक्रम में नामांकित ऐसे छात्र जो अन्य विश्वविद्यालयों से स्थानांतरित होकर यहां पढ़ाई कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे अपने यहां अध्ययनरत छात्रों को इस संबंध में सूचित करें और समय पर पंजीयन की प्रक्रिया पूरी करवाएं।

# भगवान की वांगमयी मूर्ति है श्रीमद्भागवत, दर्शन-श्रवण से कृतार्थ होते हैं सभी प्राणी : आचार्य भारतभूषण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** वासन्तिक नवरात्रोत्सव, वर्ष प्रतिपदा एवं श्रीराम नवमी महोत्सव के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ जगदेव नगर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। श्रीसनातन शक्तिपीठ संस्थान द्वारा संचालित आध्यात्मिक सत्संग मंडल के तत्त्वावधान में आज भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें जगदेव नगर, विष्णु नगर, गणेश पुरी, अनाईठ, भेलाई आदि इलाकों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिदेव मंदिर जगदेव नगर से श्री शिव मंदिर भेलाई तक की यात्रा की। श्रीमद्भागवत और कलश सिर पर लेकर शताधिक



स्त्री-पुरुषों ने पंचांग पूजन, शिवपंचायतन पूजन, श्रीमद्भागवत पूजन तथा वरुण पूजन किया। इस अवसर पर श्रीमत्सनातन शक्तिपीठाध्यक्ष प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि यज्ञ ही जीवन है जिसका आधार पवित्र-शुद्ध जल है। इसलिए यज्ञ के आरंभ में पवित्र जल लाने की विधि है जिससे देवताओं की ठीक ढ़ंग से पूजा हो सके। जल, जल के स्रोत तथा जलाशय पवित्र रहें और सभी को शुद्ध जल सुलभ हो, यह यज्ञ का संदेश है। आचार्य ने कहा कि जिस प्रकार भगवान की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व नगर भ्रमण करती है और उत्सव मूर्तियों के दर्शन समय-समय पर सभी को सुलभ होता है उसी प्रकार सप्ताह यज्ञ की प्रतिष्ठा के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की वांगमयी मूर्ति श्रीमद्भागवत जी की शोभायात्रा और नगर भ्रमण होता है जिनके दर्शन, श्रवण आदि से सारे जीव कृतार्थ हो जाते हैं। कार्यक्रम के सचिव त्रिलोकी नाथ सिंह ने बताया कि कल से 23 मार्च तक अपराह्न तीन बजे से श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन होगा। कार्यक्रम में संयोजक बृजबिहारी सिंह, त्रिलोकी नाथ सिंह, वासुदेव सिंह, जगदीप नारायण ओझा, अभिमन्यु सिंह, विद्याशंकर सिंह, प्रमोद राय, श्रीकृष्ण प्रसाद गुप्ता आदि ने सारी व्यवस्थायें संभालकर यात्रा एवं अनुष्ठान संपन्न कराया।

# बच्चों ने नाट्यकला, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जीता दिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शाहपुर (भोजपुर)।** प्रखंड के सरना गांव स्थित सुविज्ञ शिशु मंदिर विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद एम.के. मिश्रा, विशिष्ट अतिथि हरेंद्र कुमार उर्फ पिंटू भैया, गुरुमारू दुबे, रामअवतार मिश्र तथा विद्यालय के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद एम.के. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब यह आधुनिक तकनीक पर आधारित हो चुकी है। ऐसे में बच्चों



को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा वे प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पीछे छूट जाएंगे। अन्य वक्ताओं में शिक्षाविद हरेंद्र कुमार, रामअवतार मिश्र, भाजपा नेता अंकित पांडे तथा मुकेश मिश्र ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें ऊर्ज़ावान, संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जो बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करती है। विद्यालय के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और नवीनतम तकनीक आधारित शिक्षा देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित लघु नाटक पर्यावरण का मंचन बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली रहा, जिसकी दर्शकों ने जमकर सराहना की। इसके अलावा भाव नृत्य, प्रहसन तथा अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया।समारोह के अंत में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेन्द्र पांडे, सलोनी कुमारी, स्वेता कुमारी, सुनैना कुमारी, अनिल सिंह समेत कई शिक्षक, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कंटेनर से 36 लाख का विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की नोएडा कि ओर से ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब हाजीपुर बिहार की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। सोमवार को वाहन जांच के क्रम में मद्यनिषेध इकाई पटना, बिहार के सहयोग से मोहनिया-आरा मेन हाइवे पर



जगदीशपुर थाना के नारायणपुर टोल प्लाजा के पास से एक 6 (छः) चक्का कंटेनर से भारी मात्रा विदेशी शराब बरामद किया गया, मौके से कंटेनर के चालक उत्तर प्रदेश के एटा जिले के जयथा थाना अंतर्गत बरौलिया गांव निवासी वैद्यनाथ सिंह के पुत्र विपिन कुमार एवं उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदरा थाना अंतर्गत टिकरी कला गांव निवासी राजकुमार का पुत्र ब्रजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया दोनों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त वाहन से कुल 9540 पीस में 2973.60 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 36 लाख के करीब आँका गया। जब्त शराब को नोएडा से हाजीपुर (बिहार) ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार, के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# बधिर समुदाय के विकास को लेकर बधिर सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के बधिर समुदाय के विकास, अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहला बिहार बधिर सम्मेलन 15 मार्च 2026 को भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बधिर समुदाय के सदस्य, विभिन्न बधिर संगठनों के प्रतिनिधि तथा समाज के समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सांकेतिक भाषा (भारतीय सांकेतिक भाषा आई एस एल) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बधिर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, रोजगार, सुलभता (सरल उपयोग) और समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा



करना था। कार्यक्रम में बधिर समुदाय के भीतर एकता, नेतृत्व और अधिकारों के लिए सशक्त आवाज़ को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कई प्रमुख अतिथि उपस्थित रहे। ऑल इंडिया फ़ेडरेशन ऑफ द डेफ (एआईएफडी), नई दिल्ली के महासचिव रोशन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने अपने संबोधन में राज्य स्तर पर बधिर संगठनों को मजबूत करने तथा पूरे देश में बधिर व्यक्तियों के अधिकार, सम्मान और पहचान को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से भी प्रतिनिधि शामिल हुए। ऑल उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ द डेफ (औपैड) के महासचिव अमन सक्सेना तथा संयुक्त सचिव श्री वेद प्रकाश ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बिहार के बधिर समुदाय के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की और उत्तर प्रदेश में बधिर संगठनों को मजबूत करने तथा बधिर व्यक्तियों के अधिकारों और सुलभता को बढ़ावा देने के अपने अनुभव साझा किए। यह सम्मेलन बिहार कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समावेशी सांस्कृतिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया। सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें भारतीय सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देना और मान्यता दिलाना, बधिर विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता, रोजगार के अवसरों का विस्तार, नेतृत्व विकास, तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) और संयुक्त राष्ट्र दिव्यांगजन अधिकार अभिसमय (यूएनसीआरपीडी) के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे शामिल थे। प्रतिभागियों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी सेवाओं में बेहतर सुलभता, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अधिक अवसर तथा बधिर समुदाय के लिए मजबूत वकालत की आवश्यकता है। यह सम्मेलन बिहार में बधिर आंदोलन को मजबूत करने, आपसी सहयोग बढ़ाने और भविष्य के लिए नई पहल शुरू करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि बधिर व्यक्तियों के अधिकार, सम्मान और समाज में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी मिलकर आगे भी निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा

## भोजपुर व जहानाबाद की चोरी की 11 बाइकों के साथ पांच शातिर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** नगर थाने की पुलिस द्वारा एक अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया गया है। चोरी की ग्यारह बाइक के साथ गिरोह के पांच शातिरों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें अधिकतर बाइक आरा नगर, नवादा और जहानाबाद जिले से चोरी गयी थी। सभी बाइकें नगर, बबुरा, बड़हरा, कोईलवर और चांदी थाना क्षेत्र से बरामद की गयी हैं। पुलिस के अनुसार चोरी की इन बाइक का इस्तेमाल अधिकतर अवैध शराब और बालू खनन के धंधे में किया जाता था। गिरफ्तार शातिरों में नगर थाना क्षेत्र के धरहरा अमीर टोला निवासी राम अयोध्या तिवारी के पुत्र राहुल कुमार तिवारी, बड़हरा थाना क्षेत्र के बिंदगावां निवासी स्व. बालेश्वर सिंह के पुत्र हरिओम सिंह, बबुरा थाना क्षेत्र के फुहां गांव निवासी शशि भूषण सिंह के पुत्र राज निक्की उर्फ निक्की सिंह, कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव निवासी सोनेलाल के पुत्र विशाल कुमार और चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी लाल बाबू राय के पुत्र शैलेश कुमार शामिल है। सदर एसडीपीओ वन राज कुमार साह की ओर से सोमवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि



शहर में बढ़ रही चोरी खासकर बाइक की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम गठित की गयी थी। नगर थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम द्वारा तकनीकी जांच के आधार पर चोरों की पहचान शुरू की गयी। उस दौरान सीसीटीवी फुटेज के जरिए धरहरा निवासी राहुल तिवारी की पहचान की गयी। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार करते हुए गिरोह के सदस्यों के नाम भी बताया। उस आधार पर गिरोह के चार अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर नगर, कोईलवर, बबुरा, बड़हरा और चांदी थाना क्षेत्र से चोरी की 11 बाइक भी बरामद कर ली गयी। एसडीपीओ ने बताया कि बरामद बाइक में सात नगर, एक नवादा और एक जहानाबाद जिले से चोरी की गयी है। दो अन्य बाइकों का सत्यापन किया जा रहा है। गिरफ्तार शातिरों से पूछताछ कर बाइक चोरी और गिरोह के बारे में अन्य जानकारी ली जा रही है। टीम में नगर थाने के दारोगा विजय कुमार सिंह, पीएसआई आलोक कुमार और अभिषेक कुमार के अलावे डीआईयू के अधिकारी शामिल थे।

## श्री राम चरित मानस प्रचार मंडल का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**पीरो (भोजपुर)।** भडसर गांव में आयोजित श्री राम चरित्र मानस प्रचार मंडल का 64 वां वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में बनारस, देवरिया गयाजी के अलावे शाहाबाद क्षेत्र के रामकथा वाचकों सहित कई अन्य धार्मिक प्रवचनकर्ता शामिल हुए। मुख्य प्रवचनकर्ताओं में प्रियंका द्विवेदी, ऋतु कुमारी, राजबल्लभ सिंह भोजपुरिया, चिंताहरण जी, रोहित तिवारी आदि ने अपने मनहर कंठ से राम चरित मानस के विभिन्न प्रसंगों की विस्तार से चर्चा कर सुधि श्रोताओं को भावपूर्ण विभोर किया। मौके पर राम चरित मानस प्रचार मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मेश्वर तिवारी ने कहा कि जीवन में धार्मिक, आध्यात्मिक, नैतिक व सांस्कृतिक विचारों व धर्म के प्रति जागरूकता पैदा करने व जन कल्याण की भावना जागृत कर भाईचारा, सौहार्द व विश्वास स्थापित करने की दिशा में राम चरित मानस प्रचार मंडल सतत क्रियाशील है।

# बिहार से राज्यसभा में जाने के बावजूद नहीं बदली लोगों की स्थिति : प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर सोमवार को भोजपुर पहुंचे। दरअसल, प्रशांत किशोर बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे हर जिले में जाकर संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में वे सोमवार को भोजपुर जिले में पहुंचे, जहां उन्होंने आरा में स्थित रॉयल विजन क्लब रिसोर्ट में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं



और संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान प्रशांत किशोर ने विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उसका नतीजा बहुत ही चौंकाने वाला था। उन्होंने कहा कि दस-दस हजार रुपये देकर 202 सीटें जीतने के बाद भी नीतीश कुमार तीन महीने से ज्यादा मुख्यमंत्री नहीं रह पाए। यह परिणाम उनकी लोकप्रियता का नहीं, बल्कि 'मैन्युफैक्चर्ड रिजल्ट' का उदाहरण है। इसलिए 202 विधायक होने के बाद भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ रहा है। इसके साथ ही राज्यसभा चुनाव वोटिंग का जिक्र करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि हर बार लोग बिहार से राज्यसभा में जाते हैं, बावजूद बिहार के लोगों की स्तिथि नहीं बदलती। जो चुन कर जाते हैं वो बिहार में एक ट्रेन को स्टोपेज तक नहीं करवा पाते हैं। प्रशांत किशोर ने एक बड़े मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए बोलें- अभी तक जब से बिहार में नई सरकार का गठन हुआ है तब से बिहार के 50 से ज्यादा ऐसे युवा जो रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में गए हैं, उनकी मृत्यु हो गई है, लेकिन सरकार के किसी नेता या मंत्री के तरफ से किसी बच्चे के लिए अबतक एक ब्यान भी नहीं आया है। मौके पर अभय सिंह, शैलजा सिंह, किरण सिंह, सलमा बेग़म, एस के सिंह, सिद्ध नाथ राय, तथागत हर्षवर्धन, किशोर कुमार मुन्ना, जेपी सिंह, ललन जी सहित अन्य मौजूद थे।

# भास्कर समिति का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** शहर के नागरी प्रचारिणी सभागार में भास्कर समिति भोजपुर के बैनर तले वार्षिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्तांशु भास्कर ने किया। भगवान भास्कर को समर्पित ध्वजरोपण के साथ वैदिक परम्परा से पूजन अर्चन करने के उपरान्त आगत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से हुई। अतिथियों ने अपने सम्बोधन के दौरान समाज में व्याप्त दहेज प्रथा सहित कुछ अन्य कुरीतियों की खात्मा के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने पर बल दिया। इस दौरान सामाजिक कुरीतियों पर चौतरफा प्रहार करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर वर्ष 25 में मैट्रिक से स्नातकोत्तर तक की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को फूल माला, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति के तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। भास्कर प्रभा सम्मान पंडित ब्रजभूषण मिश्र अक्रांत के, परिवार विनित मिश्र को दिया गया। वहीं भास्कर गौरव सम्मान नेहा नुपूर को साहित्य तथा आकाश मिश्र डुमरांव को संगीत के लिए दिया गया।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–236 दिनांक–06.02.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0–09/2025–26 जिसका PR NO-023824(BCD) 2025-26 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण **दिनांक–24.03.2026 को 11:30** बजे अपराह्न में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 026285 (BCD) 2025-26

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के क्रम में आगामी 20 मार्च को औरंगाबाद आयेंगे। उनके आगमन की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हो गयी है। प्रदेश मुख्यालय से प्राप्त सूचना के आलोक में जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी तेज कर दी है। समृद्धि यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार को जहां-जहां जाना है या जिन योजनाओं का निरीक्षण करना है, वहां तक जानेवाली सड़कों को चकाचक करने के साथ आमलोगों से संवाद कार्यक्रम को लेकर भव्य पंडाल बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिले के बारून प्रखंड अंतर्गत मुंशी बिगहा में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा सोमवार को स्थलीय निरीक्षण कर वहां चल रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय से संबंधित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ जिले में संचालित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं कार्यारंभ, जिलास्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक तथा जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभा स्थल, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, संपर्क पथ, हेलीपैड, विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रदर्शनी स्टॉल हेतु निर्धारित स्थल, विभागीय बैठक स्थल तथा आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम में आने वाले आमजन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। जिलाधिकारी द्वारा सभा स्थल पर निर्माणाधीन हेलीपैड का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों की आवश्यक मरम्मत एवं समतलीकरण कार्य शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया, जिससे कार्यक्रम में आने वाले लोगों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, ट्रैफिक नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि समृद्धि यात्रा के अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल आकर्षक एवं जानकारीपूर्ण ढंग से स्थापित किए जाएं, ताकि आम जनता को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सके तथा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, बारून के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों व आमजनों को समय पर प्राप्त हो सिंचाई परियोजना का लाभ : प्रत्यय अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों, भूमि अधिग्रहण की स्थिति एवं अन्य संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना के विभिन्न पैकेजों में चल रहे कार्यों की प्रगति, संसाधनों की उपलब्धता तथा लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव उपस्थित रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया जिला में प्रवेश करती है। इस परियोजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में पैकेज-03 से पैकेज-11 तक कुल 07 पैकेज शामिल हैं,



जिनकी कुल लंबाई लगभग 58.618 किलोमीटर है। परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, अर्थवर्क, कंक्रीट संरचना एवं लाइनिंग सहित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि विभिन्न पैकेजों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई पैकेजों में कार्य संतोषजनक गति से संचालित हो रहा है, जबकि कुछ पैकेजों में संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक मशीनरी जैसे एक्सकेवेटर, डंपर, कंपेक्टर, लाइनिंग पेवर एवं आरएमसी प्लांट लगाए गए हैं तथा मानव संसाधन की भी तैनाती की गई है। पिछले 12 दिनों में लगभग 2.01 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। भूमि अधिग्रहण की स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है। इसमें से लगभग 36.557 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जबकि शेष 4.694 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। बैठक में परियोजना के वितरण प्रणाली से संबंधित कार्यों की स्थिति की भी जानकारी दी गई। वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया संचालित की गई है तथा तकनीकी बोली के मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त विद्युत पोलों के स्थानांतरण, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग तथा एचटी ट्रांसमिशन लाइन से संबंधित कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि परियोजना से संबंधित सभी कार्यों को समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 12 अभियुक्तों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या में 2, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 25 लीटर देसी एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1209 वाहनों की जांच की गई जिसमें 63000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

# समस्याओं के समाधान में नहीं हो अनावश्यक विलंब : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित परिवादियों से एक-एक कर संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कुल 54 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद,



आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रगति की जानकारी परिवादियों को समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासन के प्रति आम जनता का विश्वास और सुदृढ़ हो सके।

# सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित धर्मशाला चौक के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अधेड़ की पहचान फ़ेसर थाना क्षेत्र के फ़ेसर गांव निवासी उमेश शर्मा के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि उमेश फ़ेसर से औरंगाबाद शहर किसी कार्य से संबंधित गए हुए थे। इसी दौरान धर्मशाला चौक के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और घायल उमेश का हाल जाना। इसके बाद बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर लेकर चले गए। वहीं शहर के अदरी नदी के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने पानी लेकर जा रही महिला को टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान अदरी नदी स्थित निवासी मुन्ना शर्मा की पत्नी चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया है।

# लायन्स क्लब ने डॉ. बीके सिंह व सरिता सिंह को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राज्य के प्रख्यात चिकित्सक एवं लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य के उपाध्यक्ष डॉ. ब्रजकिशोर सिंह तथा एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह को लायन्स क्लब की ओर से आज सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सचिव आनंद प्रकाश एवं कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने उन्हें मेमेंटो, क्लब डायरेक्टरी, पेन एवं बैच देकर सम्मानित किया। सम्मान के दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने दोनों के सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान की



सराहना की। इस मौके पर डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि लायन्स क्लब जनसेवा और समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मानवता से जुड़े कार्यों में क्लब की विशिष्ट भूमिका रही है और भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए क्लब के सदस्य तत्पर रहेंगे।

# एलपीजी गैस आपूर्ति की राज्यस्तरीय समीक्षा, जिलों को दिए गए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलों में गैस की उपलब्धता, बुकिंग की स्थिति तथा आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिले में कार्यरत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के नोडल पदाधिकारियों के साथ जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। इसमें प्रतिदिन होने वाली गैस बुकिंग, लंबित बुकिंग की संख्या और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया,



ताकि किसी भी प्रकार की कमी या अव्यवस्था की स्थिति का समय रहते समाधान किया जा सके। मुख्य सचिव ने जिले में उपलब्ध एलपीजी गैस सिलेंडरों के स्टॉक का सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही यदि गैस बुकिंग की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो तो उसकी जांच कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कहीं जमाखोरी या अनियमितता की स्थिति तो नहीं बन रही है। उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से गैस उपलब्ध कराने के लिए जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण रखने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष को सक्रिय करने का भी निर्देश दिया गया। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को इसकी जानकारी देने को कहा गया। साथ ही नियंत्रण कक्ष में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति तीन पालियों में करने का निर्देश दिया गया ताकि आम नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें दर्ज करा सकें तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि जिन गैस एजेंसियों पर असामान्य रूप से भीड़ देखी जा रही हो, वहां आवश्यकता के अनुसार दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। सभी गैस एजेंसियों को प्रतिदिन निर्धारित समय के अनुसार संचालित रखने और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

# घर का ग्रिल उखाड़कर 50 लाख की संपत्ति चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने एक घर की ग्रिल उखाड़कर देर रात सोने-चांदी के जेवरात और कीमती सामान ले उड़े। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गायत्री नगर मोहल्ले की है। घटना को लेकर बिजली विभाग के रिटायर्ड कर्मी राजेश्वर सिंह ने बताया कि रविवार की रात घर के सभी लोग खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। इस घटना की किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह परिवार के सदस्यों की नींद खुली। रोज की तरह पूजा रूम में गए। वहां का दृश्य देखकर होश उड़ गए। कमरे में सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से गहने गायब थे। राजेश्वर सिंह ने बताया कि घर के पिछले हिस्से से सटा हुआ एक खाली प्लॉट है। जहां घनी झाड़ियां उगी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि चोर उसी झाड़ी का फायदा उठाकर पहले खाली प्लॉट में पहुंचे। फिर बाउंड्री पारकर अंदर आए। इसके बाद खिड़की का ग्रिल उखाड़कर कमरे में घुसे और अलमारी का ताला तोड़ दिया। उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए जिसकी कीमत करीब 50 लाख रूपये होगी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# एसपी ने 49 फरियादियों की सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, मारपीट, साइबर ठगी, घरेलू विवाद सहित अन्य कई फरियाद प्रस्तुत किए गए। सोमवार को कुल 49 मामले पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को बारीकी से सुनते हुए संबंधित थानाध्यक्षों एवं संबधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान पुलिस




की प्राथमिकता है जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव थी, उसमें मौके पर ही आदेश जारी किए गए जबकि अन्य मामलों में जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायत सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखी। कई आवेदकों ने बताया कि उनकी शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पा रही थी जिसके बाद वे पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंचे। एसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा पीड़ित पक्ष को इसकी सूचना भी दें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थानों में आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम लोगों को न्याय दिलाना पुलिस की जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के आयोजन से आम लोगों में विश्वास बढ़ा है। लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल से उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा और पुलिस-प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत होगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी सशक्तिकरण पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** ओबरा स्थित सामुदायिक भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सशक्तिकरण तथा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अश्विनी तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार, कौशिक दुबे और कृष्णा भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं, लेकिन जिन लोगों तक अभी इन योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंच पाई है, उन्हें जागरूक कर लाभ दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी उपस्थित लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतुल आनंद, शिवनारायण प्रसाद सोनी, कमल किशोर पांडेय, कृष्णा भगत, धर्मेंद्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बॉडी वॉर्न कैमरा से लैस हुई औरंगाबाद पुलिस

## बॉडी वॉर्न कैमरा के उपयोग को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरज कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बॉडी वॉर्न कैमरा पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से विधि-व्यवस्था ड्यूटी, वाहन जांच अभियान, भीड़ नियंत्रण, छापेमारी, गश्ती और अन्य पुलिस कार्रवाई के दौरान होने वाली गतिविधियों का वास्तविक समय में रिकॉर्ड रखा जा सकेगा। इससे न केवल पुलिस कार्यों की निगरानी आसान होगी बल्कि किसी भी विवाद की स्थिति में सटीक साक्ष्य भी उपलब्ध हो सकेंगे। यह बातें पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभा कक्ष में बॉडी वॉर्न कैमरा के



प्रभावी उपयोग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही गई। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी अंचल पुलिस निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) ने अधिकारियों को कैमरे के संचालन, बैटरी प्रबंधन, डेटा स्टोरेज, फुटेज सुरक्षित रखने की प्रक्रिया तथा इसके उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि ड्यूटी के दौरान कैमरा का उपयोग किस परिस्थिति में अनिवार्य होगा और किन स्थितियों में इसका उपयोग सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों और पुलिस निरीक्षकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को भी बॉडी वॉर्न कैमरा के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित करें ताकि फील्ड ड्यूटी के दौरान इसका प्रभावी और सही तरीके से इस्तेमाल सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण के दौरान कैमरे के उपयोग से जुड़ी विभिन्न तकनीकी जानकारियां प्राप्त कीं और इसके प्रयोग से पुलिस कार्यप्रणाली में आने वाले सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की।

# उल्लास के साथ मनाएं त्योहार, शांति व्यवस्था में दें सहयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारून।** बारून थाना परिसर में सोमवार को ईद, चैती छठ व रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर थानाध्यक्ष अंकित कुमार ने की। बैठक में उपस्थित लोगों के विचार सुनने के बाद अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि बारुण क्षेत्र के लोग हमेशा अमन और शांतिपूर्वक त्योहार का आयोजन करते हैं। उन्होंने ईद के अवसर पर ईदगाह मैदान में नमाज के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसका ख्याल करना चाहिए। चैती छठ पर्व के लिए नगर पंचायत या ग्राम पंचायत में अगर जहां भी छठ पूजा हो रही है, वहां छठ घाटों पर साफ-सफाई और रोशनी की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि इस दौरान नशापान, डीजे, शस्त्र प्रदर्शन के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। रामनवमी के जुलूस को लेकर प्रशासन विशेष रुप से सतर्क रहेगा। अश्लीलता के खिलाफ़ ठोस कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्ग पर संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। बैठक में पूर्व मुखिया सतीश सिंह, सोनु गुप्ता, पिन्टू गुप्ता, मो. सोनू, देव कुमार चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किया।